▸ वर्ष 72 ▸ अंक 246 ▸ पृष्ठ 12+8=20

रीवा, बुधवार 04 जून, 2025

▸ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 09, विक्रम संवत् 2082

▸ **नगर** ▸ मूल्य 5 रुपए

आज के अंक के साथ सत्यकथा

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


> ऊंचाई पर वे ही पहुंचते हैं, जो बदला लेने की नहीं, बदलाव लाने की सोच रखते हैं।
>
> \- ओशो

## आईपीएल-18: दूसरी बार टूटा पंजाब किंग्स का ख्वाब, मात्र 6 रन से बेंगलुरु ने हराया, आरसीबी का 17 साल का सूखा खत्म

# 'विराट' सपना पूरा, चौथे प्रयास में आरसीबी चैंपियन

**अहमदाबाद, जेएनएन।** आखिरकार 2025 में विराट कोहली की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का स्वर्णिम सपना पूरा हो गया। आरसीबी ने मंगलवार को आईपीएल के 18वें सीजन के फाइनल में पंजाब किंग्स को छह रन से हराकर 17 साल के ट्रॉफी के इंतजार को खत्म करते हुए खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही आईपीएल को नया और आठवां चैंपियन मिल गया। आरसीबी का चौथे फाइनल में यह सपना पूरा हुआ। इससे पहले वह तीन बार फाइनल में हार चुकी थी। 2009 में डेक्कन चार्जर्स, 2011 में चेन्नई सुपर किंग्स और 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी को फाइनल में हराया था। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 190 रन का स्कोर खड़ा किया। कोहली ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। जवाब में पंजाब 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 184 रन ही बना सकी। इस तरह श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब अपने पहले आईपीएल खिताब से चूक गई। पंजाब दूसरी बार आईपीएल फाइनल में पहुंचा था। 2014 में केकेआर ने पंजाब को हराया था।




> यह जीत जितनी टीम के लिए है, उतनी ही फैंस के लिए भी है। यह 18 साल लंबा सफर रहा है। मैंने इस टीम को अपना युवापन, अपना स्वर्णकाल और अपना अनुभव दिया है। मैं हर सीजन जब आता हूं, तो इसे जीतने की पूरी कोशिश करता हूं और सब कुछ झोंक देता हूं। इस पल को जीना एक अविश्वसनीय अहसास है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह दिन आएगा। जैसे ही आखिरी गेंद फेंकी गई, मैं भावनाओं में बह गया। मेरा दिल बेंगलुरु के साथ है, मेरी आत्मा बेंगलुरु के साथ है। यह वही टीम है, जिसके लिए मैं आईपीएल में अपना आखिरी मैच खेलूंगा।
>
> **- विराट कोहली**, मैच के बाद



| प्राइज मनी | ऑरेंज कैप | पर्पल कैप | प्लेयर ऑफ द मैच |
|---|---|---|---|
| **20** करोड़ रु. आरसीबी | साई सुदर्शन | प्रसिद्ध कृष्णा | कुणाल पंड्या |
| **13** करोड़ रु. आरसीबी | **759** रन, 15 मैच में | **25** विकेट, 15 मैच में | **02** विकेट, 17 रन |

### नेता प्रतिपक्ष ने की कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की शुरुआत

# भोपाल में राहुल गांधी ने कहा- ट्रंप के एक फोन पर नरेन्दर हो गए सरेंडर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश में दो तरह की विचारधारा चल रही है। एक संविधान को मनाने वाली कांग्रेस की विचारधारा और दूसरी आरएसएस की विचारधारा, जो संविधान को मानती ही नहीं और संविधान को खत्म करना चाहती है। मैं भाजपा और आरएसएस वालों को अच्छी तरह से जानता हूं, इन्हें थोड़ा सा धक्का मारो, तो ये डर जाते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में ट्रंप के फोन पर नरेन्द्र सरेंडर हो गए और जी हुजूर कर ट्रंप के इशारे का पालन किया।

राहुल गांधी मंगलवार को अपने भोपाल प्रवास के दौरान रविन्द्र भवन में संगठन सृजन अभियान की शुरुआत के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि आरएसएस के लोग हमेशा झुकते हैं। उधर से ट्रंप ने एक इशारा किया, फोन उठाया, कहा-मोदी जी क्या कर रहे हो और नरेन्द्र, सरेंडर हो गए। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि भारत ने वर्ष 1071 में अमेरिका की धमकी के बावजूद पाकिस्तान को तोड़ा था। कांग्रेस कार्यकर्ता सुपर पावर से लड़ते हैं, झुकते नहीं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों की आबादी करीब 90 फीसदी है, लेकिन इनकी भागीदारी नहीं है। ऐसे में आज दो तरह के हिन्दुस्तान बन रहे है, एक 90 प्रतिशत वालों का तो दूसरा कुछ चुने हुए लोगों का। ऐसे में हम सुपर पावर बनने की चाहे कितनी भी बातें क्यों न करें, कितने भी दावे क्यों ने किए जाएं, पर ये तभी संभव है, जब हिन्दुस्तान अपनी पूरी ताकत का उपयोग करेगा। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में अधिकारियों ने किसी दलित, आदिवासी, पिछड़े, सामान्य जाति या अल्पसंख्यक से सवाल पूछे बिना ही सर्वे कर लिया।उन्होंने कहा कि इस समय एक बहुत बड़ा वर्ग न कॉर्पोरेट जगत में है, न प्रशासन में। दलितों-पिछड़ों के लिए जो लोग फैसले लेते हैं, वे इन वर्गों से ताल्लुक ही नहीं रखते, जिससे समाज का समग्र विकास नहीं हो पा रहा है।

> देश की संसद में मैंने वादा किया था कि कुछ भी हो जाए, जातिगत जनगणना लोकसभा और राज्यसभा में पारित होगी और सरकार को इसके लिए बाध्य होना पड़ा। देश में जातिगत जनगणना के दो मॉडल हैं। एक तेलंगाना का मॉडल तो दूसरा बिहार का मॉडल। तेलंगाना में हमने लाखों लोगों से सवाल पूछा। हमारी इस प्रक्रिया में वहां के साढ़े तीन लाख से ज्यादा लोगों से मिलकर सवाल निकाले गए। वहां के अधिकारी हर घर पहुंचे और सर्वे से जुड़े सवाल पूछे। इससे हमें पता चला कि प्रदेश में कॉरपोरेट सेक्टर के बड़े पदों पर एक भी दलित, आदिवासी या पिछड़े वर्ग का व्यक्ति नहीं था।
>
> **- राहुल गांधी**, नेता प्रतिपक्ष



### अडानी-अंबानी चीन का माल बेच रहे

राहुल गांधी ने कहा कि देश का पूरा धन कुछ चुनिंदा लोगों के हाथों में सौंपा जा रहा है। सभी स्थानों पर बस दो-तीन लोग ही दिखते हैं। जैसे इनके अलावा देश में कोई और बिजनेस मैन है ही नहीं। अमेरिका में अडाणी पर केस चल रहा है, लेकिन हिन्दुस्तान में वे कुछ भी कर सकते हैं, क्योंकि वे नरेन्द्र मोदी के दोस्त हैं।

### लंगड़ा घोड़ा किसी काम का नहीं

राहुल गांधी ने कहा कि तीन तरह के घोड़े होते हैं। रेस वाला, बारात वाला और लंगड़ा घोड़ा। रेस वाला घोड़ा, दौड़कर आगे बढ़ जाता है। बारात वाला घोड़ा बारात तक ही चलता है और लंगड़ा घोड़ा किसी काम का नहीं होता। हमें रेस का घोड़ा बनना है और दौड़कर आगे जाना है। उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता लड़ने-मरने वाला है। लेकिन कुछ नेता अपने फ्रस्टेशन की वजह से ऐसे बयान दे रहे हैं, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता है। हमें ऐसे नेताओं की कोई जरूरत नहीं है। पार्टी में केवल वहीं लोग काम करेंगे, जो संगठन को मजबूत बनाएं।

(कृपापात्र नहीं बनेंगे पदाधिकारीः पेज-7 पर)

# इंडिया ब्लॉक ने संसद का विशेष सत्र बुलाने पीएम को लिखा पत्र

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑपरेशन सिंदूर पर इंडिया ब्लॉक की मंगलवार को नई दिल्ली में बैठक हुई। इसमें 16 विपक्षी पार्टियों ने हिस्सा लिया। सभी दलों ने पीएम को पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। बैठक के बाद कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा ने कहा-पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में कांग्रेस और विपक्षी दलों ने सेना और सरकार का खुलकर समर्थन किया था। अब विपक्ष को कुछ नहीं बताया जा रहा है। देश को आधी-अधूरी जानकारी दी जा रही है। सरकार प्रतिनिधिमंडल भेजकर पूरी दुनिया को ब्रीफ कर रही है लेकिन संसद को कुछ नहीं बताना चाहती। उधर, शिवसेना (उद्धव) के सांसद संजय राउत ने कहा कि हमने पीएम मोदी को खत लिखा है कि संसद का स्पेशल सत्र बुलाया जाए। अमेरिका के कहने से अगर मोदी जी युद्ध रोक सकते हैं तो विपक्ष के कहने पर संसद सत्र क्यों नहीं बुला रहे हैं?

# आज रीवा आयेंगे मुख्यमंत्री मोहन यादव



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 4 जून को रीवा जिले के मनगवां विधानसभा क्षेत्र के गंगेव आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव रीवा के गंगेव में आयोजित महिला स्वसहायता समूह के सशक्तिकरण सम्मेलन में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ यादव सुबह 11.55 बजे भोपाल से वायुयान से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे डुमना एयरपोर्ट जबलपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री जबलपुर से हेलीकाप्टर द्वारा दोपहर 12.35 बजे प्रस्थान कर 1.30 बजे उमरिया जिले के पाली पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 3 बजे पाली से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर बाद 3.45 बजे हेलीपैड गंगेव पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री गंगेव स्टेडियम में आयोजित विशाल महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कन्या पूजन और दीप प्रज्ज्वलन कर महिला स्वसहायता समूहों के सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे।


माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना

लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से

एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड

द्वारा निष्पादित

ई-नीलामी के माध्यम से इन्वेंट्री बल्क सेल

एन बी सी सी NBCC नवरत्न सीपीएसई

ASPIRE

ईएमडी जमा करने की अंतिम तारीख 05.06.2025

आपके परिवार के लिए आदर्श घर

में एस्पायर गोल्फ होम्स

ईएमडी शुल्कः ₹52.50 करोड़

सेक्टर 4, ग्रेटर नोएडा (पश्चिम), एनसीआर

3 और 4 बीएचके स्पेशियस लक्जरी अपार्टमेंट्स

- आधुनिक सुविधाओं के साथ प्रोजेक्ट
- गौर सिटी मॉल, प्रसिद्ध अस्पतालों और स्कूलों के नजदीक
- इंडिया गेट, आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन: 30 मिनट

ई-नीलामी दिनांक 06.06.2025 को आयोजित की जाएगी

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए इस क्यूआर को स्कैन करें।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट देखें:

www.nbccindia.in | www.receiveramrapali.in

या कॉल करें: 9772907414

कृपया लोकेशन के लिए क्यूआर स्कैन करें।


### इंदौर में बनेगा आईआईटी हब, कैबिनेट ने लगाई मुहर

# कानून व्यवस्था के लिए अब अलग तहसीलदार

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश मंत्रिपरिषद ने मंगलवार को लेबर एक्ट संशोधन पर मुहर लगा दी है। इसी तरह सिंहस्थ 2028 से पहले इंदौर मेट्रो को उज्जैन तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने राजस्व विभाग के 500 पद विलोपित करने और 12 सौ नए पद सृजित करने का भी निर्णय लिया। इसके अलावा मंत्रिपरिषद ने इंदौर में आईआईटी हब बनाने का भी निर्णय लिया। इस बैठक में भी मंत्री विजय शाह भाग लेने नहीं पहुंचे।

पचमढ़ी स्थित राजभवन में कैबिनेट की बैठक राजा भभूत सिंह के शौर्य और बलिदान को समर्पित की गई। बैठक में पचमढ़ी वन्य जीव अभयारण का नाम राजा भभूत सिंह के नाम पर करने का निर्णय लिया गया। बैठक के उपरांत नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट ने श्रम एक्ट के संशोधन से जुड़े प्रस्ताव पर अपनी सहमति जताई है। छोटे और मध्यम स्तर के संस्थानों और उद्योगों पर अनुपालन के बोझ को कम करने के उद्देश्य से तीन श्रम कानूनों में संशोधन की अनुमति दी है। नियोजन के लिए निर्धारित 20 ठेका श्रमिक सीमा को बढ़ाकर 50 ठेका श्रमिक किया गया है।



### कृषि स्टार्टअप्स को दिया जाएगा बढ़ावा

विजयवर्गीय ने बताया कि कृषि तकनीक को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिक विभाग के प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूर कर दिया। इसके लिए इंदौर आईआईटी में एग्रो आईआईटी हब बनाने का फैसला लिया गया है। इसके माध्यम से कृषि तकनीक में बढ़ावा देने के लिए काम किया जाएगा और इस क्षेत्र में युवा वर्ग इसके माध्यम से अपना स्टार्टअप शुरु कर सकेंगे। मंत्रि परिषद ने राज्य शासन की ओर से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम को सहभागीदार बनाए जाने का निर्णय लिया है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी प्रशासकीय स्वीकृति के अनुरूप भारतीय प्रौद्यागिकी संस्थान, इन्दौर को परियोजना की स्थापना के लिए राज्यांश के रूप में वित्तीय वर्ष 2025-26 में राशि रुपए दो करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

### आदिवासी सम्मेलन कराएगी सरकार

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस माह जून में अनुसूचित जनजाति आधारित तीन सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। डिंडौरी के बजाग में 7 जून को बैगा सम्मेलन, बिरसा मुंडा जन्म दिवस पर शहडोल के ब्योहारी में 9 जून को कोल सम्मेलन और 18 जून को शिवपुरी के कोलारस में सहारिया सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

### पांच जून को उज्जैन में वैलनेस समिट

विजयवर्गीय ने बताया कि बैठक से पहले सीएम ने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ अनौपचारिक चर्चा के दौरान बताया कि 5 जून को उज्जैन में वैलनेस समिट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, अध्यात्म और मानसिक स्वास्थ्य जैसे आयामों को केन्द्र में रखकर निवेश और सहयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। समिट में प्रमुख आध्यात्मिक संत, आयुष विशेषज्ञ, नीति निर्माता, वेलनेस टूरिज्म ऑपरेटर और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय निवेशक भाग लेंगे।

राहुल का संकेत कांग्रेस में कृपा पात्र नहीं बनेंगे पदाधिकारी (पेज 07)



### महिला स्वसहायता समूहों के सम्मेलन में करोड़ों के निर्माण कार्यों की रखी जायेगी नींव

# आज गंगेव आयेंगे मुख्यमंत्री, देंगे कई सौगातें

**गढ़ को कालेज सहित मागों के पूरा होने की संभावना, स्थानीय विधायक रखेंगे मांग पत्र**

**उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल व प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल होंगे शामिल**



जागरण, रीवा

प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पहली मनगवां विधानसभा की धरती पर कदम रखेंगे। वह गंगेव स्टेडियम आयोजित महिला स्वसहायता समूहों के सम्मेलन में बतौर मुख्यअतिथि शामिल होंगे। मनगवां क्षेत्र के विकास के लिए वह आज कई सौगातें देंगे। जैसा कि वह हर दौर में संबंधित क्षेत्र को कुछ न कुछ देते हैं इसलिए गढ़ में कालेज की बहुप्रतीक्षित मांग पूरा करेंगे ऐसी लोगों को उम्मीद है। इस अवसर पर वह करोड़ों के निर्माण कार्यों की नींव रखेंगे। स्थानीय विधायक इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति क्षेत्र की जनता की मांग अनुसार कई मागें मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे। सम्मेलन दोपहर 3 बजे आरंभ होगा जबकि मुख्यमंत्री 3:45 पर गंगेव पहुंचेंगे। उमरिया से हैलीकाप्टर द्वारा गंगेव पहुंचेंगे। महिला स्वसहायता समूहों के सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ यादव विद्युत चलित शैलाचाक का वितरण व उससे निर्मित मिट्टी के बर्तनों का अवलोकन करेंगे। कार्यक्रम में अतिथियों के स्वागत के बाद मनगवां विधायक नरेन्द्र प्रजापति स्वागत उद्बोधन देंगे। इसके बाद सांसद जनार्दन मिश्र का उद्बोधन होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री और रीवा जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का उद्बोधन होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आजीविका उन्नयन के द्वारा आर्थिक रूप सशक्त हुई स्वसहायता समूहों की महिलाओं से संवाद करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में इसके बाद मुख्यमंत्री हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन से होगा।

## विधायक के साथ अधिकारियों ने तैयारियों का का लिया जायजा



गंगेव स्टेडियम में आयोजित महिला स्वसहायता समूह सम्मेलन की तैयारियों का अधिकारियों ने जायजा लिया। इस अवसर पर विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी राजेश सिंह तथा कलेक्टर प्रतिभा पाल ने दौरे की तैयारियों का मौके पर जायजा लिया। अधिकारियों ने हेलीपैड स्थल तथा मुख्य कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण सम्मेलन में शामिल होने वाले हितग्राहियों के बैठने की सेक्टरवार व्यवस्था करें। हितलाभ वितरण वाले हितग्राहियों को मंच के समीप बैठने के लिए स्थान सुरक्षित करें। पंडाल के प्रत्येक सेक्टर में कार्यपालन यंत्री पीएचई और नगरीय निकाय मिलकर पेयजल की समुचित व्यवस्था करें। प्रत्येक सेक्टर में एक अधिकारी और कर्मचारी पेयजल की आपूर्ति के लिए तैनात रखें। सभी सेक्टर में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारी कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए समुचित प्रबंध करें। कमिश्नर ने अधिकारियों को मंच व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा साउंड व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद पंचायत गंगेव के अध्यक्ष विकास तिवारी आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, जिपं सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, प्रभारी पुलिस अधीक्षक विवेक लाल तथा प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 49.97 करोड़ रुपए के कार्यों का होगा शिलान्यास व लोकार्पण

गंगेव में आयोजित महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण समारोह में 49 करोड़ 97 लाख रुपए के कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव 29 करोड़ 39 लाख रुपए की लागत के 6 निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री मनगवां विधानसभा क्षेत्र में 10 उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इनमें उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन भदावल, छत्रगढ़, कोट, हकरिया, अमहा, बेलवा पैकान, घोपी, जोरौट, परासी तथा रक्सा-माजन शामिल हैं। इनकी कुल लागत 6 करोड़ 50 लाख रुपए है। प्रत्येक उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन के लिए 65 लाख रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत 6 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले 11 अमृत सरोवर, एक करोड़ पाँच लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले 7 सामुदायिक पार्क और एक करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले 5 सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री 4 करोड़ 48 लाख रुपए की लागत से बनने वाली जोधपुर नम्बर एक से मुरली पहुंचमार्ग और 9 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगेव के 50 बिस्तरीय भवन निर्माण कार्य का भी शिलान्यास करेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ यादव 20 करोड़ 58 लाख रुपए की लागत के 2 निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे। मनगवां विधानसभा क्षेत्र में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक सात के तिवनी जंक्शन मनगवां में भूतल परिवहन मंत्रालय के ईपीसी योजना अन्तर्गत छः लेन के ओव्हर ब्रिज का लोकार्पण करेंगे। इसका निर्माण 14 करोड़ 85 लाख रुपए से कराया गया है। वहीं मनगवां में 6 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया है। इसके उन्नयन में 5 करोड़ 73 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। मुख्यमंत्री इन दोनों कार्यों का लोकार्पण कर आमजनता को सौगात देंगे।

### उप मुख्यमंत्री भी होंगे शामिल



उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल 4 जून को सुबह 8.30 बजे भोपाल एयरपोर्ट से प्रस्थान कर सुबह 10.20 बजे रीवा एयरपोर्ट पहुंचेंगे और निज निवास के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके बाद उप मुख्यमंत्री दोपहर 2.30 बजे गंगेव विधानसभा क्षेत्र में गंगेव स्टेडियम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण सम्मेलन में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री शाम 5.45 बजे मनगवां से प्रस्थान कर शाम 6.15 बजे रीवा आएंगे और शाम 7.55 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### मुख्यमंत्री के साथ आयेंगे प्रभारी मंत्री



पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री और रीवा जिले के प्रभारी मंत्री प्रह्लाद पटेल आज मुख्यमंत्री के साथ ही गंगेव आयेंगे ओर उनके साथ ही भोपाल रवाना होंगे। प्रभारी मंत्री श्री पटेल उमरिया से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ दोपहर 3 बजे हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 3.45 बजे गंगेव हेलीपैड पहुंचेंगे और मनगवां विधानसभा क्षेत्र गंगेव स्टेडियम में आयोजित महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण सम्मेलन में मुख्यमंत्री जी के साथ शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद मंत्री श्री पटेल मुख्यमंत्री डॉ यादव के साथ शाम 5.45 बजे मनगवां से प्रस्थान कर शाम 6 बजे रीवा आएंगे और शाम 6.10 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# ई-बसों के संचालन के लिए फिर से टेण्डर की तैयारी

**चार बार टेंडर निकाले गये, नहीं मिले बस ऑपरेटर**

**जागरण, रीवा।** जिले में सूत्र सेवा के तहत ई-बसों का संचालन किया जाना है लेकिन ई-बसों के संचालन के लिए कोई आगे नहीं आ रहा है। राज्य शासन द्वारा जिले में 6 ई-बसों के संचालन को मंजूरी प्रदान कर दी गई है। नगर निगम की ओर से शासन को 18 ई-बसों के संचालन का प्रस्ताव भेजा गया था लेकिन मंजूरी 6 बसों की ही मिली है। इसके लिए नगर निगम द्वारा 4 मर्तबा टेंडर निकाला जा चुका है किंतु बस ऑपरेटरों द्वारा रुचि न लिए जाने के कारण ई-बसों का संचालन शुरू नहीं हो पा रहा है। नगर निगम द्वारा एक बार फिर से ई-बसों के संचालन के लिए टेण्डर किये जाने की तैयारी की जा रही है। ई-बसों की सवारी के लिए आमजनता को तब तक इंतजार करना होगा जब तक कोई बस संचालक नहीं मिल जाते। गौरतलब है कि प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए राज्य शासन द्वारा सन् 2020 में डीजल से चलने वाली बसों के प्रस्ताव को खारिज कर ई-बसों के संचालन का निर्णय लिया गया था, किंतु चार वर्ष बीत जाने के पश्चात भी शासन की यह योजना रीवा जिले में सड़क पर नहीं उतारी जा सकी है। निगम के परिवहन अधिकारी मुरारी कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष राज्य शासन को 18 ई-बसों के संचालन का प्रस्ताव भेजा गया था। जिस पर शासन ने 6 ई-बसों के संचालन को मंजूरी प्रदान कर दी है। जिले में सूत्र सेवा के तहत वर्तमान में लोगों को यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 23 बसें चलाई जा रही हैं। इसके लिए अभी और बसों के संचालन की आवश्यकता है इसके लिए कई बार टेंडर बुलाये गये लेकिन अभी तक इसके लिए कोई आगे नहीं आया है। राज्य शासन द्वारा सूत्र सेवा के तहत ई-बसों के संचालन का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। ई-बसों के संचालन के लिए भी बार-बार टेंडर निकाला जा रहा है लेकिन कोई भी बस ऑपरेटर सामने नहीं आ रहे हैं। इस कारण राज्य शासन का यह महत्वपूण प्रस्ताव प्रारंभ नहीं हो पा रहा है।

### शहर में सिटी बस सेवा भी पर्याप्त नहीं

रीवा शहर महानगर बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। शहर का क्षेत्रफल और आबादी बढ़ती जा रही है लेकिन उस अनुपात में शहर में सिटी बस सेवा का संचालन नहीं किया जा रहा है। सिटी बस पर्याप्त संख्या में न होने से ऑटो चालकों द्वारा मनमानी किराया वसूल किया जाता है। किसी भी ऑटो में किराया सूची न होने से अक्सर विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है। इन्हीं सब समस्याओं से छुटकारा दिलाने एवं गरीब जनता को परिवहन की सस्ती एवं वैकल्पिक व्यवस्था मुहैया कराने के उद्देश्य से सन् 2016 में अमृत 1.0 योजना के तहत सरकार ने शहर एवं बाहर के लिए 60 बसों के संचालन का निर्णय लिया था। सितम्बर 2018 में शहर में सूत्र सेवा के नाम से सिटी बसों का संचालन प्रारंभ किया गया। वर्तमान में शहर में और शहर से सटे कस्बों के लिए 11 बसें चलाई जा रहीं हैं। इसके अलावा 6 बसें सतना के लिए, 4 बसें जबलपुर के लिए एवं 2 बसें छतरपुर तक चलाई जा रही हैं।

## दिन में भी जल रही स्ट्रीट लाइटों में नहीं किया सुधार



**जागरण, रीवा।** लाडली लक्ष्मी मार्ग स्थित सड़क व नदी किनारे लगी स्ट्रीट लाइटें पिछले चार दिनों से दिन में भी रोशन रहती हैं, जिससे व्यर्थ ही बिजली की खपत हो रही है। इधर जहां बिजली बेकार ही खर्च हो रही है वहीं बिजली बचाने शहर के विभिन्न मोहल्लों में बिजली कटौती की जा रही है। जिससे लोग मारे गर्मी व उमस के हलाकान हो रहे हैं। दैनिक जागरण द्वारा दोपहर भर जगमगाते लैंपों का समाचार प्रकाशन कर जिम्मेदारों को चेताया भी गया, लेकिन चार दिन बाद भी उनकी आंखें नहीं खुली। जिम्मेदारों की इस लापरवाही का प्रमाण मंगलवार दोपहर को भी देखने को मिला, मंगलवार दोपहर को भी लाडली लक्ष्मी मार्ग में स्ट्रीट लाइटें जगमगाती रहीं। व्यर्थ खर्च हो रही बिजली का भार जनता के मत्थे होगा।

# सड़क पर ईंट-बालू रखकर यातायात बाधित करने पर कटा 5,000 रु. का चालान



**जागरण, रीवा।** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर चलाए जा रहे नियमित अतिक्रमण विरोधी अभियान पर निगम अमले द्वारा सख्त कार्यवाही की जा रही है। मंगलवार को वार्ड 16 डॉ. करण ज्योति की क्लीनिक के पास रोड पटरी में शिवेंद्र सिंह के द्वारा भवन निर्माण सामग्री जिनमें रेत व ईंटा रखकर आवागमन बाधित किया जा रहा था, जिसे मौके पर हटवाने के साथ ही 5000 रु. की चालानी कार्रवाई की गई। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 30 में मुन्ना किराना के सामने बिना भवन अनुज्ञा के चल निर्माण कार्य को उपयंत्री नरेंद्र जोगी ने दल के साथ पहुंच कर बंद कराया तथा नाली पर किये गये अतिक्रमण को हटाये जाने की कार्यवाही की गई। इन्हे समझाइश दी गई कि बिना भवन अनुज्ञा के निर्माण कार्य कराये जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। वार्ड 16 में शैलेंद्र पांडे के द्वारा रोड पटरी पर जाली लगाकर कब्जा किया जा रहा था, जिसे हटाये जाने की कार्यवाही की गई एवं ढेकहा से बनकुइयां रोड में अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि शहर की सुंदरता, यातायात व्यवस्था और आमजन की सुविधा के लिए अतिक्रमण पर कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करने से बचें, अन्यथा नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। चालानी कार्यवाही में अतिक्रमण सहायक ज्ञानेन्द्र द्विवेदी के साथ अतिक्रमण अमला उपस्थित रहा।

## बिना सूचना गायब रहने पर सफाई संरक्षक की सेवा समाप्त

**जागरण, रीवा।** काम में उपस्थित नहीं होने एवं बिना सूचना के लंबे समय तक गायब रहने के कारण नगर निगम के सफाई संरक्षक राजकुमार को सेवामुक्त कर दिया गया है। नगर निगम रीवा में राजकुमार पिता मोहन की सफाई संरक्षक के पद पर नियुक्ति आदेश क्र. 2554 के तहत 17 अक्टूबर 2006 को की गई थी। उनको सफाई कार्य का दायित्व सौपा गया था लेकिन राजकुमार बिना सूचना के लंबे समय तक कार्य से अनुपस्थित रहे तथा कार्य के प्रति लापरवाह रहे। बिना सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित तथा कार्य के प्रति लापरवाही बरतने का सूचना पत्र विभाग द्वारा जारी किया गया, किन्तु दिये गये पत्रों का राजकुमार द्वारा जबाव प्रस्तुत नहीं किया गया। राजकुमार की सेवा समाप्त का इस्तहार सूचना का प्रकाशन कराकर सेवा समाप्त किये जाने की अंतिम सूचना दी गई, जिसमें भी उनके द्वारा कोई जबाव प्रस्तुत नहीं किया। उक्त कृत्य शासकीय आदेश/निर्देश एवं सौंपे गये पदीय दायित्वों के अनुरूप न होकर कार्य के प्रति अनियमितता एवं घोर लापरवाही व स्वेच्छाचारिता का द्योतक है। राजकुमार पिता मोहन सफाई संरक्षक द्वारा बिना किसी सूचना के कार्य से लगातार अनुपस्थित रहने, कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम - 1966 के तहत सेवा समाप्त की गई है।

# नाले, नालियों के ऊपर बने अवैध कब्जे हटाने के निर्देश

**शहर में चल रही सिर्फ सफाई, नाले किनारे व अंदर किए कब्जे अभी भी बरकरार**



**जागरण, रीवा।** भोपाल के अनुविभागीय अधिकारी द्वारा नाला व नालियों में किए गए अवैध कब्जों को हटाने के निर्देश प्रदान किए हैं, ताकि वर्षाकाल में किसी भी इलाके में पानी अवरुद्ध न हो और बाढ़ अथवा जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। रीवा शहर में भी प्रति वर्ष शहर भर के अधिकांश क्षेत्रों में बरसात का पानी भर जाता है, जिससे प्रशासनिक अमले को लोगों को सुरक्षित निकालने के साथ ही जमा हुए पानी की निकासी करने मशक्कत करना पड़ती है। शहर में जलभराव का कारण भी कहीं न कहीं नाले व नालियों में अवैध अतिक्रमण हैं। नाले-नालियों को अवरुद्ध कर दिए जाने से पानी को बहने का स्थान नहीं मिलता, जो बहकर सड़क व घरों में घुस आता है।

**समस्या का स्थाई समाधान नहीं खोजा जा रहा :** शहर में जितने भी नाले हैं, कहां से शुरू हुए और कहां खत्म हुए इसकी जांच की जाए तो संभवतः अधिकतर नाले, नालियों में अवैध कब्जा मिलेगा। जिसके कारण बरसात का पानी अवरुद्ध होता है और खामियाजा शहर के लोगों को भोगना पड़ता है। अमहिया क्षेत्र में पूरे नाले के किनारे लोगों ने पक्का निर्माण कर लिया है। निगम ने अमहिया क्षेत्र में स्वयं ही नाले किनारे दुकान का निर्माण करवा दिया था, नाले का पानी अवरुद्ध हुआ तो दुकान का ऊपरी हिस्सा तोड़ दिया गया, दुकान के जिस हिस्से को कारण पानी अवरुद्ध हो रहा था उसे यथावत छोड़ दिया गया। मैदानी क्षेत्र में 45 फीट का नाला अवरुद्ध कर पांच फीट का बना दिया गया, धिरमा नाला भी कई जगह से सिकुड़ चुका है। ये कुछेक उदाहरण मात्र हैं, वास्तविकता नाले, नालियों की जांच से स्वतः ही सामने आ जाएगी। अवैध कब्जों के चलते बरसाती पानी का केचमेंट एरिया समाप्त होता जा रहा है। जिससे प्रतिवर्ष वर्षाकाल में शहर के वार्डों व निचले इलाकों में जलभराव व बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाती है, इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं खोजा जा रहा।

# वूमेन फॉर ट्री अभियान: महिला स्व-सहायता समूहों को दिया गया प्रशिक्षण

**नगर निगम रीवा में हुआ कार्यक्रम, वैज्ञानिकों ने दी जानकारी**

**पांच स्व-सहायता समूहों की 53 महिलाओं ने निभाई सक्रिय सहभागिता**



**जागरण, रीवा।** पर्यावरणीय संरक्षण एवं हरित आवरण को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नगर निगम रीवा द्वारा वूमेन फॉर ट्री अभियान के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्यों को पौधारोपण विषयक विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में कुल पाँच स्व-सहायता समूहों की 53 महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। इस प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को पौधारोपण के विविध आयामों से परिचित कराना, उन्हें पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक बनाना एवं हरियाली संवर्धन में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना था। प्रशिक्षण सत्र में महिलाओं को पौधारोपण की वैज्ञानिक विधियों, उपयुक्त प्रजातियों के चयन, भूमि की पूर्व तैयारी, समुचित खाद एवं जल प्रबंधन तथा रोपित पौधों की सतत् निगरानी एवं देखभाल जैसे महत्वपूर्ण पक्षों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, रीवा के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. संजय सिंह एवं वनस्पति विशेषज्ञ डॉ. ए.के.पटेल ने विषय का तकनीकी विवेचन करते हुए पौधारोपण की श्रेष्ठ विधियों को साझा किया। उन्होंने यह रेखांकित किया कि भौगोलिक, पारिस्थितिक एवं जलवायुजन्य कारकों को ध्यान में रखते हुए पौधों की प्रजातियों का चयन अत्यंत आवश्यक है, जिससे उनका जीवित रहना एवं दीर्घकालिक पोषण सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में नगर पालिक निगम, रीवा से कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, सिटी मैनेजर अभिमन्यु सिंह एवं प्रीति रोचलानी की विशेष उपस्थिति रही। इसके साथ ही पीएमडीसी से समाज कार्य विशेषज्ञ डिम्पल सिंह ने सामाजिक दृष्टिकोण से पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला एवं समूह की महिलाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी प्रतिभागी महिलाओं को यह संकल्प दिलाया गया कि वे केवल पौधारोपण तक ही सीमित न रहें, बल्कि रोपित पौधों की संरक्षण, संवर्धन एवं संवेदनशीलता के साथ देखभाल करें, जिससे वे पूर्ण विकसित वृक्ष बनकर धरती को नवजीवन प्रदान कर सकें। यह प्रशिक्षण न केवल महिलाओं में पर्यावरणीय चेतना का संचार करेगा, अपितु उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। वूमेन फॉर ट्री अभियान, नारीशक्ति को हरित क्रांति की अग्रदूत बनाकर सतत विकास के मार्ग को सशक्त करता प्रतीत होता है।

# वर्षों से जलकुंभी की चपेट में है बाणसागर कॉलोनी का तालाब

**जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत भी नहीं हुई सफाई, 30 जून तक चलेगा अभियान**



**जागरण, रीवा।** शहर की बाणसागर कॉलोनी के मुख्य द्वार में स्थित तालाब विगत कई वर्षों से जलकुंभी की चपेट में है। तालाब में पानी तो भरा रहता है, लेकिन जलकुंभी होने से मवेशी भी अपनी प्यास नहीं बुझा पाते। जलकुंभी भरी होने से लोग न तो यहां नहाने, कपड़े धोने आ पाते हैं वहीं मवेशी पालक अपने मवेशियों को भी तालाब के नजदीक नहीं जाने देते हैं। प्रदेश भर में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जल स्रोतों की सफाई की जा रही है, लेकिन बाणसागर कॉलोनी तालाब की उक्त अभियान के चलते भी अब तक सुध नहीं ली गई।

**तालाब के कारण भू-जल स्तर बना हुआ है :** कॉलोनी के रहवासियों सहित आसपास के लोगों ने बताया कि यह तालाब काफी पुराना है, जिसमें ग्रीष्मकाल में भी पानी रहता है। इस तालाब के कारण आसपास के क्षेत्र का भू-जल स्तर भी बेहतर बना हुआ है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से तालाब जलकुंभी से पट गया है, जिसकी आज तक सफाई नहीं हुई। पूरे तालाब में सिर्फ जलकुंभी ही नजर आती है, पानी कहीं नजर नहीं आता। कई जिम्मेदार इसे देख भी चुके, लेकिन तालाब से जलकुंभी हटवाने की पहल किसी ने नहीं की। जल गंगा संवर्धन अभियान के चलते तालाब की सफाई होने की उम्मीद थी, किन्तु अभी तक तो कोई तालाब देखने भी नहीं आया। 30 जून को उक्त अभियान समाप्त हो जाएगा, यदि इसके पूर्व तालाब साफ नहीं हुआ तो धीरे-धीरे इसका भी अन्य तालाबों की भांति अस्तित्व कब समाप्त हो जाए, कहा नहीं जा सकता।

### नाला गैंग ने की कई नालों की सफाई

**रीवा।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी थीम के तहत एवं वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुये नगर निगम के नाला गैंग द्वारा अभियान के रूप में लगातार नाला नालियो की सफाई का कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत नाला गैंग द्वारा दिनांक 03 जून को वार्ड 02 विन्ध्य विहार कॉलोनी में गायत्री स्कूल के पीछे का बड़ा नाला साफकराया गया। साथ ही वार्ड 17 एवं 18 में सेलिब्रेशन होटल के पास, पुलिया से लेकर मानस भवन के सामने तक नाले की सफाई कराई गई।

शिक्षकों की आवश्यकता है

| | |
|---|---|
| साइंस : | 2 पद |
| English: | 2 पद |
| Sst | 2 पद |
| प्री-प्राइमरी | 6 पद |

संपर्क करें
पता-विद्या ज्योति पब्लिक स्कूल इटौरा, जिला रीवा (म.प्र.)
7415617198
8827446421

## सीमांकन के लिये कलेक्टर से न्याय की आस



**रीवा।** प्रेमवती पटेल पति स्व. भगवानदीन पटेल निवासी ग्राम बजरंगपुर पटवारी हल्का बंजरंगपुर तहसील हुजूर के द्वारा अपनी भूमि के सीमांकन के लिए दिनांक 21.05.2025 को आवेदन पत्र लोक सेवा केन्द्र मे लगाया गया था, जिस पर पीड़ित महिला ने सीमांकन हेतु कई बार तहसील कार्यालय वृत्त गोविन्दगढ़ जाकर संबंधित अधिकारियों से सम्पर्क किया, इसके बावजूद भी आज दिनांक तक सीमांकन की कार्यवाही नही की गई। जबकि मप्र. शासन राजस्व विभाग के निर्देशानुसार भूमि के त्वरित सीमांकन एवं नामांतरण हेतु अभियान भी चलाया गया था। इसके बावजूद भी सीमांकन न होने से पीड़ित महिला काफी परेशान एवं व्यथित है। सीमांकन की कार्यवाही न होने पर पीड़ित महिला प्रेमवती पटेल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जमीन का सीमांकन कराते हुये न्याय करने की अपील की है। प्रेमवती ने मांग की है।




## इंदौर से रीवा आ रही बस ट्रक से टकराई, एक दर्जन यात्री घायल, जबलपुर के समीप हुई घटना

### जय भवानी ट्रेवल्स की बस में फिर हुआ हादसा



**जागरण, रीवा।** जय भवानी ट्रेवल्स बस में इंदौर से सवार होकर रीवा आ रहे यात्री एक बार फिर दुर्घटना का शिकार हो गए। जबलपुर के पास बस एक ट्रक टैंकर से टकरा गई। हादसे में करीब एक दर्जन यात्रियों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। विदित हो कि पूर्व में भी जय भवानी ट्रेवल्स की बस में बड़ी घटना हुई थी, चोरहटा थाना क्षेत्र के पास बस में हुई पत्थरबाजी में एक चिकित्सक की मौत हो गई थी। जिसके बाद अब फिर से सड़क हादसे में कई यात्री घायल हो गए। बताया गया कि इंदौर से चलकर रीवा आ रही जय भवानी ट्रेवल्स की यात्री बस जबलपुर के समीप मंगलवार की सुबह हादसे का शिकार हो गई। भोपाल जबलपुर मार्ग पर बस सड़क किनारे खड़े पेट्रोल टैंकर में पीछे से जा टकराई, जिससे यह सड़क हादसा हो गया । बस में सवार यात्री विशाल त्रिपाठी निवासी ग्राम सलैया थाना बैकुंठपुर ने बताया कि जबलपुर से 10 किलोमीटर पहले यह हादसा हुआ है। घटना में एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हुए हैं। बस यात्री ने बताया कि जिस वक्त यह घटना हुई सभी यात्री सो रहे थे और जैसे ही पेट्रोल टैंकर से बस पीछे से टकराई तो यात्रियों के बीच चीख पुकार मच गई । बताया गया है कि सड़क हादसे में ज्यादातर घायल रीवा के ही यात्री हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

## विवि में हंगामा करने वाले कथित छात्र नेता फरार, पुलिस कर रही तलाश

### शिकायत के बाद दो पर दर्ज हुआ था मामला, अन्य की हो रही पहचान



**जागरण, रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विवि में बीते माह कथित छात्र नेताओं द्वारा छात्रों को भड़काकर जबरन विवि में हंगामा करा दिया गया। इस हंगामे से जहां विवि में आयोजित परीक्षा तो प्रभावित हुई ही थी, इसके अलावा कुलगुरु के कक्ष में रखे दस्तावेज प्रभावित किए गए थे। मामले की शिकायत विवि प्रशासन द्वारा विवि थाना में भेजी गई थी। जिसमें जांच के बाद पुलिस ने दोनों कथित छात्र नेताओं पर मामला दर्ज कर लिया था। बता दें कि कथित छात्र नेता अमन सिंह बघेल व अर्पित मिश्रा सहित अन्य ने छात्रों को भड़काकर हंगामा किया और कुलगुरु चैम्बर में जबरन घुसते हुए दस्तावेजों को भी प्रभावित किया। इस दौरान परीक्षा भी प्रभावित हुई। जिसके बाद विवि ने इन कथित छात्र नेताओं के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए विवि थाना में शिकायत भेजी थी और एफआईआर कराए जाने की मांग की गई थी। जिसके बाद इन पर मामला दर्ज कर लिया गया। अब पुलिस इनकी तलाश कर रही है। बताया गया कि दोनों कथित छात्र नेता फरार हैं और पुलिस को फिलहाल नहीं मिले हैं।

**और बढ़ेंगे आरोपी :** बता दें कि विवि पुलिस द्वारा घटना से संबंधित सभी सीसीटीवी फुटेज ले लिए गए हैं। जिसमें जबरन हंगामा करने वाले अन्य छात्रों की पहचान की जा रही है, इनको भी आरोपी बनाया जाएगा। माना जा रहा है कि अभी एक दर्जन आरोपी इस मामले और बढ़ सकते हैं। इस संबंध में विवि टीआई हीतेन्द्रनाथ शर्मा ने बताया कि दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामले की जांच अभी जारी है, मामले में और भी आरोपी बढ़ सकते हैं।

## उधारी का पैसा मांगने पर थाने में महिला से बर्बरता

**रीवा।** सतना के सिंधी कॉलोनी से रीवा जोन आईजी कार्यालय पहुंची महिला ने कोलगवां थाना प्रभारी सहित पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित महिला आशा सिंह ने आईजी को दिए शिकायती आवेदन में बताया कि 24 अप्रैल को दोपहर 02.00 बजे वह अपने घर में कार्य कर रही थी तभी कोलगवां थाना पुलिस की सब इंस्पेक्टर अभिलाषा नायक सहित पुलिस पहुंची और जबरन थाना चलने के लिए कहा। जब मना की तो तीन अन्य पुरुष पुलिस वाले जबरन उसका बाल पकड़कर जीप में बैठाकर थाने ले गए। पीड़िता ने बताया कि कोलगवां थाने में मौजूद विश्वविद्यालय रीवा में थाना में पदस्थ महिला आरक्षक साई खान बैठी हुई थीं, जैसे ही वह पहुंची तो गाली गलौज करने लगीं। मना करने पर महिला आरक्षक साई खान व तीन अन्य पुलिस वाले उसके साथ लात-घूसों से मारपीट किये हैं। इतना ही नहीं, उसके गाल व कंधे में नाखूनों से एवं दांतों से काटा गया। पुलिस की बर्बरता से वो बेहोश हो गईं थीं, जब होश आया तो अभिलाषा नायक ने मामले की जानकारी टीआई कोलगवां को दी। जिसके बाद टीआई ने भी गाली गलौज करते हुए धमकी दी कि वह जावेद अख्तर को उधारी में दिए 3 लाख 69 हजार रुपए भूल जाए। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि विवि रीवा थाना से आई महिला पुलिस साई खान ने कहा कि जावेद से उसकी शादी होने वाली है, उससे पैसा लेने की कोशिश की तो झूठे प्रकरण में जेल भिजवा देंगे। महिला ने कहा कि पूरी घटना की जांच थाना में लगे सीसीटीवी फुटेज से भी कराई जा सकती है। पीड़िता ने बताया कि उसका मेडिकल परीक्षण भी कोलगवां थाना के महिला आरक्षक ने जिला चिकित्सालय सतना में कराया था, जिसकी एमएलसी रिपोर्ट भी थाना में रखी है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि कोलगवां टीआई की शह पर उसको जबरन बंधक बनाकर बर्बरता से मारा-पीटा गया। महिला ने बताया कि उसके द्वारा सतना एसपी, रीवा आईजी से लेकर पुलिस मुख्यालय भोपाल व सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई गई है, लेकिन उसे न्याय नहीं मिल रहा बल्कि अब पुलिस उस पर शिकायत वापस लेने का दबाव बना रही है। पीड़िता ने आईजी से पूरे मामले की गंभीरता से जांच करवाकर न्याय की मांग की है।

## पंजाबी ढाबा में दबंगों ने मैनेजर से की मारपीट

**रीवा।** गढ़ थाना क्षेत्र के एनएच में खुले पंजाबी ढाबा में बीती रात पहुंचे दबंगों ने होटल के मैनेजर से मारपीट की। घटना की शिकायत पीड़ित ध्रुव त्रिपाठी पिता सिद्धनाथ त्रिपाठी निवासी ग्राम पिपरहा थाना गढ़ ने दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि वह पिछले 6 माह से पंजाबी ढाबा में मैनेजर के पद पर काम कर रहा है। 2 जून की रात करीबन 12.05 बजे वह ढाबा में बैठकर खाना खा रहा था तभी गढ़ कस्बा के विजय प्रताप सिंह पिता प्रभाकर सिंह, प्रवीण सिंह उर्फ छोटू पिता दिवाकर सिंह एवं उसके साथी ढाबा के अंदर आये और काउण्टर के पास जाकर बोले की तुम लोग इस समय ढाबा में खूब पैसा कमा रहे हो। ढाबा चलाना है तो उन्हें शराब पीने के लिए एक हजार रुपए दे। जब पैसा देने से मना किया तो विजय सिंह और प्रवीण उर्फ छोटू सिंह दोनों गाली गलौज करने लगे और साथ ही मारपीट की गई। पीड़ित ने बताया कि बीच-बचाव के बाद आरोपी ढाबा के सामान को इधर उधर फेंकने लगे, साथ ही ढाबा में रखे गमला व डस्टबिन को भी लात मारकर तोड़ दिया। दीवार में लगे पानी का पाइप भी उखाड़ दिये। पीड़ित ने बताया कि घटना के दौरान ढाबा के अंदर बैठे ग्राहक खाना खा रहे थे जो डर के कारण वहां से भाग गये। फिर ढाबा के अन्य स्टाफ एवं मिथुन पाण्डेय ने आकर बीच बचाव किया, तब प्रवीण उर्फ छोटू सिंह, विजय प्रताप सिंह एवं उसके साथी बोले की यदि पैसा नहीं दोगे तो तुम्हें जान से मार देंगे, जिसके बाद आरोपी धमकी देते हुए बाइक से चले गए। पीड़ित ने पूरी घटना की जानकारी ढाबा मालिक अमित तिवारी को दी जिसके बाद मामले की शिकायत गढ़ थाना में दर्ज करवाई गई है। पुलिस मामला पंजीबद्ध कर घटना की विवेचना कर रही है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** नईगढ़ी पुलिस ने 06 माह से गुम नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने तथा उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत नईगढ़ी थाना में दिसंबर माह में दर्ज करवाई थी। बताया गया था कि घर से 15 साल की नाबालिग लड़की स्कूल गई थी, जिसके बाद वो घर नहीं लौटी। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से गुमशुदा नाबालिग बालिका को भोपाल से दस्तयाब किया था, जिसके बाद पीड़िता ने बताया कि उसे भुपेन्द्र साकेत पिता रामप्रताप साकेत निवासी छुहिया थाना नईगढ़ी अपने साथ भगाकर ले गया जहां शादी करके शरीरिक संबंध बनाया। पुलिस ने मामले में आरोपी भुपेन्द्र साकेत उर्फ गोविन्द साकेत पिता रामप्रताप साकेत 22 वर्ष निवासी छुहिया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## धान के भुगतान के लिए भटक रहे किसान

### कई बार आवेदन दे चुके, हर बार जांच चल रही कहकर चलता कर दिया जाता है



**जागरण, रीवा।** खरीफ फसल में समर्थन मूल्य पर सरकार को धान बेचने वाले किसान रबी फसल का सीजन बीत जाने के बाद भी धान के भुगतान के लिए चक्कर काटने को मजबूर हैं। मंगलवार को फिर दर्जन भर किसान जनसुनवाई में धान का भुगतान करवाने की मांग को लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे, लेकिन इस बार भी उन्हें हर बार की भांति निराशा ही हाथ लगी। धान का भुगतान करवाए जाने की मांग लेकर आए किसानों ने बताया कि हमारे अलावा मनगवां, बेला, सेमरिया आदि क्षेत्रों के सैकड़ों ऐसे किसान हैं जिन्होंने खरीदी केन्द्रों में अपनी धान विक्रय की, लेकिन किसानों को धान का भुगतान आज तक नहीं किया गया। समय पर भुगतान न होने से किसानों का आर्थिक बजट गड़बड़ा गया है। अभी भी उन्हें यही कहा जा रहा है कि जांच चल रही है। किसानों का कहना है कि समितियों में बैठे जिम्मेदारों ने अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरती है, उनकी जांच होना चाहिए, जांच के नाम पर किसानों का भुगतान क्यों रोक रखा है, कई किसान ब्याज पर राशि उठाकर मौसमी फसलें बोते हैं, जिन किसानों ने कर्ज ले रखा है उनका मूल के साथ ब्याज भी बढ़ता जा रहार है, इसकी भरपाई भी किसानों को ही करना पड़ेगी।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट, 3 घायल

### बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के कंदैला गांव की घटना



**जागरण, रीवा।** बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के कंदैला गांव में जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में तीन लोग घायल हुए हैं। पूरी घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। पुराने जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद लाठी-डण्डे चलने लगे। घटना में महिला सहित तीन घायलों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं मामले की शिकायत पर बैकुंठपुर पुलिस घटना की जांच कर रही है। घटना के संबंध में घायल लालजी पटेल निवासी ग्राम कंदैला ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके परिवार के चाचा राजकुमार पटेल से पुराना जमीन विवाद चल रहा है, इसी को लेकर बीती शाम उनके परिवार हमला कर दिया । लालजी ने बताया कि मारपीट की इस घटना के दौरान उनके सहित छोटे भाई सुजीत पटेल और प्रियंका पटेल को चोट आई जिसमें से सुजीत की हालत गंभीर है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि सोमवार की शाम राजकुमार पटेल, आशीष पटेल, राजनाथ पटेल व बाबू पटेल सहित अन्य लोगों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया जिससे तीन लोग घायल हुए हैं। लालजी का आरोप है कि फूलमती जनपद सदस्य हैं जिसके चलते कहीं भी उनकी सुनवाई नहीं होती है। घटना के बाद घायल बैकुंठपुर थाने पहुंचे थे जहां से पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बिना किसी निर्णय के बैठक हुई स्थगित

**रीवा।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ द्वारा संयुक्त संचालक कृषि की बैठक गत 30 मई को संचालक कृषि भोपाल के प्रतिनिधि एवं समिति अध्यक्ष तथा सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित की गई। जिसमें सदस्य सचिव के रूप में सहायक संचालक कृषि सुश्री प्रीति द्विवेदी जो संभागीय कार्यालय स्थापना प्रभारी हैं, भी उपस्थित रहीं। राज्यकर्मचारी संघ का आरोप है कि इनके द्वारा सीआर का मतांकन एवं अन्य कार्यवाही पूर्ण न करते हुए अपनी हठधर्मिता के चलते अवरोध पैदा किया गया। जिसके कारण डीपीसी की कार्यवाही पूर्ण नहीं की की जा सकी और बैठक बिना किसी निर्णय के स्थगित कर दी गई। जिससे संभाग के लाभान्वित होने वाले अधिकारी/कर्मचरियों को समयमान, परिविक्षा अवधि, विनियमितीकरण के लाभ से वंचित होना पड़ा।

## सर्वर की समस्या से परेशान मरीज, लग रही लंबी कतार

### जांच लैब में आए दिन बनी रहती है समस्या, एक काउंटर से भी परेशानी



**जागरण, रीवा।** जिला अस्पताल में मरीजों को निःशुल्क जांच की सुविधा को दे दी गई हैं लेकिन यहां आए दिन सर्वर की समस्या से स्टाफ सहित मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। सर्वर की समस्या के चलते मरीजों को लंबी कतार का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के संबंध में जानकारी विभागीय अधिकारियों को दी जा चुकी है लेकिन जांच कर रही कंपनी द्वारा सर्वर में सुधार नहीं किया जा रहा है। हालात यह हैं कि कई बार तो एक व्यक्ति के सेंपल के लिए वॉयल देने में करीब 10 मिनट का समय लग जाता है। बताया गया कि चिकित्सकों द्वारा लिखी गई जांच के लिए जांच केन्द्र के काउंटर में ब्लड निकालने के लिए वॉयल दिए जाते हैं, इन वॉयल में बारकोड लगाया जाता है, जिसमें कौन-कौन सी जांच मरीज की होनी है, की जानकारी फीड रहती है।

**नहीं बढ़ाया गया काउंटर :** बता दें कि जिला अस्पताल में रोजाना 800-900 लोग कम से कम उपचार के लिए जाते हैं लेकिन यहां जांच लैब में एक ही काउंटर बनाया गया है। इन 900 मरीजों में 70 प्रतिशत को चिकित्सक कोई न कोई जांच लिखते हैं और उन्हें जांच केन्द्र पहुंचना पड़ता है लेकिन यहां एक काउंटर होने से परेशानी और बढ़ जाती है। लंबे समय से कांउटर बढ़ाने की बात की जा रही है परंतु बढ़ाया नहीं गया। जिससे मरीजों की समस्या बरकरार है और सर्वर की समस्या से और परेशानी बढ़ जाती है।

## नहरों की नहीं हुई मरम्मत, सफाई भी नहीं

### जगह-जगह उखड़ा प्लास्टर, गत वर्ष भी फूट चुकी कई नहरें



**जागरण, रीवा।** जिले भर में 400 से 500 किमी क्षेत्र में नहरें बिछी हुई हैं, जिनके माध्यम से किसानों को खेती के लिए जल प्रदाय किया जाता है, लेकिन अधिकांश नहरें देखरेख के अभाव में जर्जर हो चुकी हैं। शहर से निकलने वाली नहर की ही हालत खस्ता हो रही है, देखकर ही प्रतीत होता है कि इस नहर की लंबे समय से न तो मरम्मत की गई न ही सफाई हुई है, जब शहर की नहर का ये हाल है तो अंचलों की नहरों की स्थिति क्या होगी इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। जानकारों की मानें तो बरसात के बाद नहरों की मरम्मत की जाती है, लेकिन नहर की दुर्गति ही नहरों के संधारण में बरती गई लापरवाही दर्शा रही है।

### लंबी-लंबी दरारें पड़ गई

शहर के रतहरा क्षेत्र से क्योंटी मुख्य नहर निकाली गई है। नहर का कई जगह से प्लास्टर उखड़ चुका है तो जगह-जगह लंबी-लंबी दरारें पड़ गई हैं। वर्षाकाल का आगाज होने को है, कई क्षेत्रों में मानसून दस्तक भी दे चुका है, इस वर्ष अधिक बारिश होने का भी अनुमान लगाया गया है, यदि लगातार बारिश होती है तो नहरें भी भर जाएंगी, जर्जर हो चुकी व कई जगह से मुंह फाड़ चुकी नहरें पानी का दबाव कब तक झेल पाएंगी। पिछले वर्षाकाल में भी जिले में कई स्थानों पर नहरें फूटने के मामले आए थे, जिनके कारण किसानों की फसलें तबाह हो गई, लेकिन नहरों का रखरखाव रखने वालों ने इससे भी सबक लेना उचित नहीं समझा। नहरों में पड़ी दरारों से कब पानी फूट पड़े, किनारे की मिट्टी बहा ले जाए, कहा नहीं जा सकता।

## पट्टे की मांग लेकर जनसुनवाई पहुंचे ग्रामीण



### जनसुनवाई में 86 आवेदकों की सुनी गईं समस्याएं

**जागरण, रीवा।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने 86 आवेदकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित आवेदनों को विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने भी जनसुनवाई की। जनसुनवाई में ग्राम गोदरी तहसील मनगवां निवासी ग्रामवासियों ने आवेदन देकर मांग की कि ग्राम गोदरी में आराजी नंबर 08 रकबा 0.615 हैक्टेयर पटवारी हलका लंबर 40 में करीब डेढ़ सौं से अधिक परिवार पिछले 20 वर्षों से निवास कर रहे हैं, लेकिन उन्हें आज तक पट्टे प्रदाय नहीं किए गए। जबकि यहां निवासरत लोगों के गरीबी रेखा के राशन कार्ड, आधार कार्ड, समग्र आईडी वगैरह बने हुए हैं, लेकिन स्थाई आवास का लाभ नहीं है। ग्रामवासियों ने उन्हें शासकीय पट्टे प्रदाय करने की मांग की है।

### आउट सोर्स कर्मचारियों ने की बहाली की मांग



मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से गलत आरोप लगाकर बाहर किए गए आउट सोर्स कर्मचारियों ने जनसुनवाई में आवेदन सौंपकर उनकी बहाली तथा इस प्रकरण से संबंधित सभी उच्च अधिकारी के उपर कठोर कार्यवाही करने की मांग रखी। कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें झूठे आरोप के तहत कार्य से बाहर कर दिया है। कर्मचारियों में से कोई 15 वर्ष से तो कोई 20 वर्षों से कार्य कर रहे हैं, जिस समय उन्हें बाहर किया गया उम्र बढ़ी होने से वे लोग अन्य स्थानों पर भी नौकरी प्राप्त नहीं कर सकते, ऐसे में उनके समक्ष परिवार के पालन पोषण की समस्या खड़ी हो गई है। धरने पर भी बैठे, शहर के वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन सौंपे, वरिष्ठ कार्यालय में भी आवेदन दिए, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया।

### दो साल से नहीं मिला चौकीदार को वेतन



धीरेन्द्र साकेत उर्फ वीरू ने जनुसनवाई में आवेदन दिया कि वह शासकीय उमावि करहिया नंबर-1 में चौकीदार के पद पर कार्य कर रहा है। विद्यालय में आवेदक की पत्नी भी कार्य कर रही है, जिन्हें 2023 से आज दिनांक तक वेतन का भुगतान नहीं किया गया। कई बार तकादा करने पर आश्वासन देते रहे।

### पोखरी में पंचायत भवन का निर्माण



कुइयांकला निवासी पुष्पराज पिता इन्द्रलाल पटेल ने जनसुनवाई में शिकायत की कि ग्राम में शासकीय भूमि खसरा नंबर 1423 में ग्राम पंचायत द्वारा भवन का निर्माण करवाया जा रहा है, जहां पोखरी बनी हुई है वृत मनिकवार में इसकी शिकायत करने पर अनुविभागीय अधिकारी रायपुर कर्चुलियान द्वारा यथास्थिति रखे जाने स्थगन आदेश पारित किया गया, इसके बावजूद पंचायत द्वारा निर्माण कार्य करवाया जा रहा है।

### पुलिया नहीं बना, राशि निकाल ली



ग्राम कुइयांकला निवासी अजय ने शिकायत दर्ज करवाई कि ग्राम पंचायत द्वारा वर्ष 2023 में पुलिया निर्माण के लिए आई राशि आहरित कर ली गई है। पुलिया निर्माण ग्राम की खसरा नंबर 302 में किया जाना था, जो आज तक नहीं किया गया।

### घर में आग लगाने की धमकी



वार्ड नंबर-10 शिवनगर तहसील हुजूर निवासी कुसुमकली कोल ने जनसुनवाई में शिकायत दर्ज करवाई कि उनके पति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पड़ोस में रहने वाला राजबाहोर पिता परमेश्वर कोल दिनभर शराब के नशे में धुत रहता है, जो नशे में उनके घर घुस आता है और जोर जबरदस्ती का प्रयास करता है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता व घर में आग लगा देने को धमकाता है।

## इन्होंने भी की जनसुनवाई में शिकायत



जनसुनवाई में तिघरा निवासी वाल्मीक शुक्ला के सीमांकन कराने, बरा 396 के रामगोपाल मिश्रा के खसरा सुधार कराने, लौवा निवासी नंदकिशोर कुशवाहा के पुनः सीमांकन कराने तथा रौरा निवासी महेन्द्र कुमार के नामांतरण कारक, पाती निवासी रामनिवास यादव ने सड़क दुर्घटना में मृत पत्नी के आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने, गणेश प्रसाद विश्वकर्मा निवासी अमवा के भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने, गहिलवार निवासी प्रदीप कुमार मिश्रा के नक्शा संशोधन, बीड़ा निवासी रामदुलारी ने अवरूद्ध रास्ता खुलवाने, महमूदपुर के जगदीश प्रसाद मिश्रा तथा भेलौड़ी निवासी नागेन्द्र शुक्ला के भूमि अधिग्रहण का मुआवजा दिलाने, नदना निवासी शंकर प्रसाद पाण्डेय खाद्यान्न दिलाने, शांति देवी सेमरिया निवासी के परिवार पेंशन प्रदाय करने, छोटेलाल तिवारी निवासी छत्रपति नगर नाली निर्माण के आवेदन को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर उचित कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

### सात दिवस अनुकंपा नियुक्ति देकर किया बाहर



ग्राम धोबखरा पो. मड़वा तहसील हुजूर निवासी जनकदुलारी पति स्व. कामतादीन यादव ने जनसुनवाई में शिकायत की कि वह पिछले 10 वर्षों से सिविल लाइन 10 नं. सीसीएफ बंगला में रह रही है, उनके पति की ड्यूटी के दौरान 31 जुलाई 2021 में अटैक आने से उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। प्रार्थिया को पति के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति 5 जनवरी 2025 को दी गई तथा 11 जनवरी को डीएफओ ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि बजट नहीं है प्रार्थिया की छुट्टी कर दो बजट आने पर उसे फिर से रख लिया जाएगा कहकर सेवा से बाहर दिया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान से हर किसान को जोड़ें : कमिश्नर

## जल संरक्षण के कार्यों में भागीदारी अनिवार्य रूप से निभाएं



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने विभागीय कार्यों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान में सभी जिलों में तीन-तीन दल ग्राम पंचायतों का भ्रमण करके किसानों को खेती की आधुनिक तकनीक से परिचित करा रहे हैं। मैदानी कर्मचारियों तथा ग्राम पंचायत के सहयोग से विकसित कृषि संकल्प अभियान से हर किसान को जोड़ें। कृषि विशेषज्ञ किसान के पास स्वयं पहुंचकर खेती की आधुनिक तकनीक और कृषि, पशुपालन, मछलीपालन तथा उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें इसके लिए समन्वित प्रयास करें। अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा पात्र किसानों का मौके पर ही आवेदन लेकर विभिन्न योजनाओं के लिए पंजीयन भी किया जा रहा है।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान भावी पीढ़ी को सुरक्षित रखने का अभियान है। शासन के इस महत्वपूर्ण अभियान में हर अधिकारी भागीदारी निभाकर योगदान दे। संभागीय दल में शामिल सभी अधिकारी सप्ताह में दो दिन क्षेत्र का भ्रमण करके जल गंगा संवर्धन अभियान की मानीटरिंग करें और जल संरक्षण कार्य में श्रमदान करें। भ्रमण के दौरान अन्य विभागों की योजनाओं अथवा जन समस्याओं से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचना मिलने पर तत्काल अवगत कराएं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के बाद अभी चार प्रतिशत गेहूं का संभाग में परिवहन शेष है। इसका दो दिवस में सुरक्षित भण्डारण कराकर शेष किसानों को लंबित राशि का भुगतान कराएं। शासन द्वारा उचित मूल्य की दुकानों से वितरण के लिए तीन माह का खाद्यान्न एक साथ आवंटित किया गया है। क्षेत्रीय प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम आवंटित खाद्यान्न का एक सप्ताह में उठाव करके दुकानों में भण्डारण कराएं। खाद्यान्न वितरण के समय शेष बचे हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेशन भी अनिवार्य रूप से कराएं। शासन ने इसके लिए समय सीमा को 15 जून तक बढ़ा दिया है।


कमिश्नर ने कहा कि 31 मई तक सेवानिवृत्त हुए 52 शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण अभी लंबित हैं। संबंधित अधिकारी 7 दिवस में पेंशन प्रकरण अनिवार्य रूप से पेंशन कार्यालय में दर्ज कराएं। शिक्षा, गृह, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, उच्च शिक्षा तथा राजस्व विभाग पेंशन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें। पीएचई, गृह, स्वास्थ्य ऊर्जा, राजस्व तथा श्रम विभाग में लंबित प्रकरणों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। बैठक में कमिश्नर ने महाप्रबंधक उद्योग को स्वरोजगार के प्रकरणों तथा औद्योगिक विकास केन्द्रों की गतिविधियों के विवरण देने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त राजस्व श्रेयस गोखले, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास ऊषा सिंह सोलंकी, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा, संयुक्त संचालक पेंशन एमएस पैकरा तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**प्रभारी एडी के आदेश के आगे मजबूर हो रहे महाविद्यालय के प्राचार्य**

# अतिथि विद्वानों के न रहने पर कार्य होता है प्रभावित, फिर भी करना पड़ रहा कार्यमुक्त

## जीडीसी सीधी में चल रहीं परीक्षाएं, स्टाफ यहां खेल प्रशिक्षण में अटैच

**जागरण, रीवा।** क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा संभाग रीवा से चल रहे अटैचमेंट के खेल से महाविद्यालयों के प्राचार्य परेशान हैं। हालात यह हैं कि स्टाफ के रीवा में अटैचमेंट से महाविद्यालयों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं लेकिन प्राचार्य प्रभारी अतिरिक्त संचालक के फरमान के आगे मजबूर हैं। कई महाविद्यालय ऐसे हैं जहां स्टाफ की कमी से कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसके बाद भी प्रभारी अतिरिक्त संचालक डॉ.आरपी सिंह ने यहां के स्टाफ को रीवा में समर कैंप के लिए अटैच कर रखा है। प्रभारी एडी के द्वारा लगातार कुछ चिन्हित अतिथि विद्वानों को रीवा में किए जा रहे अटैचमेंट का विरोध शुरू हो गया है। मामले की शिकायत संभागायुक्त सहित सीएम हेल्पलाइन में कई लोगों ने की है। ऐसे में जब प्रभारी एडी द्वारा किए जा रहे इस प्रकार के अटैचमेंट को लेकर प्राचार्यों से उनका पक्ष लिया गया तो सभी ने एक स्वर में एक ही बात कही कि कार्य प्रभावित तो हो रहा है लेकिन क्या किया जाए। वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश को दरकिनार नहीं किया जा सकता। प्राचार्य द्वारा बताया गया कि कन्या महाविद्यालय सीधी में तो परीक्षाएं संचालित हो रही हैं लेकिन यहां पढ़ाने वाली महिला अतिथि विद्वान डॉ.ऋतु मिश्रा को समर कैंप में खेल प्रशिक्षण देने के लिए प्रभारी एडी ने कार्यमुक्त कर दिया है। कुछ प्राचार्यों ने अब अपने स्टाफ को वापस दिए जाने के लिए पत्र लिखने की बात भी कही है। राजधानी भोपाल से भी विभागीय अधिकारियों के स्पष्ट निर्देश हैं कि अतिरिक्त संचालक के निर्देशों का पालन किया जाए। यह बात अलग है कि प्रभारी अतिरिक्त संचालक डॉ.आरपी सिंह द्वारा विभागीय अधिकारियों के आड़ में अटैचमेंट कर कुछ चिन्हित अतिथि विद्वानों को लाभांवित किया जा रहा है।



कार्यालय, क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा रीवा संभाग, रीवा (म.प्र.) 486 001

## इतने लंबे अटैचमेंट को बताया गलत

प्रभारी अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ.आरपी सिंह के द्वारा लगातार अतिथि विद्वानों को 5 मई से 25 जून तक समर कैंप के नाम पर अटैच किए जाने को लेकर जानकारों से बात की गई तो उन्होंने इसे गलत बताया और कहा कि एक-दो दिन के लिए ओडी देकर कॉलेज के स्टाफ को कहीं भेजना अलग बात है लेकिन इस प्रकार से लगभग डेढ़ माह के लिए कार्यमुक्त करना समझ के परे है। विभाग के इस प्रकार के कोई निर्देश नहीं हैं कि किसी भी महाविद्यालय के स्टाफ को इतने लंबे समय के लिए कहीं और काम के लिए भेज दिया जाए। इस प्रकार का अटैचमेंट लाभांवित करने की श्रेणी में आता है।

## क्या कहते हैं महाविद्यालयों के प्राचार्य

महाविद्यालय में परीक्षाएं तो चल रहीं हैं लेकिन अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा का आदेश है तो उसका पालन करना पड़ेगा। डॉ.ऋतु मिश्रा को एडी के ही निर्देश पर खेल प्रशिक्षण शिविर के लिए कार्यमुक्त किया गया है।

**डॉ.ओपी नामदेव, प्रभारी प्राचार्य जीडीसी सीधी**

महाविद्यालय में प्रवेश कार्य चल रहा है, रसायन शास्त्र की अतिथि विद्वान डॉ.पूजा गर्ग को खेल प्रशिक्षण शिविर के लिए अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा के आदेश पर कार्यमुक्त किया गया है। वापसी के लिए पत्र लिखेंगे।

**डॉ.आईपी प्रजापति, प्रभारी प्राचार्य शासकीय महा. मड़वास**

कॉलेज में इन दिनों छुट्टी है, खेल नहीं चल रहा है। अतिरिक्त संचालक के आदेश पर ही अतिथि विद्वान डॉ.विजय सिंह को कार्यमुक्त किया गया है। उनके आदेश का पालन तो करना ही होगा।

**डॉ.दिनेश यादव, प्रभारी प्राचार्य शासकीय महा. दिव्यगवां**

उच्च अधिकारी अतिरिक्त संचालक डॉ.आरपी सिंह के आदेश पर अतिथि विद्वान डॉ.अजय सिंह को कार्यमुक्त किया गया है, उनके आदेश का पालन तो करना पड़ेगा।

**डॉ.नीरज मिश्रा, प्रभारी प्राचार्य शासकीय महा. बदेरा**

कार्य प्रभावित होता है लेकिन क्या करें, अतिरिक्त संचालक के आदेश का पालन करना ही होगा। अतिथि विद्वान डॉ.अर्चना गौतम की ड्यूटी समर कैंप के लिए लगाई गई है।

**डॉ.आरके तिवारी, प्रभारी प्राचार्य शासकीय महा. ब्योहारी**

इस प्रकार से 50 दिन के लिए किसी भी महाविद्यालय के स्टाफ को अन्य जगह के लिए कार्यमुक्त समझ के परे है। एक-दो दिन के लिए ओडी में किसी को कहीं भेजा जा सकता है लेकिन इतने लंबे समय से किसी अतिथि विद्वान व अन्य स्टाफ को दूसरे जगह पर भेजने से कार्य प्रभावित होता है। इस प्रकार के कोई आदेश हमारे कार्यकाल तक विभाग की ओर से नहीं थे कि इस प्रकार से अटैचमेंट किया जाए।

**डॉ.पंकज श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा।**

## धान की रोपाई के लिए सबसे सफल है ऑटोमैटिक धान रोपाई यंत्र

**रीवा।** रीवा संभाग के रीवा और सतना जिलों में धान का विपुल उत्पादन होता है। संभाग के अन्य जिलों में भी धान की बड़े पैमाने पर खेती की जाती है। धान की खेती के लिए किसान मुख्य रूप से रोपाई का उपयोग किया जा रहा है।

**In The Court Of V Civil Judge Class-I, District Court, Rewa**
Presiding Officer: वरूण कुमार शर्मा
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000016/2025)
सरस्वती मिश्रा.................. आवेदक
VS
इण्डियन बैंक............... अनावेदक
Process Id:-/2025
पेशी दिनांक – 08/07/2025

प्रेषिती–
1. हर आम व खास पता–रीवा
2. आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरस्वती मिश्रा पता ने मृतक राजेन्द्र प्रसाद तिवारी तनय शिवधारी राम तिवारी निवासी ग्राम सथिनी रघुनाथ गंज, मनगवां रीवा (म.प्र.) की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 08 जुलाई 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 08 जुलाई 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 14 मई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

यदि किसी कारणवस उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

मुद्रा
(वरूण कुमार शर्मा)
पंचम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड, जिला रीवा (म.प्र.)
RN-82270

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्यवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**कार्यालय वनमंडलाधिकारी, वनमण्डल सा० रीवा (म.प्र.)**
जयन्ती कुंज, झिरिया, रीवा
E-Mail- dfot.rwa@mp.gov.in , Phone- 07662- 251335

क्रमांक/भण्डार/ 4627
प्रति,
रीवा, दिनांक 26.05.2025

### ई-निविदा सूचना

वनमण्डल रीवा अंर्तगत वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनाओं के तहत वानिकी कार्यों में पौधे अंर्तगत क्षेत्र सुरक्षा, रोपित पौधों की सुरक्षा हेतु फेंसिंग सामग्री की आपूर्ति ई-निविदा एम०पी० टेण्डर पोर्टल में www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है:-

| | | |
|---|---|---|
| Tender Sale Start Date - | 27.05.2025 | Time 11.00 AM |
| Bid Submission Start Date - | 27.05.2025 | Time 11:30 AM |
| Bid Submission Closing Date- | 10.06.2025 | Time 03.00 PM |
| Bid Opening Date - | 11.06.2025 | Time 04:30 PM |

1. इच्छुक व्यापारीगण/संस्था ई-निविदा संबंधी संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाइट पर प्राप्त करें। निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र प्राप्त हो सकेगा।
2. निविदा प्रपत्र शुल्क एवं एवं ई.एम.डी. की राशि ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त की जायेगी। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
3. उक्त निविदा हेतु निर्धारित फार्म एवं विस्तृत शर्तों की जानकारी www.mptenders.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जी–13761/25
(लोकेश निरापुरे भा.व.से.)
वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल (सा.) रीवा

**एम.पी. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो. लि.**
SCSC मुख्यालय, भोपाल
क्र./परिवहन/निविदा /243975/2024-25/NIT NO/772
भोपाल, दिनांक 03/06/2025

### परिवहन कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना

01. कार्पोरेशन द्वारा निविदा अवधि वर्ष 2023-25 के परिवहन कार्यों हेतु ऑनलाइन GEM पोर्टल पर Handling,Transport and Other Mining Services के अन्तर्गत रजिस्टर्ड निविदाकारों से शेष रहे जिलों/रैकपाइन्ट/सेक्टर्स हेतु निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं :-
    01. HLRT (खाद्यान्न) रैकपाइन्ट (तेरवीं निविदा)
    02. LRT (सामान्य) रैकपाइन्ट (ग्यारवीं निविदा)
    03. LRT रबी एवं खरीफ उपार्जन (इक्कीसवीं निविदा)

निविदा दस्तावेज वेबसाइट **https://gem.gov.in** पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन भरने हेतु संबंधित तकनीकी सहयोग व स्पष्टीकरण हेतु टोल फ्री नम्बर (Inbound): 1800-419-3436 1800-102-3436 ( 9:00 am - 10:00 pm Mon to Sat ) पर सम्पर्क कर सकते हैं। **एवं**

02. कार्पोरेशन द्वारा निविदा अवधि वर्ष 2023-25 के परिवहन कार्यों हेतु ऑनलाइन म.प्र. शासन के MPTENDERS पोर्टल पर शेष रहे जिलों/रैकपाइन्ट हेतु निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं:-
    1. HLRT (बारदाना) रैकपाईन्ट (आठवीं निविदा)

निविदा दस्तावेज वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। सहयोग एवं स्पष्टीकरण हेतु टोल फ्री नम्बर 0120-4001002 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/120439/2025
**महाप्रबंधक(परिवहन)**

**कार्यालय नगर परिषद त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.)**
E-mail ID-cmoteonthar@mpurban.gov.in
क्रमांक/451/ई–टेण्डरिंग/न.परि./2025
त्योंथर दिनांक– 03.06.2025

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेवसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | अनुमानित राशि | निविदा अमानत राशि (EMD) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_428417_1 | उच्चकुशल, कुशल, अर्द्धकुशल, एवं अकुशल (कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्राईवर, सफाई श्रमिक, लाईनमैन इत्यादि) मेनपॉवर की सेवाएं प्रदान करना | 01 वर्ष | 18 लाख | 13500 हजार | 2 हजार |

नोट :– निविदा से संबंधित समस्त जानकारी पोर्टल पर अपलोड है एवं और अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मे स्थापना शाखा से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है। निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन www.mptenders.gov.in बेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। निविदा 03/06/25 सायं 5.30 से 03/07/25 सायं 5.30 तक देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद त्योंथर,
जिला रीवा (म.प्र.)

**कार्यालय, कलेक्टर (जनजातीय कार्य) शहडोल,म0प्र0**
http://mptender.gov.in दूरभाषः– 07652–240320 Email- twelfareshd@mp.nic.in
कमांक / ज0जा0का0 / निर्माण / 2025–26 / 3185
शहडोल, दिनांक 30-05-2025

### ई–निविदा विज्ञप्ति द्वितीय आमंत्रण

म0प्र0 के राज्यपाल की ओर से ऑनलाइन निविदायें प्रतिशत दर पर लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से भवन निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग(भवन) म0प्र0 भोपाल द्वारा जारी 25 मार्च 2022 लोक निर्माण विभाग (रोड एवं ब्रिज) से प्रभावशील लोक निर्माण विभाग के प्रचलित एस.ओ.आर. पर (निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित) निम्नांकित कार्यो हेतु द्वितीय ऑनलाईन निविदायें निम्न विवरण अनुसार आमत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्ते, निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारियां http://mptender.gov.in पर देखी जा सकती है।

1. आनलाईन निविदा प्रपत्र विकय की प्रारंभिक तिथि : 28.05.2025
2. आन लाईन निविदा प्रपत्र विकय की अंतिम तिथि : 10.06.2025
3. ऑन लाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 10.06.2025
4. ऑन लाइन निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि : 12.06.2025

| क्र. | NIT No. | Online NIT No. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेके की अनुमानित राशि लाखों में | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करने अवधि | उचित पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 6 | 7 |
| 1 | 3159 / 28.05.2025 | 2025_TAD-427321-1 | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोहागपुर, कन्या शिक्षा परिसर बुढार एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शहडोल में एप्रोच सी0सी0 रोड निर्माण | 12500 | 151.54 | 151540.00 | 09 माह (वर्षा ऋतु सहित) | लोक निर्माण विभाग मे पंजीकृत ठेकेदार |
| 2 | 3160 / 28.05.2025 | 2025_TAD-427325-1 | **शहडोल जिले के विकास खण्ड ब्यौहारी** में विभिन्न लघुमूल निर्माण कार्य अनुसूचित जाति, जनजाति / छात्रावास / आश्रमों में शौचालय निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, बाउण्ड्रीबाल निर्माण, पेयजल व्यवस्था (पाइप लाइन फिटिंग / नलकूप खनन / का कार्य), विद्युती फिटिंग, कोटा स्टोन फलोरिंग / टाईल्स लगाने का कार्य, पुताई, पेंटिग, वार्षिक अनुरक्षण कार्य सुदृढीकरण दरवाजे–खिड़की, छत / फर्श, निर्माण कार्य / सीमेन्ट कांक्रीट सड़क एवं पक्की नाली निर्माण कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति / जनजाति बस्ती विकास / डी0एम0एफ0 एवं अन्य मद अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य) हेतु वार्षिक दर अनुबंध। | 10000 | 60.00 लाख | 60000 | 12माह (4 माह कार्य आदेश से प्रत्येक कार्य के लिए वर्षा ऋतु सहित) | लोक निर्माण विभाग मे पंजीकृत ठेकेदार |
| 3 | 3160 / 28.05.2025 | 2025_TAD-427327-1 | **शहडोल जिले के विकास खण्ड बुढार** में विभिन्न लघुमूल निर्माण कार्य अनुसूचित जाति, जनजाति / छात्रावास / आश्रमों एवं शालाओं उ0 मा0 वि0 / हाई स्कूल में शौचालय निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, बाउण्ड्रीबाल निर्माण, पेयजल व्यवस्था (पाइप लाइन फिटिंग / नलकूप खनन / का कार्य), विद्युती फिटिंग, कोटा स्टोन फलोरिंग / टाईल्स लगाने का कार्य, पुताई, पेंटिग, वार्षिक अनुरक्षण कार्य सुदृढीकरण दरवाजे–खिड़की, छत / फर्श, निर्माण कार्य / सीमेन्ट कांक्रीट सड़क एवं पक्की नाली निर्माण कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति / जनजाति बस्ती विकास / डी0एम0एफ0 एवं अन्य मद अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य) हेतु वार्षिक दर अनुबंध। | 10000 | 80.00 लाख | 80000 | 12माह (4 माह कार्य आदेश से प्रत्येक कार्य के लिए वर्षा ऋतु सहित) | लोक निर्माण विभाग मे पंजीकृत ठेकेदार |

आनलाईन अभिलेख जमा करना अनिवार्य होगा । निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाइट http://mptender.gov.in पर ही दर्ज किये जायेगें पृथक से समाचार पत्रों पर प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी–13779/25
सहायक आयुक्त,
जनजातीय कार्य शहडोल
म0प्र0

## आवश्यकता है

सैनिक स्कूल रीवा में कार्य करने हेतु सिक्यूरिटी गार्डस/सुपरवाइजर/कम्प्यूटर आपरेटर/स्वीपर
योग्यता :- 10वीं पास
ड्यूटी :- 8 घंटे (EPF एवं ESIC अलग से) तुरंत संपर्क करें।
कृपया सभी दस्तावेज के साथ संपर्क करें।
टारगेट सिक्यूरिटी सर्विस वार्ड नं. 15, सरदार पटेल काम्पलेक्स, बाणसागर रोड समान तिराहा न्यू बस स्टैंड रीवा (म.प्र.)
मो.नं. 7000811252
9755257936 RN. GM sir/6/6

## दुकान एवं हाल किराये से देना है

हाल- 7500, 2000 एवं विभिन्न सइज के दुकान 12x25, 10x25 एवं विभिन्न साईज की।
पता:- समान तिराहा नया बस स्टैड रीवा
मो. 9424982753
9200290020
RN 82519/4/6

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क -
8962086944

## बीजोत्पादित बीजों की विक्रय दरें शीघ्र घोषित करने की मांग

**रीवा।** भारतीय किसान यूनियन मध्यप्रदेश प्रदेश के अध्यक्ष एव राष्ट्रीय किसान समन्वय समित के सदस्य किसान सुब्रत ने मुख्य मंत्री व केन्द्रीय कृषि मंत्री से आग्रह किया है कि मध्यप्रदेश कृषि विभाग द्वारा मध्यप्रदेश सरकार के उपक्रम मध्यप्रदेश राज्य बीज एव फार्म विकास निगम के बीजोत्पादित बीज खरीफ के उपार्जन एवं विक्रय मूल्य शीघ्र घोषित कराए जाएं। मानसून दस्तक दे रहा है, मूल्य घोषित ना होने से किसानों को अन्तिम भुगतान एवं समय से बीज कैसे मिल पाएंगे। बीज निगम एवं बीज उत्पादन सहकारी समितियों के बीजोत्पादन करने वाले किसानों के द्वारा उत्पादित बीजों के अन्तिम भुगतान अभी तक बाकी हैं। मध्यप्रदेश राज्य बीज एव फार्म विकास निगम बरसों से अपनी मूल्य निर्धारण की नीति को ना बदल कर किसानों के हितों की अनदेखी करता रहा है, जिसके कारण किसानों की बीज उत्पादन में सहभागिता कम हो रही है । समय रहते नीतियों को बदला जाय जिससे किसान ज्यादा से ज्यादा बीज उत्पादन मे हिस्सेदारी निभा सकें। शीघ्र मूल्य निर्धारण करा किसानों को बीजोत्पादित बीजों के मूल्य का अन्तिम भुगतान कराया जाय।

## आवश्यकता है

ग्रोफ़ास्ट एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड जबलपुर, भारत में कृषि के क्षेत्र में नंबर वन कंपनी को ग्राहक सर्विस प्रतिनिधि और सेल्स प्रतिनिधि
शिक्षा 12 वीं एवं स्नातक एग्रीकल्चर से
वेतन 10000 से 25000
आयु 20 से 30 वर्ष
PF इंश्योरेंस, प्रमोशन, टीए, डीए, पेट्रोल एवं मोटरसाइकिल की सुविधा
कार्य क्षेत्र - जबलपुर एवं आसपास के जिलों में
संपर्क सूत्र-
7985141380
8770714780 RN. 82522

**कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**
टैगोर छात्रावास, क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

### ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)

(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी क्षेत्र के पोलीटेक्निक संस्थान)
डिप्लोमा (Diploma) पाठ्यक्रम
तथा
एकलव्य/ डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर योजनान्तर्गत डिप्लोमा (Diploma) पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश हेतु

**द्वितीय चरण**
(सामान्य पूल एवं TFW की सीटों के लिए एक साथ संयुक्त रूप से आयोजित)

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 04.06.2025 से 17.06.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (**Edit Registration**) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 18.06.2025 से 19.06.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकता क्रम (**Choice filling**) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 10.06.2025 से 21.06.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता। | 22.06.2025 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आंवटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 26.06.2025 से 30.06.2025 सायं 5:00 बजे तक |

**संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC)**
(काउंसलिंग के केन्द्रीयकृत चरण उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये)

| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय |
|---|---|
| 18.06.2025 से 13.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | दिनांक 02.07.2025 से दिनांक 13.08.2025 तक, **(प्रथम प्रवेश का अवसर,** दिनांक 02.07.2025, बुधवार) (सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार प्रात: 10:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक) |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 14.08.2025 रात्रि 11:30 बजे तक | 14.08.2025 प्रात: 10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में **प्रात: 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक** उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

**प्रवेश निरस्त :**

❖ काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

- **संपर्क : 0755-6720205, 2660441 ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

म.प्र. माध्यम/120454/2025
**संचालक**
**तकनीकी शिक्षा, म.प्र.**

# ककस के तत्वाधान में मनाया जायेगा पार्यावरण दिवस

**रीवा।** नगर पालिका निगम रीवा एवं मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मार्गदर्शन/ सहयोग से कल्पना कल्याण समिति के तत्वाधान में 5 जून को 10:00 बजे प्रातः महामृत्युंजय कॉम्पलेक्स सभागार एस.ए.एफ चौराहा में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित पर्यावरण दिवस 5 जून की थीम (इंड प्लास्टिक पॉल्यूशन) प्लास्टिक प्रदूषण निषेध के समर्थन में जागरुकता अभियान चलाने की घोषणा की है। इसी तारतम्य में बर्तन बैंक की स्थापना भी की गई है, जिसमें प्लास्टिक को छोड़कर स्टील के बर्तनों के उपयोग पर जोर दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में नगर पालिक निगम प्रशासन/जिला प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सहभागिता के साथ पर्यावरण विद् डॉक्टर रहस्यमणि मिश्रा पूर्व कुलपति, डॉक्टर एस.पी.झा., डॉक्टर आरती तिवारी, डॉक्टर मुकेश येंगल का व्याख्यान होगा। कार्यक्रम में समिति ने सभी गणमन जनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, समाजसेवियों, व्यापारी गणों युवाओं, नागरिकों एवं समस्त पर्यावरण प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होकर प्लास्टिक के विरुद्ध एकजुट होने की अपील की है।

# विवि ने समाप्त की दो महाविद्यालयों की संबद्धता




**जागरण,रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा दो महाविद्यालयों की संबद्धता को समाप्त किया गया है। यह निर्णय गत माह हुई विद्या परिषद् की स्थायी समिति की बैठक में लिया गया है। बैठक में श्री इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज सिविल लाइन जयंती कुंज कॉलेज की बीबीए प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष समस्त अनिवार्य विषय, बीसीए प्रथम द्वितीय, तृतीय वर्ष समस्त अनिवार्य विषय, पीजी डिप्लोमा योगिक साइंस कक्षा/पाठ्यक्रमों की अस्थायी संबद्धता सत्र 2025-26 को समाप्त कर दिया गया है। इसी प्रकार जनता महाविद्यालय गोहपारू शहडोल में एमए पूर्वाद्ध हिंदी, बीएससी भाग 1,2,3, आधार पाठ्यक्रम जीवविज्ञान, वनस्पति, गणित, भौतिकी, रसायन, बीए भाग 1,2,3 आधार पाठ्यक्रम इतिहास, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, हिंदी, भूगोल, समाजशास्त्र कक्षा/पाठ्यकमों की अस्थायी संबद्धता सत्र 2025-26 से समाप्त कर दी गई है।

# आश्वासन के बाद एनएसयूआई का धरना प्रदर्शन समाप्त

## कार्यवाही न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी




**जागरण,रीवा।** टीआरएस कॉलेज प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय में राजनीति करने से भड़के एनएसयूआई जिला पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में सोमवार को पहले कॉलेज के अंदर प्राचार्य कक्ष के सामने भाजपा कार्यालय का पोस्टर चस्पा किया, बाद में कॉलेज के मुख्यद्वार के सामने तम्बू गाड़ कर धरना प्रदर्शन शुरू किया जो 24 घंटे उपरांत मंगलवार को प्रशासन के आश्वासन के बाद शाम चार बजे तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए समाप्त किया गया। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष ने इस दौरान कहा कि एक हफ्ते के अंदर कार्यवाही न होने पर तहसीलदार के समक्ष ही ज्ञापन सौंप कर फिर उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिस पर प्रशासन ने कार्यवाही करने का पूर्ण आश्वासन दिया। एनएसयूआई ने अपने ज्ञापन में कहा कि प्रचार्य जो बीजेपी एजेंट के रूप में कार्य कर रहीं हैं उन्हें एक नोटिस दिया जाए और एमकॉम के शिक्षक रत्नेश तिवारी द्वारा छात्र छात्राओं को मैसेज करके पेपर के नाम पर बुलाया गया, उसके बाद उन्हें एक बस मे भरकर बीजेपी कार्यालय में भीड़ के रूप में इस्तेमाल किया गया, इन्हें बर्खास्त करने की मांग की गई है, अगले एक हफ्ते में अगर यह मांग पूरी नहीं होती है तो हम उग्र आंदोलन के लिए भी बाध्य होंगे। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि नोटिस दे दी गई है। कार्रवाई एक हफ्ते के अंदर की जाएगी। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव निकिता शर्मा संगठन मंत्री, शिवम मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, सत्यम मिश्र पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, सिद्धार्थ द्विवेदी महासचिव, सत्यम शुक्ल, विमल पटेल, रहीस खान, शिवांशु शुक्ला, बलराम तिवारी, अमित उपाध्याय, अर्पित तिवारी, टीआरएस अध्यक्ष उत्कर्ष मिश्रा, लॉ कॉलेज अध्यक्ष प्रांशु द्विवेदी, विश्वविद्यालय अध्यक्ष देवेश शुक्ला, मॉडल साइंस शिवम शुक्ला, जिला सचिव महेश प्रजापति, अजय सिंह, मोहित शुक्ला, रमण सिंह शिवांशु मिश्रा, प्रियांशु मिश्रा सहित बड़ी संख्या में छात्र नेता उपस्थित रहे।

# किशोर न्याय एवं पॉक्सो एक्ट विषय पर चल रहा ऑनलाइन प्रशिक्षण

## पीटीएस में तीन द्विवसीय प्रशिक्षण का आज होगा समापन

**जागरण, रीवा।** पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 तथा किशोर न्याय अधिनियम एवं पॉक्सो एक्ट विषय पर तीन दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण का आयोजन सोमवार से चल रहा है। बुधवार 04 जून को उक्त प्रशिक्षण का समापन होगा। मध्य प्रदेश के समस्त पीटीएस, पीटीसी, पुलिस अकादमी एवं जिला सतना के 33 अधिकारियों प्रशिक्षण में भाग ले रहे है। डा. कृपा शंकर चौबे सदस्य जे जे बोर्ड भोपाल के द्वारा बालकों से संबंधित समस्त कानूनी प्रावधान, सुप्रीम कोर्ट एवं हाई कोर्ट की गाइड लाइंस,विभिन्न केस स्टडीस के द्वारा बालकों से संबंधित कानून -किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, स्टेकहोल्डर्स की भूमिका, पुलिस के ध्यान रखने योग्य बातें, पुलिस द्वारा की जाने वाली गलतियां एवं ध्यान रखने योग्य सावधानियों के बारे में बताया गया। द्वितीय दिवस पर मंगलवार को एडीपीओ आदर्श सिंह सोलंकी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम व अनैतिक व्यापार निवारक अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही प्रशिक्षण के दौरान वक्ताओं द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के प्रश्नों और जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए स्टडी मटेरियल भी उपलब्ध करवाया गया।

# जेईई एडवांस्ड में 97वीं रैंक लाने वाले अनय ने कहा- आकाश कोचिंग से मिली सफलता




**रीवा।** जेईई एडवांस्ड परीक्षा में ऑल इंडिया 97वीं रैंक हासिल करने वाले अनय अग्रवाल ने सफलता का श्रेय आकाश कोचिंग को दिया। उन्होंने कहा कि वह आकाश कोचिंग रीवा से पढ़कर यह मुकाम हासिल किया है। आकाश इंस्टीट्यूट पहुंचे अनय के साथ उनकी मां भी मौजूद रही। उनकी माता ने भी बताया कि उनके बेटे ने आकाश कोचिंग से पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल किया है। बतादें कि अनय अग्रवाल को जेईई एडवांस्ड में 97 वीं रैंक प्राप्त हुई। अनय ने आकाश कोचिंग में अध्यापन कर इस सफलता को हासिल किया। उन्होंने कहा कि आकाश कोचिंग में उन्हें बेहतर कोचिंग दी गई। इस सफलता पर अनय के परिवारजनों, मित्रों व कोचिंग संचालक सहित स्टाफ ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# दिव्यांगों के सर्वांगीण विकास हेतु उन्नत चिकित्सा की दी जानकारी



**रीवा।** स्व.विजय सिंह मेमोरियल ट्रेनिंग, रिसर्च एवं पुनर्वास संस्थान, में भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार तथा राष्ट्रीय न्यास के संयुक्त तत्वावधान में बौद्धिक दिव्यांगता एवं बहु दिव्यांगता से संबंधित बच्चों हेतु तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम (सीआरई) का शुभारंभ किया गया। बौद्धिक दिव्यांग एवं बहु दिव्यांग बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की चिकित्सा अनुसूची थेरेपी के बारे में अवगत कराने हेतु यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 4 जून तक चलेगा। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की क्षेत्रीय संचालिका निर्मला बहन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम में रानी सिंह (संस्थापिका), अजय सिंह (अध्यक्ष), संजय सिंह (सचिव), दीप्ति सिंह परिहार (संचालिका)दिवाकर सिंह सिकरवार(नैदानिक मनोचिकित्सक) डॉ. विभा श्रीवास्तव (प्राचार्य ), डॉ.महेंद्रमणि द्विवेदी, रमेश कुमार त्रिपाठी(प्राचार्य), संजय दुबे (सामाजिक कार्यकर्ता), अनिरुद्ध यादव (रिसोर्स पर्सन), डॉ. दिलीप दीपांकर (फिजियोथैरेपिस्ट), कृपाशंकर वर्मा (इंटरप्रीटीटर ) डॉ.के.एस. मिश्रा (प्रोफेसर) तथा विशेष शिक्षिकाएं नीता रजक, वैशाली श्रीवास्तव, आरती पटेल (रिसोर्स पर्सन), साधना पांडे, अमिता सिंह, पूनम मिश्रा, रंजना सिंह, ललिता, केदार कुशवाहा, राजेश परिहार व निशा उपस्थित रहीं। यह कार्यक्रम पुनर्वास क्षेत्र में कार्यरत पेशेवरों को अद्यतन जानकारी देने एवं दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास हेतु उन्नत चिकित्सा एवं पुनर्वास तकनीकों को साझा करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय पुनर्वास प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन भारतीय पुनर्वास परिषद की गाइडलाइन के अनुसार किया जा रहा है जिसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा क्रमशः निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निर्धारित किए गए विषय को रिसोर्स पर्सन द्वारा पार्टिशिपेंट्स को बताया गया। कार्यक्रम के अंतिम समय में आधे घंटे के समय में सभी प्रतिभागियों से प्रश्नावली के माध्यम से उनका असेसमेंट एवं मूल्यांकन हुआ। आरसीआई की गाइडलाइन के अनुसार सभी पार्टिशिपेंट्स को प्रश्नावली के अंतर्गत 70 प्रतिशत प्राप्त करना अनिवार्य रहेगा। कार्यक्रम का संचालन अनिता विश्वकर्मा ने किया।

# ढोल नगाड़ों के साथ सोनभद्र नदी की हुई संध्या आरती

**जागरण, रीवा।** सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मंच के अध्यक्ष डॉ. यू.बी. सिंह परिहार जलविद/ से.नि.कार्यपालन यंत्री जल संसाधन/ गीतकार के नेतृत्व एवं अध्यक्षता में पी.डब्लू.डी. रेस्टहाउस भंवरसेन में शोणभद्र नद आरती महोत्सव कवि गोष्ठी व भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ. एन. पी. तिवारी साहित्यकार / चिकित्सक बिरला अस्पताल सतना तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मृगांक सिंह बघेल शोणभक्त शिकारगंज, डॉ विनोद तिवारी संगीतकार अध्यक्ष रिदम म्यूजिकल ग्रुप रीवा, डॉ शिव प्रसाद पाण्डेय से. नि. प्राध्यापक उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश/सचिव पाण्डेय शिक्षा समिति भमरहा मैहर, डॉ.नागेंद्र सिंह प्रतिहार सतना, डॉ सत्यनारायण तिवारी सिंगरौली, राकेश पाण्डेय युवा समाजसेवी भरतपुर सीधी, समरजीत वर्मा बघेली गजलकार सतना, टी. के. सिंह परिहार अध्यक्ष साहित्य प्रभा मंच बांसी मैहर, रमेश प्रताप सिंह जाखी सतना, अनुराग मिश्रा संगीतज्ञ, राजेन्द्र तिवारी संगीतकार मझौली सीधी, रामकथा नट वरिष्ठ साहित्यकार मैहर, महेन्द्र कुमार द्विवेदी बघवार सीधी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि मृगांक सिंह बघेल ने भंवरसेन की महिमा व स्व. मोतीलाल शर्मा तथा स्व. रामदर्शन मिश्र राही के दिव्य सानिध्य, आध्यात्मिक स्नेह व कृतित्व को प्रणाम करते हुए दिव्य आयोजन का स्वागत किया और इसे सतत करते रहने का निवेदन किया। डॉ.अरुण कुमार पयासी 'बघेली बांधव' ने अपने वक्तव्य में भंवरसेन के महत्व को ग्रंथों में लिखी बातों से प्रमाणित किया। वृहद ब्रह्म पुराण के शोणभद्र महात्म्य शिव पार्वती प्रसंग के अध्याय आठ में लिखे श्लोकों के माध्यम से भंवरसेन की महिमा को बताने के साथ स्व.मोतीलाल शर्मा व उनके गुरु स्व. रामदास पयासी के कृतित्व को भी स्मरण किया। डॉ. विनोद तिवारी संगीतकार रीवा ने अपने 14सदस्यीय रिदम म्यूजिकल ग्रुप के साथ उपस्थित होकर शोणभद्र हरिरूप आरती भजन संध्या के माध्यम से भगवत सेवा की। अनुराग मिश्रा एवं राजेन्द्र तिवारी संगीतज्ञ द्वय मझौली



सीधी ने भजन सुनाकर भगवान शिव व शोणभद्र हरिरूप को प्रणाम किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ यू .बी सिंह परिहार ने जल को जीवन से जोड़कर जल के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रतिपादित किया। जल संवर्धन एवं संरक्षण पर जोर देते हुए सनातन धर्म संस्कृति संरक्षणार्थ एकजुट होने का मंत्र बताया। स्थानीय संयोजक अमित कुमार द्विवेदी गीतकार एवं कवि सज्जन शुक्ल समाज सेवी ने अपने गांव की पावन भूमि को प्रणाम कर गीत सुनाकर आभार प्रदर्शन किया। मुख्यअतिथि डॉ एन पी तिवारी व अध्यक्ष डॉ.यू बी सिंह परिहार के नेतृत्व में ढोल नगाड़ों के साथ शोणभद्र नद की संध्या आरती सम्पन्न हुई। सनातन संस्कृति संरक्षण हेतु सभी उपस्थित सदस्यों ने बघेली बांधव द्वारा लिखित शोणभद्र आरती का गायन अरुण कुमार पयासी,अमित द्विवेदी, डॉ विनोद तिवारी के साथ एक स्वर में किया। आए हुए अतिथियों के भोजन भण्डारे का प्रबंध रामजी गौतम समाजसेवी ने किया। इस अवसर पर अवनीश शर्मा, पियूष मिश्रा ,सरदार बेलौहा, शिव श्रीवास्तव, रोशन सोनी, अर्चना शुक्ला, ज्योति मिश्रा, सुनीलम गुप्ता, मनोभावना सिंह, सुनेहा सिंह, सुनाजिया बेगम, प्रतिमा मिश्रा, ललिता पांडेय, लाल बहादुर सिंह, श्रीपति शर्मा, विनोद द्विवेदी, दान बहादुर सिंह बघेल उर्मिला सिंह, बाबूलाल बैस, संजय बैस, लालमणि केवट, मौसम नट, शिवराज सिंह सेंगर, जयदीप मिश्र, शिरीष कुमार द्विवेदी, इंद्रमणि द्विवेदी, छोटेलाल केवट, ऋषभ सिंह बघेल उप सरपंच, सलिल अग्निहोत्री, कैलाश सिंह, डॉ चड्ढा, श्री पाण्डेय बुढ़गौना, रामजी गौतम, रमाकांत गौतम, एड.अभिषेक शुक्ल सहित शताधिक भक्तजन शामिल हुए।

# कुर्बानी का त्योहार ईद-उल-अज़हा 07 जून को

## नमाज़ का वक्त तय, प्रशासन से आवश्यक प्रबंध की मांग



**रीवा।** कुर्बानी एवं भाईचारे के भावना का प्रतीक ईद-उल-अज़हा (बकरीद) का त्योहार 07 जून शनिवार को मनाये जाने की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। कुर्बानी अदा करने के लिये मुस्लिम समाज के लोग बकरों की खरीदी मे जुटे हुये हैं, टोपी, इत्र, खजूर, सेवइयां आदि अन्य जरूरी सामानों के दुकानों मे भी लोगों की भीड़ देखी जा रही है। ईद-उल-अज़हा की तैयारियों को लेकर गत दिवस शरीअत हिलाल तस्दीक कमेटी की बैठक छोटी दरगाह शरीफ में कमेटी के सदर शहर काज़ी मुफ्ती मुहम्मद मुबारक अज़हरी की सदारत मे शुरू हुई। बैठक मे पारित प्रस्तावों की जानकारी देते हुये कमेटी के सेकेट्री एडवोकेट महमूद खान ने बताया कि शहर के 22 नमाज़ स्थलों हेतु नमाज़ का वक्त तय कर दिया गया है। जिसके मुताबिक बीहर नदी के तट पर स्थित मुख्य ईदगाह घोघर रीवा एवं शाही ईदगाह बिछिया रीवा में सुबह 07:45 बजे नमाज़ अदा की जायेगी। जामा मस्जिद मौलवी घोघर एवं जामा मस्जिद तुर्कान घोघर मे सुबह 07:30 बजे नमाज़ होगी, जामा मस्जिद यासीन कटरा मे सुबह 07:45 बजे नमाज़ का वक्त तय किया गया है, वहीं ज़ामा मस्जिद दाराशाह तकिया बिछिया, बड़ी दरगाह अमहिया, जामा मस्जिद रिसालदार घोघर, निज़ामिया मस्जिद खुटेही, जामा मस्जिद अल्लारक्खू चिकान टोला, जामा मस्जिद रज़ा धोबिया टंकी मे सुबह 08 बजे नमाज़ अदा की जायेगी। इसी प्रकार जामा मस्जिद बड़ी बोलछड़ी बिछिया, जामा मस्जिद शफीक हमीदिया कॉलोनी ढेकहा, जामा मस्जिद डढ़ियन टोला घोघर, जामा मस्जिद अब्दुल हफीज बोदाबाग, जामा मस्जिद तुर्कान निपनिया, नूरानी जामा मस्जिद बाणसागर कॉलोनी मे सुबह 08:15 बजे नमाज़ अदा की जायेगी। जबकि जामा मस्जिद छोटी दरगाह शरीफ, जामा मस्जिद मन्नान मलियान टोला, जामा मस्जिद कुदरत बाणसागर कॉलोनी, जामा मस्जिद बगीचा वाली घोघर, हाजी अनीस शाही जामा मस्जिद निपनिया मे सुबह 08:30 बजे नमाज़ ईद-उल-अज़हा अदा की जायेगी, इसके अलावा केन्द्रीय जेल मस्जिद मे मुस्लिम बन्दियों को सुबह 10 बजे नमाज़ अदा करायी जायेगी।

bharti AXA

**Bharti AXA Life Insurance**

मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग,
76, अरेरा हिल्स, भोपाल
(दूरभाष एवं फैक्स 0755 – 2553722)

सूचना-पत्र क्रमांक 1369
दिनांक – 02/05/2025
अपील क्रमांक – एफए/23/1585

भारती अक्सा लाईफ इंश्योरेंस कंपनी — अपीलार्थी
विरुद्ध
मुकेश जाटव — प्रतिअपीलार्थी

प्रति,

मुकेश जाटव
पुत्र सालिगराम
पता- गली नं. 02, तुस्सीपुरा
मुरैना जिला मुरैना (म.प्र.)

उपरोक्त अपीलार्थी भारती अक्सा लाईफ इंश्योरेंस कंपनी ने जिला उपभोक्ता आयोग मुरैना के प्रकरण क्रमांक 616/2022 में पारित आदेश दिनांक 17/07/2023 के विरुद्ध इस आयोग के समक्ष एक अपील धारा 41 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2018 के अंतर्गत प्रस्तुत की है!

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा अधिकृत प्रतिनिधि अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 23/07/2025 को 10.30 बजे इस आयोग के समक्ष उपस्थित रहे।

आपको यह भी सूचित किया जाता है कि आप नियत दिनांक को उपस्थित नहीं रहते है तो प्रकरण में सुनवाई एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यह प्रकरण ग्राह्यता पर सुनवाई/स्थान पर/आवेदन/स्थान की पुष्टीकरण/अंतिम तर्क/सुनवाई के लिये नियत है।

(रजिस्ट्रार)
(स्वाद)
शोमित जैन
म. प्र. राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग भोपाल



# कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 14/PMAY-BLC/न.पा.नि./राजस्व/2025 — रीवा, दिनांक 28.05.2025

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 दावा BLC घटक के 58 हितग्राहियों की द्वितीय सूची का प्रकाशन

**प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 दावा आपत्ति सूची (58)**

| SrNo | Application_No | Mission_Component | Applicant_Name | Category | Applicant Father/ Husband Name | Gender | Religion | Ward_No | Construction_Site_Address |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MP034240125181561312 | BLC | DUIJEE | SC | DASAI LAAL | Female | Hindu | 1 | 379K W N 1,NEAR SARKARI HIGH SCHOOL NIPANIYA REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 2 | MP034240125214239028 | BLC | Nilam kol | ST | Jamuna Kol | Female | Hindu | 1 | ward n 01,near rawatpura get nipaniya rewa,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 3 | MP034240125183436098 | BLC | MO SHAMIM MANSOORI | OBC | MO SHAKOOR MANSOORI | Male | Muslim | 1 | ward 01, nipaniya,rawatpura get,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 4 | MP034241224131305642 | BLC | MOHD IQBAL | OBC | MUHAMMAD ISTAQ | Male | Muslim | 1 | ward no 1 nipaniya rewa,nipaniya,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 5 | MP034240225179768477 | BLC | BRIJ NANDAN PRASAD | OBC | RAAMJI PRASAD | Male | Hindu | 2 | 02/204,BANITALAB NIPANIYA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 6 | MP034240125122033328 | BLC | Ramesh kumar Chaudhary | SC | sukh lal | Male | Hindu | 4 | 39/2/3,ward 04,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 7 | MP034240125124204913 | BLC | sita ram saket | SC | sukh lal | Male | Hindu | 4 | 39/2/2,ward 4,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 8 | MP034240125133563231 | BLC | Badal Saket | SC | sukh lal | Male | Hindu | 4 | 39/2/4,ward 4,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 9 | MP034240125196233278 | BLC | meera bai | General | ramvhuwan singh | Female | Hindu | 4 | 36/4,NEAR VTL FACTORY DOHI,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 10 | MP034240325189032365 | BLC | USHA DAHIYA | SC | BHURA PRASAD DAHIYA | Female | Hindu | 4 | WARD 2,SHIVPURVA NIPANIYA SNEH STATE KE PASS,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 11 | MP034240125139365019 | BLC | Sabina Khatun | OBC | MO MUSTAFIK ANSARI | Female | Muslim | 5 | hamidiya colony,ward 5 dekha huzur,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 12 | MP034240425105133200 | BLC | divakar mishra | General | yugul kishore mishra | Male | Hindu | 5 | jawahar ward no 05,dhekha rewa,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 13 | MP034240425161402692 | BLC | bhaskar mishra | General | yugul kishore mishra | Male | Hindu | 5 | dhekha jawahar ward no 05,dhekha rewa,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 14 | MP034240425202432587 | BLC | prabhakar mishra | General | yugul kishore mishra | Male | Hindu | 5 | jawahar ward no 05,dhekha rewa,Rewa; Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 15 | MP034240425205438367 | BLC | ratnakar mishra | General | yugul kishore mishra | Male | Hindu | 5 | jawahar ward no 05,dhekha rewa,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 16 | MP034240125151201221 | BLC | SUDHA NAMDEV | OBC | JAGDISH NAMDEV | Female | Hindu | 6 | WARD NO 06,HOUSE NO 277 HUZUR REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 17 | MP034240125143962341 | BLC | KARAN KUMAR SONDHIYA | OBC | RAMSHARAN SONDHIYA | Male | Hindu | 7 | w n 07,near aganwadi housing board colony huzur rewa,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 18 | MP034241224136835818 | BLC | SHYAMA BAI YADAV | OBC | KISHAN LAL | Female | Hindu | 8 | 8,ANAND NAGAR,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 19 | MP034240125121463957 | BLC | ANAND KUMAR TIWARI | General | RAMPRAKASH | Male | Hindu | 9 | W N 9 H N 434,JANTA COLLEGE ROAD NEAR SCHOOL ANANTPUR REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 20 | MP034240125163901370 | BLC | SUNITA SAKET | SC | BUDDHSEN SAKET | Female | Hindu | 9 | WARD NO 9,NIRALA NAGAR ANANTPUR REWA MP,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 21 | MP034240125188402961 | BLC | MOLIYA ADIVASHI | ST | RAJU ADIVASHI | Female | Hindu | 9 | W N 9,NIRALA NAGAR HUZUR REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486002 |
| 22 | MP034240325195238446 | BLC | PREETI SINGH | General | JUGROPAN SINGH BAGHEL | Female | Hindu | 10 | APSU ROAD,ANANTPUR REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486002 |
| 23 | MP034240125205636820 | BLC | BABUA SONDHIYA | OBC | RAMDAS SONDHIYA | Male | Hindu | 10 | WARD NO.10, SHIV NAGAR, ANANTPUR,REWA,REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486002 |
| 24 | MP034240225185566588 | BLC | VIRENDRA KUMAR SEN | OBC | RAMPRAKASH SEN | Male | Hindu | 10 | WARD NO 10,TULSI NAGAR ANANTPUR,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486002 |
| 25 | MP034240225177707665 | BLC | ravi kumar gupta | General | RAJARAM GUPTA | Male | Hindu | 11 | WARD NO 15,RATAHARI,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 26 | MP034241224174406393 | BLC | Prem Kumar Shukla | General | LAKSHMI PRASAD SHUKLA | Male | Hindu | 13 | 66/2/22,Word 15 Ratihari,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 27 | MP034240325162769366 | BLC | ANUPAM DWIVEDI | General | NAND KISHOR DWIVEDI | Male | Hindu | 14 | 14/326 SAJNAY NAGAR,NAGAR NIGAM REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 28 | MP034241224185408224 | BLC | Sanjay Kumar Pandey | General | RAJMANI MANI PANDEY | Male | Hindu | 14 | ward no 14/9,sanjay nagar saman rewa,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 29 | MP034241224161365836 | BLC | SAROJ TRIPATHI | General | RAMJI TRIPATHI | Female | Hindu | 15 | TMKAR PETROL PUMP KE PICHE RATHARA,JOSHI JI KE MAKAN KE PASS,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 30 | MP034240325163007191 | BLC | ravi soni | General | OMPRAKASH SONI | Male | Hindu | 15 | 15,SAMAN NAKA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 31 | MP034240125111339586 | BLC | VIRENDRA RAJAK | SC | RAM DAS | Male | Hindu | 19 | WARD 19 NEAR CHHAPAKHANA GHOGHAR,GHOGHAR,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 32 | MP034240325182368497 | BLC | MUNNI DEVI SEN | OBC | MAKHAN LAL SEN | Female | Hindu | 19 | 19,NEAR GUPTA LODGE GHOGHAR HUZUR REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 33 | MP034240125145204179 | BLC | RAMMU SAKET | SC | NATTHU SAKET | Female | Hindu | 22 | WARD 22,OLD GALLA MANDI REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 34 | MP034240125177434836 | BLC | SURAJVATI SAKET | SC | kailash choudhari | Female | Hindu | 22 | WARD 22,GALLA MANDI REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 35 | MP034240125146401166 | BLC | Chandravati Kushwaha | OBC | Ramprashad Kushwaha | Female | Hindu | 25 | house 775 Ward No 26 abedkar nagar near Shrawan,kumari scholl lalpa pokhari tola lohi rewa 486005,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 36 | MP034240425183207286 | BLC | Archna tiwari | General | GOPAL SHARAN TIWARI | Female | Hindu | 26 | WARD NO 43 CHIRAHULA WARD,4,BADRAON BASTI,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 37 | MP034241224152708099 | BLC | SIYAWATI KOL | ST | MAHAVEER KOL | Female | Hindu | 26 | W N 26,NEAR SHRAVAN KUMARI GET LALPA HUZUR REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 38 | MP034241224208906395 | BLC | SUNEETA PANDEY | General | MOHAN LAL | Female | Hindu | 26 | WARD 26,POKHRI TOLA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 39 | MP034240125118663923 | BLC | prakash bhujba | OBC | GHANSHYAM DAS BHUJWA | Male | Hindu | 27 | WARD NO 27 NEW PANI TANKI PTS CHOWK REWA MP,WARD NO 27 NEW PANI TANKI PTS CHOWK REWA MP,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 40 | MP034240125155963623 | BLC | RAJEEV SAKET | SC | RAMYGYA SAKET | Male | Hindu | 27 | 27/145,PTS CHOWK HUZUR,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 41 | MP034240225184838478 | BLC | ASHOK SAKET | SC | RAM YAGYA SAKET | Male | Hindu | 27 | WARD 27,ARUJN SINGH WARD PTS CHAURAHA REWA MP,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 42 | MP034240325170308562 | BLC | MANOJ SAKET | SC | RAM JAG SAKET | Male | Hindu | 27 | WARD NO 27,IN FRONT OF UG HOSTEL P T S CHOWK,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 43 | MP034240325164004748 | BLC | REETEE CHIKWA | General | SHIVRATAN CHIKWA | Female | Hindu | 27 | W 38,WATER FILTER KE PAS RANI TALAB REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 44 | MP034240325195235023 | BLC | SADHANA PATAKAR | OBC | NAMAI LAL PATKAR | Female | Hindu | 29 | WARD NO 29 PADEN TOLA,HUZUR,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 45 | MP034241224118638696 | BLC | AMAR PRAKASH TRIPATHI | General | RAJENDRA KUMAR TRIPATHI | Male | Hindu | 30 | 203/1/1/1/2,WARD NO 43 BADARAV,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 46 | MP034240325173332034 | BLC | MOHD JAMEEL | OBC | MOHD JALEEL | Male | Muslim | 34 | WARD NO 34/183,TAKIYA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 47 | MP034240125166903140 | BLC | SALMA BEGAM | OBC | vaseem Ahmad | Female | Muslim | 34 | 129/1/1,PUSHPRAJ NAGAR,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 48 | MP034240325175569527 | BLC | Ashok Kewat | SC | LALLU KEVAT | Male | Hindu | 36 | WARD NO 05 NEAR MASJID HAMIDIYA COLONY,DHEKAHA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 49 | MP034240125177263290 | BLC | SHYAMLAL DOULTANI | General | kimat rai doultani | Male | Hindu | 38 | Ward No 38,Ashok Nagar,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 50 | MP034240425160767556 | BLC | MANISH GUPTA | General | GANESH PRASAD GUPTA | Male | Hindu | 41 | 517,WARD NO 41 BICHHIYA REWA MP,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 51 | MP034240125130401825 | BLC | altaf alaam | OBC | MUKHTAR KHAN | Male | Muslim | 42 | WARD 42,DARA SHAH BICHHIYA TAKIYA NEAR MAJAAR BICHHIYA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 52 | MP034240125143663897 | BLC | mohammad shakeel khan | OBC | mohammad jibrail khan | Male | Muslim | 42 | ward 45,beriyal ke pass kuthuliya,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 53 | MP034240125142661286 | BLC | anjum nisha | OBC | Rafik khan | Female | Muslim | 42 | ward 42,hari om garden ke samne bichhiya,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 54 | MP034240325179239433 | BLC | BABULAL SAKET | SC | LALLU SAKET | Male | Hindu | 43 | WARD NO 43 CHIRAHULA KRISHNA NAGAR HUZUR,KRISHNA NAGAR,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 55 | MP034240125177131306 | BLC | INDRAKALI JAISWAL | OBC | SUKHLAL JAISWAL | Female | Hindu | 43 | WARD 43,CHIRHULA REWA MP,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 56 | MP034240125201262491 | BLC | SUSHILA | General | BHARAT SHARAN GUPTA | Female | Hindu | 43 | WARD NO 43,GOPAL NAGAR,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 57 | MP034240125178168798 | BLC | Mahendra Kumar Saket | SC | Chotelal Saket | Male | Hindu | 44 | Ward No 44,Mahajan Tola,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 58 | MP034240125158768334 | BLC | sheru ansari | OBC | SAFI ULLA ANSHARI | Male | Muslim | 45 | ward 45,beriyal ke pass,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |

Nodal Officer (PMAY)
Municipal Corporation
Rewa (M.P.)

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## खालिस्तान समर्थकों के दबाव में आया कनाडा

> कनाडा में होने वाले जी 7 सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी को नहीं बुलाया गया। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत 2019 से लगातार इस आयोजन का हिस्सा रहा है। कनाडा में खालिस्तान समर्थकों के दबाव के कारण भारत को आमंत्रित नहीं किया

पीएम नरेंद्र मोदी को इस साल कनाडा में होने वाले जी 7 सम्मेलन में नहीं बुलाया जाना इस वैश्विक मंच के उद्देश्य और इसकी प्रासंगिकता के लिहाज से ठीक नहीं है। भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी इकॉनमी है, ग्लोबल ग्रोथ में उसकी एक भूमिका है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भी है। इसी वजह से पिछले कुछ वर्षों से उसे अमीर देशों के इस मंच पर जगह मिलती आई थी। भारत साल 2019 से लगातार इस आयोजन का हिस्सा रहा है। फ्रांस से यह सिलसिला शुरू हुआ था, जो पिछले साल इटली तक जारी रहा। इटली में विशेष सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सामाजिक असमानता को दूर करने और सभी के लिए सहज उपलब्ध व सुरक्षित एआई जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की थी। भारत इस मंच का इस्तेमाल शांति, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समन्वित विकास का संदेश देने के लिए करता रहा है।

जी 7, सात सबसे विकसित और औद्योगिक देशों का समूह है, लेकिन जिस तरह से कनाडा में बसे खालिस्तान समर्थकों ने इस बार अपना असर इस पर छोड़ा है, वह चिंता का सबब है। आयोजन की मेजबानी कनाडा के पास है, लेकिन अलगाववादियों ने वहां की नई सरकार पर दबाव बनाया था कि भारत को आमंत्रित न किया जाए। मार्क कार्नी का इस मामले में झुक जाना चरमपंथी ताकतों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के लिए बड़ा झटका है। क्या भारत के बिना यह ग्रुप चीन की विस्तारवादी नीतियों के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता, लोकतंत्र और पर्यावरण के मुद्दे पर टिका रह पाएगा?मार्क कार्नी का कार्यकाल इस उम्मीद के साथ शुरू हुआ था कि भारत और कनाडा के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघल सकती है। अपने पूर्ववर्ती जस्टिन ट्रूडो के मुकाबले उन्होंने ज्यादा जिम्मेदार और सकारात्मक रवैया दिखाया था। चुनावी अभियान के दौरान उन्होंने माना था कि दोनों देशों के संबंध कई स्तरों पर महत्वपूर्ण हैं और समान विचारधारा वाले देशों के साथ व्यापारिक संबंधों में विविधता लाने की बात कही थी। पिछले हफ्ते जब विदेश मंत्री जयशंकर ने कनाडा की समकक्ष मंत्री अनीता आनंद से बात की, तो उसे भी अहम बदलाव माना गया था।

जी 7 सम्मेलन कनाडा के लिए मौका था, जहां वह भारत के साथ संबंधों को सुधारने की शुरुआत कर सकता था। अमेरिका की तरफ से पड़ रहे प्रेशर को देखते हुए उसे नई दिल्ली के जैसे सहयोगियों की जरूरत है। लेकिन, घरेलू राजनीति से मजबूर कनाडा ने द्विपक्षीय रिश्तों ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय हितों को भी चोट पहुंचाई है।

# कट्टरपंथियों का मोहरा बन सकती है बांग्लादेशी हुकूमत

अंतर्राष्ट्रीय राजनीति

डॉ. अमित सिंह



> बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट द्वारा कभी राष्ट्र विरोधी करार दिए गए कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी को चुनाव में शामिल होने की मंजूरी देना और इसके कुछ दिन पहले मृत्युदंड प्राप्त दोषी अजहरुल इस्लाम को बरी करना, यही दर्शाता है कि वहां की हुकूमत कट्टरपंथियों का मोहरा बन पाकिस्तान की तरह बर्बादी की राह पर चल पड़ी है।

बांग्लादेश में तख्तापलट के दस महीने बीत चुके हैं और उसका भविष्य गर्त में जा चुका है। मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। 2006 में अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में योगदान की वजह से यूनुस को नोबेल शांति पुरस्कार मिला था, लेकिन वह जब से सत्ता पर काबिज हुए हैं, तब से उनका कट्टरपंथी एवं लोकतंत्र विरोधी चेहरा सबके सामने आ चुका है। यूनुस जल्द चुनाव के पक्ष में नहीं हैं। वह अमेरिका, पाकिस्तान और चीन के हाथों की कठपुतली बन चुके हैं। पिछले कुछ महीनों में बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था भी पटरी से उतर चुकी है। बांग्लादेश का लक्ष्य था कि 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला देश बनना, लेकिन मौजूदा राजनीतिक अस्थिरता और अशांति अर्थव्यवस्था को नीचे की ओर ले जा रही है। बांग्लादेश ने ऐतिहासिक रूप से आर्थिक लचीलापन दिखाया है, लेकिन मौजूदा संकट वित्तीय जोखिमों को बढ़ा रहा है, जिसमें विदेशी भंडार पर दबाव, क्रेडिट रेटिंग में गिरावट और परिधान निर्यात जैसे प्रमुख उद्योगों में व्यवधान शामिल हैं। मुद्रास्फीति 10 फीसदी के करीब पहुंच रही है, निर्यात कमजोर हो रहे हैं, ऊर्जा संकट और बेरोजगारी बढ़ रही है, तेज मूल्यह्रास के कारण आयात लागत बढ़ रही है, जिससे अर्थव्यवस्था में विश्वास बहाल करने के लिए संघर्ष कर रही अंतरिम सरकार पर दबाव बढ़ रहा है। यूनुस अर्थव्यवस्था को 'सुधारने' के लिए चीन से लगातार कर्ज ले रहे हैं, लेकिन इससे बांग्लादेश को मदद नहीं मिलने वाली, बल्कि पाकिस्तान की तर्ज पर उसके चीन का गुलाम बनने की आशंकाएं बढ़ेंगी, जो भारत की चिंता का कारण बन सकती हैं। हाल ही में बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने जमात-ए-इस्लामी का रजिस्ट्रेशन बहाल कर दिया है, जोकि एक कट्टरपंथी, पाकिस्तान-परस्त एवं भारत विरोधी संगठन है। जबकि 2013 में इसी अदालत ने जमात-ए-इस्लामी पार्टी को राष्ट्रीय चुनाव में भाग लेने के लिए अयोग्य माना था और उसका पंजीकरण रद्द कर दिया था। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल में इसकी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के चलते प्रतिबंध लगाया गया था। बीते साल शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद जमात ने अदालत के फैसले की समीक्षा की मांग की थी। इस पर मोहम्मद यूनुस ने पार्टी से प्रतिबंध हटाया, तो अब सुप्रीम कोर्ट ने पंजीकरण बहाल कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ ही दिन पहले जमात के एक शीर्ष नेता और मृत्युदंड प्राप्त दोषी अजहरुल इस्लाम को भी बरी कर दिया था। अजहरुल इस्लाम पर मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना का साथ देकर मानवता के खिलाफ अपराध करने का आरोप था। अंतरिम सरकार के कानूनी सलाहकार आसिफ नजरुल ने इस्लाम की रिहाई का स्वागत भी किया था। जमात ने 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता का विरोध किया था। ऐसे में उसका चुनाव लड़ना बांग्लादेश के भविष्य के लिए एवं सुरक्षा के मद्देनजर भारत के लिए भी ठीक नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें अब और भी बढ़ गई हैं, क्योंकि बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) ने हसीना और दो अन्य व्यक्तियों पर पिछले वर्ष हुई हिंसा के लिए मुकदमा चलाने की अनुमति दी है। वहीं, यूनुस ने शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को भंग कर दिया है। अवामी लीग की अनुपस्थिति में उसकी प्रमुख प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी), जिसकी अगुवाई पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया कर रही हैं, देश की राजनीति में प्रमुख भूमिका में उभर आई है। इसी दौरान जमात-ए-इस्लामी का पंजीकरण बहाल किया जाना बहुत कुछ कहता है। बांग्लादेश ने नए बैंक नोट भी जारी कर दिए हैं, जिनमें बांग्लादेश के निर्माता शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीर को हटा दिया गया है। वर्तमान स्थिति की बात करें, तो जिस प्रकार से मोहम्मद यूनुस चरमपंथियों की गोद में बैठकर शासन चला रहे हैं, वह बांग्लादेश में हर उस निशान को मिटा देना चाहते हैं, जिसके माध्यम से बांग्लादेश का निर्माण हुआ था। चाहे वह शेख मुजीबुर्रहमान हों या रवींद्रनाथ टैगोर का आमार सोनार बांग्ला (मेरा सोने का बंगाल) हो, इस तरह के कई प्रतीकों को उजाड़ देना चाहते हैं।

ये सब चीजें कहीं न कहीं पाकिस्तान के कहने पर की जा रही हैं। ऐसा इसलिए साफ झलकता है, क्योंकि पाकिस्तान ही ऐसे प्रतीकों को नकारता है, जिनकी पहचान भारतीय धरती से जुड़ी हुई है। शेख हसीना के देश छोड़ने से पहले पाकिस्तान के साथ बांग्लादेश का 36 का आंकड़ा था। बांग्लादेश के तख्तापलट में अमेरिका के डीप स्टेट के साथ-साथ पाकिस्तान का भी पूरा सहयोग था। उन्होंने बांग्लादेश के चरमपंथियों को उकसाया, नैतिक, राजनीतिक और आर्थिक तौर पर मदद की और उसी का नतीजा यह हुआ कि शेख हसीना का निष्कासन हो गया। एक तरफ तो जब से शेख हसीना की सरकार गई है, तब से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, मुख्यतः हिंदुओं को आए दिन हिंसा का शिकार होना पड़ रहा है और दूसरी तरफ बांग्लादेश की पाकिस्तान परस्त अंतरिम सरकार के कुछ नेता यह तक बोल रहे हैं कि भारत का बहिष्कार किया जाना चाहिए। कुछ ने तो यह भी बोल दिया कि हम बंगाल, ओडिशा, बिहार पर भी कब्जा कर लेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी उन्होंने इस बात को दोहराया, जिसको लेकर भारत सरकार ने तीखी प्रतिक्रिया दी। वहीं, चिकन नेक के पास चीन एवं पाकिस्तान की मदद से सैनिक एयरस्ट्रिप बनाना भारत के लिए चिंता का विषय है। बांग्लादेश में भुखमरी फैल रही है और वह भारत से मदद मांग रहा है। लेकिन अब भारत के बांग्लादेश पर नजर रखने के दिन चले गए। भारत सरकार को बड़े भाई वाले व्यवहार में बदलाव लाकर, उस पर सख्ती से भी पेश आना होगा। कुछ राज्यों से बांग्लादेशी घुसपैठियों को निकालने की कवायद शुरू हो गई है, लेकिन इन्हें पूरे देश से भगाना होगा। वर्तमान में बांग्लादेश के शासन, प्रशासन, जमात-ए-इस्लाम और बीएनपी जैसे संगठनों द्वारा लोगों को भड़काने की वजह से वहां अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा बढ़ी है। शेख हसीना के कारण बांग्लादेश में स्थितियां थोड़ी ठीक रहीं, वरना वहां के हालात में अल्पसंख्यक सुरक्षित कैसे रह पाता। दूसरी ओर, बांग्लादेश के समझदार लोग यह भली प्रकार जानते हैं कि भारत उनकी जरूरत है। पाकिस्तान आईएसआई के माध्यम से सिर्फ अस्थिरता फैला सकता है।

आम बांग्लादेशी महसूस कर रहे हैं कि बांग्लादेश का भविष्य तभी है, जब वह भारत के साथ मिलकर काम करे, अन्यथा इस्लामिक 'कट्टरपंथ' बांग्लादेश को ले डूबेगा।

**(लेखक जेएनयू में एसो. प्रोफेसर, राष्ट्रीय सुरक्षा विशिष्ट अध्ययन केंद्र हैं)**

# छोटे निवेशकों के लिए बैंक और पोस्ट ऑफिस अच्छा विकल्प

आर्थिकी

सतीश सिंह




> आज लोग भले ही सोने और शेयर बाजार की ओर भाग रहे हैं, लेकिन छोटे निवेशकों को आज भी बैंक और पोस्ट ऑफिस का ही सहारा है। बैंक और पोस्ट ऑफिस में निवेशकों की जमा राशि की अवधि के अनुसार उस पर ब्याज दिया जाता है। वहीं, शेयर बाजार में निवेशक सेंसेक्स और निफ्टी में सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर खरीदते हैं और जब कंपनियों के शेयर के भाव में इजाफा होता है तो निवेशकों को मुनाफा होता है।

भारत की आबादी लगभग 140 करोड़ है, जिसमें से मार्च 2025 तक शेयर बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों की संख्या 11.13 करोड़ से अधिक थी, जबकि पोस्ट ऑफिस में निवेश करने वाले निवेशकों की संख्या लगभग 13 करोड़ थी, वहीं, बैंकों में 31 मार्च 2024 तक 253 करोड़ से अधिक जमा खाते थे। इसमें महिलाओं की संख्या 39.12 फीसदी, जबकि पुरुषों की संख्या 60.18 फीसदी थी। वहीं, ग्रामीण इलाकों में 42.12 फीसदी महिलाओं के बैंकों में जमा खाते थे। अमूमन पैसे दो तरह से कमाए जाते हैं। पहले के तहत नौकरी या कारोबार से आय अर्जित की जाती है और दूसरे के तहत पैसों को बैंक, पोस्ट ऑफिस, शेयर बाजार, सोने आदि में निवेश करके ब्याज या डिविडेंड या प्रतिफल के रूप में पैसे कमाए जाते हैं। बैंक और पोस्ट ऑफिस में निवेशकों की जमा राशि की अवधि के अनुसार उस पर ब्याज दिया जाता है। वहीं, शेयर बाजार में निवेशक सेंसेक्स और निफ्टी में सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर खरीदते हैं और जब कंपनियों के शेयर के भाव में इजाफा होता है तो निवेशकों को मुनाफा होता है। कुछ वर्षों पहले तक निवेशकों के पास निवेश के सीमित विकल्प थे। उनके लिए निवेश का सबसे अच्छा विकल्प बैंक और पोस्ट ऑफिस थे। टैक्स में राहत पाने के लिए भी निवेशक इन्हीं दोनों विकल्पों का चुनाव करते थे। मौजूदा समय में निवेश के बहुत सारे विकल्प उपलब्ध हैं। बदली परिस्थितियों में बैंक और पोस्ट ऑफिस ने जमा पर दिए जाने वाले ब्याज में उल्लेखनीय कटौती की है। इसलिए, आज निवेशक अधिक प्रतिफल की आस में शेयर बाजार, बॉन्ड्स, म्यूचुअल फंड, सोने आदि में निवेश करने को प्राथमिकता दे रहे हैं। मई 2025 में बैंक और पोस्ट ऑफिस द्वारा जमा पर दिए जा रहे ब्याज में सबसे अधिक 8.25 फीसदी ब्याज पंजाब नेशनल बैंक और कोटक महिंद्रा दे रहे थे। अन्य बैंक 7.05 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों को 7.55 फीसदी ब्याज दे रहे हैं, जबकि पोस्ट ऑफिस में राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) में ब्याज 7.5 फीसदी दिया जा रहा है।

आमतौर पर भारत में निवेशक नियम 72 के अनुसार, बैंक या पोस्ट ऑफिस में चल रही योजनाओं में पैसा निवेश करते हैं, क्योंकि वे निवेश के पहले यह जरूर देखते हैं कि उनका पैसा कितने साल में दोगुना हो जाएगा। कुछ मियादी योजनाओं पर पांच वर्षों के लिए निवेश करने पर आयकर एक्ट 1961 के सेक्शन 80C के तहत कर में छूट का लाभ मिलता है। इसके तहत 1.50 लाख रुपये तक के निवेश पर आप आयकर छूट का लाभ ले सकते हैं। छोटे निवेशक अपनी वित्तीय आवश्यकताओं और जोखिम सहनशीलता के अनुसार विभिन्न निवेश विकल्पों में से चुन सकते हैं। बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट और बीमा में निवेश कम जोखिम वाले और सुरक्षित विकल्प हैं। निवेशकों को अपने निवेश से पहले अपनी वित्तीय स्थिति और जोखिम सहनशीलता का मूल्यांकन करना चाहिए। सैलरी पाने वाले लोगों को हर महीने निश्चित आय का लाभ मिलता है, जिससे वे अपने वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सेविंग कर पाते हैं। जो लोग फाइनेंशियल तौर पर जागरूक हैं वे फंड बनाने के लिए बेहतर निवेश विकल्प में पैसे लगाते हैं। वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए तमाम निवेश विकल्प मौजूद हैं। इन विकल्पों में निवेश कर नौकरी पेशेवर लोग टैक्स बचा सकते हैं।

फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी बेहतर वित्तीय भविष्य की चाह रखने वाले नौकरी पेशवर लोगों के लिए एक बेहतर निवेश विकल्प है। इसमें निवेश कर अपनी सेविंग पर अच्छी कमाई की जा सकती है। एफडी एक सुरक्षित निवेश विकल्प है। इसमें निवेश कर अच्छी कमाई की जा सकती है। एफडी में एक बार अपनी सेविंग लगा देने के बाद तय दर के हिसाब से पूरे टेन्योर तक ब्याज का लाभ मिलता रहता है। यह बाजार के किसी भी तरह के उतार-चढ़ाव से प्रभावित नहीं होता है।

बैंकों में जमा एफडी पर सरकारी संस्था डीआईसीजीसी द्वारा इंश्योरेंस कवर मिलता है। यह इंश्योरेंस बैंक डिफॉल्ट होने की स्थिति में हर एक निवेशक को 5 लाख तक की एफडी, रिकरिंग डिपॉजिट यानी आरडी, सेविंग और करेंट एकाउंट डिपॉजिट को कवर करता है।

निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि छोटे निवेशकों के लिए अब भी बैंक और पोस्ट ऑफिस निवेश का सबसे सुरक्षित विकल्प हैं। भले ही वर्तमान में सोने में किए जाने वाले निवेश पर प्रतिफल अधिक मिल रहा है, लेकिन इसमें तरलता की समस्या रहती है। शेयर बाजार में निवेश जोखिम रहित नहीं है। इसमें पैसे डूबने की संभावना ज्यादा है। अस्तु, निवेश से आय अर्जित करने के क्रम में अगर आप लालच नहीं करेंगे, तो आपके पैसे सुरक्षित रहेंगे। कम प्रतिफल मिले, लेकिन पैसा सुरक्षित रहे, यही निवेशकों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

प्रसंगवश

## जहाजों की नियमित तकनीकी जांच और मुस्तैदी जरूरी

> भारतीय तटरक्षक बल व नौसेना के कौशल से लाइबेरिया के डूबते जहाज के क्रू सदस्यों को तो बचा लिया गया, लेकिन इससे खतरनाक रसायनों के रिसाव की आशंकाएं चिंताजनक हैं। वहीं, पुराने जहाज पर क्षमता से अधिक बोझ होना वैश्विक शिपिंग उद्योग में सुरक्षा मानकों और पर्यावरणीय जवाबदेही की जरूरत को ही दर्शाता है।

पिछले दिनों भारतीय तटरक्षक बल और नौसेना ने तत्परता का परिचय देते हुए केरल तट के पास समुद्र में डूबते एक लाइबेरियाई कंटेनर पोत पर सवार सभी चौबीस क्रू सदस्यों को सुरक्षित बाहर तो निकाल लिया, लेकिन जहाज पर मौजूद कंटेनरों से तेल व खतरनाक रसायनों के रिसाव की जो आशंकाएं जताई जा रही हैं, वे वाकई चिंताजनक हैं। तब तो और भी, जब मानसून समय से पहले आ गया है और यह समय मछलियों के प्रजनन काल का होता है। हालांकि, तटरक्षक बलों समेत अन्य एजेंसियां स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं, लेकिन यह देखते हुए कि डूबे जहाज में करीब 640 कंटेनर थे, जिनमें कई खतरनाक रसायन भी थे, शंकाएं स्वाभाविक ही हैं। इससे 2017 में चेन्नई के एन्नोर तट पर दो मालवाहक जहाजों के टकराने के हादसे की याद ताजा हो जाती है, जिससे बड़े पैमाने पर तेल रिसाव हुआ था। ताजा हादसे में सबसे बड़ा खतरा वे बारह कंटेनर हैं, जिनमें कैल्शियम कार्बाइड भरा हुआ है, जो पानी से प्रतिक्रिया कर पानी में ऑक्सीजन के स्तर को तो कम कर ही सकता है, एसिटिलिन जैसी बेहद ज्वलनशील गैस भी बनाता है, जो बड़े विस्फोट की वजह भी बन सकती है। यही नहीं, इस प्रक्रिया में बनने वाला कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड पानी की क्षारीयता को बढ़ाकर केरल के नाजुक समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को बिगाड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि जब तेल का पानी पर रिसाव होता है, तो कम घनत्व की वजह से वह पानी के ऊपर एक परत जमा देता है, जिससे पानी के भीतर सूर्य का प्रकाश नहीं जा पाता। इससे समुद्री पौधों के प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया बाधित होती है और पूरा तंत्र ही डांवाडोल होने लगता है। कोल्लम और अलप्पुझा जैसे तटीय जिलों में पहले ही कुछ कंटेनर तट तक पहुंच चुके हैं, जिसने चिंता को और बढ़ा दिया है। केरल सरकार ने अलर्ट जारी किया है और मछुआरों को भी इन कंटेनरों के नजदीक न जाने की चेतावनी दी है। ये कंटेनर स्टील के बताए जा रहे हैं और अगर इनमें से तेल बाहर नहीं आया है, तो फिर खतरे की कोई बात नहीं है। लेकिन अगर तेल समुद्र में फैलने की पुष्टि होती है, तो फिर माना जा रहा है कि अगले कुछ महीनों तक स्थितियों पर नजर रखनी होगी। उल्लेखनीय है कि लाइबेरियाई जहाज पुराना तो था ही, इसका पिछला इतिहास 2016 में हुई टक्कर के बाद इसके ढांचे और मशीनरी को गंभीर क्षति होने का संकेत देता है। ऐसे में, इस संकट ने एक बार फिर वैश्विक शिपिंग उद्योग में सुरक्षा मानकों और पर्यावरणीय जवाबदेही की जरूरत को उजागर किया है। सरकार प्रदूषण नियंत्रण के सभी संभव प्रभावी उपाय कर ही रही है, लेकिन वर्तमान संकट जहाजों की नियमित तकनीकी जांच, पर्यावरणीय मानकों की अनिवार्यता और आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की मुस्तैदी का सबक तो देता ही है।



॥गीता॥



**श्लोक : विद्याभ्यास स्तपो ज्ञानमिन्द्रियाणां च संयमः। अहिंसा गुरुसेवा च निःश्रेयसकरं परम्॥**

**भावार्थ :** विद्याभ्यास, तप, ज्ञान, इंद्रिय-संयम, अहिंसा और गुरुसेवा - ये परम् कल्याणकारक हैं।

जीवन दर्शन

# मतभेदों को अपनाकर समृद्ध बनाएं जीवन



हम सभी स्वस्थ और प्रेमपूर्ण रिश्तों का आनंद लेते हैं और अपने जीवन को इन्हीं से भरने की आशा रखते हैं। लेकिन आधुनिक समय में, हर रिश्ता कभी न कभी तनाव का कारण बन जाता है। स्वामी मुकुंदानंद बताते हैं कि ऐसे असंतोष का मूल कारण क्या है और इसे कैसे सुधारा जा सकता है। हर कोई चीजों और परिस्थितियों को अपने नज़रिये से देखता है। रिश्तों में, दूसरों के दृष्टिकोण को समझाना न केवल महत्वपूर्ण होता है, बल्कि हमें अधिक सशक्त भी बनाता है। दुनिया को बदलने का प्रयास करने के बजाय, यदि हम अपनी अपेक्षाओं को छोड़ना सीखें, तो हमें स्वतः शांति प्राप्त हो जाएगी। कोई भी सभी की अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सकता। रिश्ते अनुबंध नहीं होते - देना और लेना कभी बराबर नहीं हो सकता। खुश रहने के लिए, जितना आप लेते हैं उससे ज्यादा देने की कोशिश करें और जितना प्यार पाते हैं उससे ज्यादा प्यार दूसरों को दें। जब हम दूसरों के लिए उच्च मानकों को छोड़ना सीखते हैं और खुद के लिए उन्हें बनाए रखते हैं, तो हम सौहार्द और सामंजस्य को बढ़ावा दे सकते हैं। हर कोई गुणों और दोषों से भरा हुआ है, लेकिन हमारे पास दूसरों में अच्छाई देखने के लिए सचेत विकल्प बनाने की शक्ति है। इसे याद रखें- चाहिए, जरूरी, और होना चाहिए जैसे शब्दों का उपयोग करके अवास्तविक अपेक्षाएं थोपने से हमारे रिश्तों पर दबाव पड़ता है। उसे बेहतर पता होना चाहिए था। उसे वापस मुझे कॉल करना चाहिए था। इससे वह उदासीन और निष्ठाहीन प्रतीत होती है। डॉक्टर को मेरे उपचार पर अधिक समय देना चाहिए था। इसका मतलब हो सकता है कि वह एक सक्षम डॉक्टर नहीं है। जो कथन 'चाहिए' के साथ हम बनाते हैं वे अक्सर कुछ प्राप्त करने की भावना से आते हैं। अधिकार की ऐसी भावना इस मान्यता का प्रत्येक है कि हम कुछ चीजों के हकदार हैं या चीजें एक निश्चित तरीके से ही होनी चाहिए। यह सही होने की भावना को स्थापित करने का एक तरीका है।

**- स्वामी मुकुन्दानन्द**

## संक्षिप्त खबरें

### तीन आईपीएस अधिकारी स्थानांतरित

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्य सरकार ने मंगलवार को भारतीय पुलिस सेवा के तीन अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश जारी कर दिए। गृहविभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार पुलिस उपायुक्त जोन-1 नगरीय पुलिस जिला भोपाल प्रियंका शुक्ला(2019) को पीएचक्यू में सहायक पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदस्थ किया गया है। राज्यपाल के परिसहाय शशांक(2019) को पुलिस उपायुक्त जोन-1 नगरीय पुलिस जिला भोपाल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह वर्ष 2021 बैच के आईपीएस नरेन्द्र रावत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन को राज्यपाल का परिसहाय बनाया गया है।

### माइक्रोसॉफ्ट के साथ हुआ एमओयू

**विसं भोपाल।** प्रदेश में शासकीय एजूकेशन फॉर ऑल (ई.एफ.ए.) विद्यालयों में बच्चों को आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्सी (एआई) आधारित शिक्षा देने के लिये मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड और माइक्रोसॉफ्ट ने एमओयू किया है। वर्तमान में 53 चयनित शासकीय ई.एफ.ए. विद्यालयों पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्सी का पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी सिखाने में सहायक हो रहा है। इस पाठ्यक्रम से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे है। विद्यार्थियों को भविष्य में रोजगार के अवसर आसानी से प्राप्त हो सकेंगे। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित हो रहा है।

### एक पेड़ मां के नाम का शुभारंभ 5 को

**विसं भोपाल।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जायेगा। प्रमुख सचिव पर्यावरण नवनीत मोहन कोठारी ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस वन नेशन, वन मिशन एण्ड प्लास्टिक पॉल्यूशन पर आधारित होगा। कोठारी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को समुचित कार्य करने के निर्देश दिये। कोठारी ने कहा कि पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया जायेगा। साथ ही एकीकृत पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली पोर्टल का भी शुभारंभ होगा।

# राहुल का संकेत कांग्रेस में कृपा पात्र नहीं बनेंगे पदाधिकारी

## 7 घंटे के प्रवास पर राहुल गांधी ने ली तीन बैठकें, किया संगठन सृजन अभियान का शुभारंभ

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संकेत दिए है कि पार्टी में अब उन्हें ही आगे बढ़ाया जाएगा,जो सीधे से जनता से जुड़े हुए है। नेताओं के कृपा-पात्र वाले कार्यकर्ताओं की अब पहले जैसी पूछ-परख नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं को पार्टी ने बहुत कुछ दिया है,अब उनकी जिम्मेदारी है कि नए नेतृत्व को सशक्त बनाने में अपना पूरा योगदान दें। राहुल गांधी ने मंगलवार को अपने भोपाल प्रवास के दौरान राहुल कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक ली। जिसमें नकुलनाथ शामिल नहीं हुए ।इसके बाद उन्होंने विधायकों से सीधे संवाद किया। फिर उनकी जिला प्रभारी और फिर ऑब्जर्वर के साथ बैठक हुई। उन्होंने पीसीसी में हुई पीएसी (राजनीतिक मामलों की समिति) में सदस्यों से कहा कि पार्टी में गुटबाजी को जगह नहीं मिलने चाहिए,सभी का फोकस केवल संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठों को पार्टी ने बहुत कुछ दिया है,अब उनकी जिम्मेदारी है कि वो नए और युवा नेतृत्व को मजबूत बनाए। पीएसी बैठक में राहुल ने संगठन की अपने हिसाब से



परिभाषा की। उन्होंने कहा सं का मतलब संयुक्त रुप से,ग का मतलब गणितज्ञ(बुद्धिमान),ठन का मतलब ठीक-ठाक और भाजपा की गलत नीतियों को ठोकने वाला(विरोध) और न का मतबल निर्डर और निर्भीक। पर्यवेक्षकों की बैठक में राहुल ने कहा कि सभी को 10 जून से पहले अपने - अपने प्रभार के जिलों में पहुंचना है,जहां उन्हें 6 दिन तक लगातार कार्यकर्ताओं और जनता के बीच जाकर ऐसे चेहरे चिन्हित करने होंगे,जिन्हें जिलाध्यक्ष का पद दिया जा सके। पर्यवेक्षक अपनी सूची एआईसीसी को सौंपगें। इसके बाद पार्टी अपने स्तर पर भी उपयुक्त चेहरों के बारे में जानकारी हासिल करेगी और फिर जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी जाएगी। राहुल ने कहा कि एक से डेढ़ महीने के अंदर जिलाध्यक्षों के बारे में निर्णय लेना है। यह तय है कि इस बार जिलों की कमान किसी नेता,प्रदेश के पदाधिकारी,विधायक या दूसरे निर्वाचित प्रतिनिधियों के कहने पर नहीं बनाएं जाएंगे,अलबत्ता कार्यकर्ता तय करेगा कि उनका अगला जिलाध्यक्ष कौन होगा। इसी तरह लोकसभा और विधानसभा के चुनाव संगठन द्वारा तय किए जाएंगे,विशेषकर जिलाध्यक्षों की सिफारिश अहम रहेगी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के मान-सम्मान के साथ नई पौध को आगे बढ़ाया जाएगा। राहुल ने कहा कि मैं ऊपर से कोई फैसला आप पर थोपूंगा नहीं। लेकिन यह सुनिश्चित किया जाएगा कि युवा नेताओं को संगठन में ज्यादा से ज्यादा जिम्मेदारी मिल सके। संगठन सृजन अभियान की शुरुआत करते हुए राहुल गांधी ने कहा प्रदेश में यह अभियान 10 से 30 जून तक चलेगा।

### भाजपा के लिए काम करने वालों की जरुरत नहीं

राहुल गांधी ने पीएसी की बैठक में मोबाइल बंद करा दिए। राहुल ने कहा कि हमारी बातें इन्हीं मोबाइल के जरिए बीजेपी के नेता सुनते है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे नेताओं की जरुरत नहीं है,जो परदे के पीछे भाजपा के लिए काम करते है। पार्टी को ऐसे फूलछाप नेताओं से बचना है। विधायकों के सवालों को दिए जवाब विधायकों के साथ संवाद के दौरान सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने राहुल से कहा कि प्रदेश में ऐसा कोई नेता नहीं,जो चुनाव जीता सके। इस पर राहुल ने कहा कि उन्हें भले ही दिखाई नहीं दे रहे हो,लेकिन 10 नेता ऐसे है,जो चुनाव जीतने में सक्षम हो। उज्जैन के ताराना से विधायक महेश परमार ने कहा कि मैंने राहुल गांधी से अनुशासन की बात कही और कहा कि हम सब संगठन को मजबूत बनाने की बात कर रहे है,लेकिन जो अनुशासनहीनता करते हैं,उन पर कार्रवाई की जानी चाहिए। पीएसी की बैठक के दौरान विधायक आरिफ मसूद ने राहुल गांधी से सवाल किया कि यदि जिला अध्यक्षों के चयन के दौरान यदि ऑब्जर्वर द्वारा ही भेदभाव किया गया, तो क्या उन पर कोई कार्रवाई होगी। इस पर राहुल गांधी ने संगठन महामंत्री वेणुगोपाल से कहा कि यह महत्वपूर्ण विषय है। इसे नोट किया जाए। यदि कहीं ऐसी शिकायत आती है तो उस पर संज्ञान लिया जाना चाहिए।



### इन बैठकों में राहुल गांधी ने दिया संदेश

राहुल गांधी ने संगठन सृजन अभियान के तहत बताया कि जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्षों को पावरफुल बनाया जाएगा ।टिकट वितरण में जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्षों महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

### विधायक अभय मिश्रा का सवाल का जवाब दिया

विधायक अभय मिश्रा ने कहा- पार्टी में ऐसा कोई नेता नहीं है जो विधानसभा चुनाव जीता पाए राहुल गांधी बोले- मेरी नजर में ऐसे 10 नेता हैं।

# उज्जैन में क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा आज, सीएम करेंगे शुभारंभ

**विसं भोपाल।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उज्जैन के रामघाट से जल गंगा संवर्धन अभियान के क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा 4 जून से प्रारम्भ होगी। जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा किया जाएगा।



सीएम गंगा दशहरा पर माँ क्षिप्रा को 351 फीट की चुनरी अर्पित करेंगे क्षिप्रा लोक संस्कृति समिति के इस दो दिवसीय तीर्थ परिक्रमा आयोजन में संतों, इतिहासकारों, साहित्यकारों और विषय विशेषज्ञों सहित हजारों श्रद्धालु सहभागी होंगे। यात्रा मार्ग में पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन के साथ-साथ धार्मिक कार्यक्रम भी होंगे।

परिक्रमा यात्रा उज्जैन के रामघाट से प्रारंभ होकर नरसिंह घाट, कर्कराज मंदिर, नानाखेड़ा, त्रिवेणी, शनि मंदिर और गुरुकुल स्कूल तक जाएगी। यहाँ विश्राम एवं प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। यात्रा पुनः प्रारंभ होकर सिकंदरी, गोठड़ा, चिंतामण, भूखी माता, गुरुनानक घाट होते हुए शाम को रामघाट लौटेगी। यहाँ प्रसिद्ध भजन गायक श्री पवन तिवारी की संगीतमय प्रस्तुति होगी। परिक्रमा 5 जून को दत्त अखाड़ा घाट से ध्वज पूजन के साथ पुनः प्रारंभ होगी और रणजीत हनुमान, मंगलनाथ, काल भैरव, सांदीपनि आश्रम सहित अन्य तीर्थों से होकर शाम 5 बजे रामघाट लौटेगी। डॉ. यादव 5 जून की शाम दत्त अखाड़ा घाट पर माँ क्षिप्रा को 351 फीट लंबी भव्य चुनरी अर्पित करेंगे। इस अवसर पर भारतीय सेना के सिंफनी बैंड, प्रसिद्ध हरिकथा वाचक ग्वालियर के पं. ढोली बुवा महाराज और मुंबई की प्रख्यात भजन गायिका सुश्री स्वस्ति मेहुल अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे।

# प्रदेश भर में पीएम मोदी के कार्यो को बताएगी भाजपा

## कार्यशाला में प्रदेशभर से पहुंचे पदाधिकारी, नेताओं ने आयोजन का रोडमेप सौंपा

**विशेष संवाददाता. भोपाल।** प्रदेश भाजपा ने मंगलवार को अपने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला बुलाई। जिसमें प्रदेश भर से पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यशाला में विशेष तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 11 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। यह कार्यक्रम 9 से 21 जून तक प्रदेश भर में आहुत किए जाएंगे।

बैठक में प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के कामों के आधार पर हमें लगातार जीत मिल रही है। 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनी, तो उन्होंने कहा कि यह जीत कांग्रेस के दुरावस्था के दौर के खिलाफ मिली है और जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। दूसरी बार जब सरकार बनी, तो उन्होंने कहा कि यह जीत गरीब कल्याण की योजनाओं के कारण जनता के जीवन में आए बदलाव के कारण मिली है। तीसरी



बार लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार हम अपने संगठन की ताकत और कार्यकर्ताओं की मेहनत से चुनाव जीतेंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं ने इतिहास रच दिया। बूथ के कार्यकर्ताओं की ताकत परिदृश्य बदल सकती है और सदस्यता अभियान से लेकर अन्य अभियानों में कार्यकर्ताओं ने यह करके भी दिखाया है।

उन्होंने कहा कि 9 जून से 'सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष' अभियान शुरू होने जा रहा है, साथ इस माह में अन्य कार्यक्रम भी होंगे। यह हमारे लिए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारने का अवसर है। कोई भी बूथ, शक्ति केंद्र और मंडल छूट न जाए, इसके लिए योजना बनाकर प्रयास करें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकारें विरासत को संवारने के साथ विकास का काम कर रही हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की कर रहा है और भारत विकसित देशों के श्रेणी में चौथे पायदान पर पहुंच गया है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार निरंतर प्रदेश के विकास का कार्य कर रही है। हम सभी कार्यकर्ता राष्ट्रवादी दल के सदस्य हैं। हमारा प्रत्येक त्योहार से सांस्कृतिक संबंध है, इसलिए मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार हर त्योहार को आनंद के साथ जनता के साथ मिलकर मना रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में 30 जून तक विभिन्न कार्यक्र म आयोजित कर जल संरक्षण का कार्य करने में लगी हुई है, ताकि पानी की एक-एक बूंद को सहेजा जा सके। प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्रसिंह ने कहा कि भाजपा की यात्रा जनसंघ के रूप में शुरू हुई। उस समय लोग हमारा मजाक उड़ाते हुए कहते थे कि दीये में तेल नहीं, सरकार बदलना खेल नहीं। लेकिन हमारी यात्रा आगे बढ़ती रही।

# नौतपा खत्म होते ही 2 से 3 डिग्री गिरा पारा, 10 संभागों में बारिश

## 15 जिलों में आज के लिए आंधी तूफान का अलर्ट, मंडला में सबसे ज्यादा बारिश

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** नौतपा का असर भले ही इस बार न के बराबर रहा, लेकिन खत्म होते ही तापमान में गिरावट देखी गई है। यह गिरावट पूरे मप्र में देखी गई है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर सहित अधिकांश जिलों में दिन का अधिकतम पारा 2 से 3 डिग्री नीचे आया है। यही नहीं मंगलवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, रायसेन में दिन भर रुक रुककर बारिश भी रिकार्ड की गई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी अनुसार बीते 24 घंटे में प्रदेश के 10 संभागों के कई जिलों में बारिश दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा बारिश मंडला जिले के कट्ठीवाड़ा में दर्ज की गई। यहां बारिश का आंकड़ा 38 मिली मीटर रहा। जानकारी अनुसार करीब 80 स्थान ऐसे हैं, जहां बीते 24 घंटे में बारिश हुई है।

### भोपाल में 8 डिग्री कम तापमान

मौसम विभाग से मिली जानकारी अनुसार जून के महीने में अमूमन भोपाल का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आस पास रहता है। लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री रहा। जो कि सामान्य से 8 डिग्री कम है।



**10 तक आएगा मानसून** : देश में समय से पहले पहुंचे मानसून के मप्र में पहुंचने का अभी कोई सटीक आंकलन नहीं है। फिलहाल मानसून महाराष्ट्र में है। भोपाल मौसम केंद्र के अधिकारियों का अनुमान है कि मप्र में विदर्भ के रास्ते मानसून पहुंचेगा और यह 10 जून या उसके बाद ही दस्तक देगा।

### रायसेन में एक इंच बारिश

भोपाल से सटे पड़ोसी जिला रायसेन में बारिश का दौर लगातार जारी है। यहां नौ घंटे में 1 इंच बारिश रिकार्ड की गई है। बारिश का कुल आंकड़ा 26 मिली मीटर रहा। बारिश के कारण रायसेन का तापमान भी गिरा है। मंगलवार को रायसेन के साथ मंगलवार को इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, नीमच, धार, खरगोन, मंदसौर, छतरपुर के खजुराहो, मंडला, रीवा, सागर, उमरिया में बारिश हुई। खरगोन में पौन इंच बारिश हुई।

**दो सिस्टम एक्टिव:** मौसम केंद्र के अधिकारियों ने बताया कि इस समय पंजाब के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। जिसका असर दो दिन तक रहेगा। वहीं दूसरी ओर हरियाणा और उत्तर प्रदेश के ऊपर एक-एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है। जिस वजह से मप्र में बारिश हो रही है।

### भोपाल में मिला कोरोना केस, 42 वर्षीय महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** एमपी में कोरोना के केस लगातार बढ़ रहे है, इंदौर के बाद अब भोपाल में इस वायरस ने एंट्री ली है, मंगलवार को एक 42 वर्षीय महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, कोरोना के इस सीजन में भोपाल में यह पहला मामला है, जानकारी अनुसार पुराने शहर में शहर में रहने वाली महिला को कोविड पॉजिटिव पाया गया है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने इसकी पुष्टि नहीं की। करोंद निवासी एक महिला कुछ दिनों से बीमार थी। बुखार और सांस लेने में परेशानी के चलते उसे अयोध्या बायपास रोड स्थित एक की अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां महिला का आरटीपीसीआर टेस्ट कराया गया, जो कि पॉजिटिव आया है। मालूम होगी मध्य प्रदेश मैं अब तक कोरोना के 2 दर्जन से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं।

### कुजूर हुए रिटायर जादौन होंगे भोपाल के जिला आपूर्ति नियंत्रक

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल के प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक अजीत कुजूर मंगलवार को रिटायर हो गए। कुजूर के रिटायर होने के बाद अब चंद्रभान सिंह जादौन भोपाल के प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक होंगे। जादौन वर्तमान में संचालनालय खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में प्रभारी उप संचालक के पद पर पदस्थ हैं। राज्य शासन द्वारा उनकी नियुक्ति अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक की गई है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम

**जागरण,भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पर्यावरण एवं सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण को समर्पित रहेगा, जिसमें आमजन को शामिल कर पर्यावरणीय चेतना को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस दिन संग्रहालय पूरी तरह प्लास्टिक फ्री जोन के रूप में कार्य करेगा।

**ट्रेकिंग कार्यक्रम** - गुरुवार सुबह 6:30 बजे ट्रेकिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागियों को प्राकृतिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण की आवश्यकता बताई जाएगी।

**पुनीत वन महोत्सव** : इस अवसर पर तमिलनाडु के अय्यानार देवस्थानम परिसर स्थित पुनीत वन में विशेष अनुष्ठान में प्रकृति पूजन की भारतीय परंपरा को दर्शाया जाएगा। जिसका समय 11:30 बजे से है।

### विशेष सफाई अभियान

संग्रहालय परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा जिसमें स्वयंसेवक,पर्यावरण प्रेमी एवं संग्रहालय कर्मी शामिल होंगे। जिसका समय 3:00 बजे से है।

### नृत्य नाटिका - 'गंगावतरण'

रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में गंगावतरण नृत्य नाटिका का आयोजन किया जाएगा। पौराणिक कथा गंगावतरण पर आधारित नृत्य-नाटिका दर्शकों को गंगा नदी की दिव्यता और पर्यावरणीय महत्व से अवगत कराएगी। जिसका समय शाम 6:30 बजे से है।

### ईद पर कुर्बानी के लिए इको फ्रेंडली 'बकरे'



**जागरण, भोपाल।** संस्कृति बचाओ मंच ने ईदुज्जुहा पर्व को इको फ्रेंडली मनाने की अपील की है। इसके लिए मंच द्वारा इको फ्रेंडली बकरों का निर्माण कराया जा रहा है। जिसे कुर्बानी के इच्छुक परिवारों को दिया जाएगा। मंच के चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि पर्यावरण की रक्षा के लिए हर वर्ष इको फ्रेंडली बकरों का निर्माण कराते हैं। जिस प्रकार इको फ्रेंडली होली, दीपावली एवं गणेश दुर्गा उत्सव जैसे त्योहार मनाये जा सकते हैं तो ईद पर इको फ्रेंडली बकरों की प्रतीकात्मक कुर्बानी क्यों नहीं दी जा सकती हैं। संस्कृति बचाओ मंच ने शहर काजी को पत्र लिख कर निवेदन किया है कि वह एक संदेश जारी करके इको फ्रेंडली ईद मनाने के लिए अपने मुस्लिम धर्मावलंबियों को जागृत करें।

# वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारी पहुंचे डिप्टी सीएम के पास

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी मंगलवार को उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के निवास पर पहुंचे। यहां शुक्ल नहीं मिले तो उनके निज सचिव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश भर के आउटसोर्स कर्मचारियों को बीते कई महीनों से वेतन नहीं मिला है। इससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कई जिलों में छह महीने का समय बीत गया है जबकि कुछ जिलों में तीन महीने से वेतन नहीं हुआ है। आउटसोर्स कर्मचारियों ने एनएचएम के अपर संचालक को भी ज्ञापन सौंपा और उन्हें अपनी पीड़ा बताई। स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कौरव द्वारा बताया गया कि गजराजा चिकित्सा महाविद्यालय एवं जयारोग्य चिकित्सा समूह के आउट सोर्स कर्मचारियों को उच्च कुशल श्रमिक कर्मचारी से अकुशल कर्मचारी बनाया जा रहा है जो कि श्रम विभाग के नियमों के विपरीत है। जिस पर अपर मिशन संचालक महोदय द्वारा आश्वासन दिया गया कि किसी भी आउट सोर्स कर्मचारियों को कम वेतन नहीं दिया जाएगा। इस मौके पर मध्यप्रदेश संविदा आउट सोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह, एनएचएम संविदा लैब टेक्नीशियन संघ के प्रदेश अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## नरोत्तम मिश्रा और सांसद आलोक शर्मा ने केक काटकर दिखाई हरी झण्डी

# 5 यात्रियों को लेकर उड़ी भोपाल दतिया फ्लाइट

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** जहां सोमवार को फ्लाय ओला के प्लेन को सतना जाने के लिए एक भी यात्री नहीं मिला तथा अंतिम समय में उसे निरस्त करना पड़ा वहीं मंगलवार को फिर भी फ्लाय बिग फ्लाइट की लाज बची और न केवल इस उड़ान से 9 यात्री भोपाल उतरे बल्कि भोपाल से दतिया के लिए इसमें 5 यात्री सवार भी हुए। इसके लिए विमान तल पर संक्षिप्त समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें भोपाल के भाजपा सांसद आलोक शर्मा एवं प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के अलावा एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने केक काटा और रनवे पर पहुंचकर विमान को हरी झण्डी देकर रवाना भी किया। यहां बता दें कि इस रूटी पर फ्लाय बिग ने 19 सीटर छोटा सा प्लेन संचालित किया है। जो भोपाल से दोपहर एक बजे उड़ान भरेगा और 2.10 बजे दतिया लेंडिंग होगी जबकि शाम 4.45 बजे दतिया से टेकआफ करते हुए शाम 5.55 बजे भोपाल पहुंचेगा। इसकी पहली उड़ान के



अवसर पर सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच गहरी है उन्होंने छोटे छोटे शहरों को भी हवाई मार्ग से जोड़ने का जो प्रयास किया है, उससे निश्चित रूप से विकास के नए अवसर प्राप्त होंगे। डा. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि दतिया एवं सतना जैसे शहरों के लिए विमान सेवा प्रारंभ होने से अब इन दोनो शहरों का विकास भी तेजी से होगा। महज एक उड़ान नहीं, बल्कि श्रद्धा, संस्कृति और समृद्धि की ऊंचाई है। उन्होंने इस ऐतिहासिक पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास की भावना से प्रेरित होकर दतिया जैसी आस्था और पुरातात्विक महत्व की नगरी को हवाई सेवा से जोड़कर बुंदेलखंड के समग्र विकास की नींव सुदृढ़ की गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस योजना को राज्य में धरातल पर उतारने में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि दतिया, जो मां पीतांबरा पीठ के लिए प्रसिद्ध है। अब देश और विदेश के श्रद्धालुओं, पर्यटकों और शोधकर्ताओं के लिए अधिक सुगम बन गई है। सोनागिरी जैसे प्रसिद्ध जैन तीर्थ, रतनगढ़ माता मंदिर, उन्नाव का बालाजी मंदिर, अशोक स्तंभ, राजगढ़ पैलेस जैसी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों से परिपूर्ण यह नगरी अब हवाई मार्ग से सीधे जुड़कर प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर एक नया आयाम स्थापित करेगी।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि इस हवाई सेवा से दतिया को धार्मिक, आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में बहुआयामी लाभ मिलेंगे। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे तीर्थ स्थलों तक पहुंचना आसान हो जाएगा। व्यवसायिक गतिविधियों में तेजी आएगी, जिससे व्यापार, होटल, हस्तशिल्प और पर्यटन उद्योग को बल मिलेगा।

### वर्ल्ड साइकिल डे पर मैराथन का आयोजन, बड़ी संख्या में जुटे लोग


**जागरण संवाददाता, भोपाल।** साइकिल चलाना न केवल हृदय के लिए अच्छा है, बल्कि यह मानसिक तनाव को भी कम करने में सहायक है। इसके अलावा साइकिलिंग से पर्यावरण का संरक्षण भी होता है। साइकिलिंग कम लागत वाला परिवहन तो है ही यह भी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयुक्त व्यायाम भी है। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर यह बातें खेल और युवा कल्याण विभाग के संचालक राकेश गुप्ता ने कहीं। इस दौरान उन्होंने तात्या टोपे स्टेडियम में आयोजित भव्य साइक्लोथॉन के दौरान साइकिल सवारों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयोजन का सफल समन्वयन सहायक संचालक डॉ. प्रदीप अस्तेय द्वारा किया गया। आयोजन के दौरान पूरे शहर से सैकड़ों साइकिल सवार जुटे। उन्होंने लोगों को स्वस्थ रहने के लिए नियमित साइकिलिंग करने का संदेश दिया। बता दें कि नियमित साइक्लिंग से न केवल शारीरिक फिटनेस बढ़ती है, बल्कि इससे जीवनशैली में सकारात्मक सुधार आता है। आयोजन 'फिट इंडिया मूवमेंट' और 'खेलो इंडिया' अभियान के तहत किया गया था, ताकि शहरवासियों को सक्रिय और खेलों से जुड़ी जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके।

# अमेरिका में जांच की खबरों से अडानी समूह के शेयरों में आई भारी गिरावट

## मुंद्रा बंदरगाह से ईरानी एलपीजी आयात करने का आरोप, समूह ने कहा- कुछ गलत नहीं किया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के प्रमुख औद्योगिक समूहों में शुमार अडानी समूह एक बार फिर विवादों में है। मंगलवार को अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के बाद समूह की कंपनियों के शेयरों में तेज गिरावट देखी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी अभियोजक (प्रोसिक्यूटर) यह जांच कर रहे हैं कि क्या अडानी समूह ने गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह के माध्यम से ईरानी तरल पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) को भारत में आयात किया है, जो कि अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन हो सकता है।

रिपोर्ट के प्रकाशित होने के तुरंत बाद निवेशकों की चिंता बढ़ गई, जिससे अडानी समूह की अधिकांश कंपनियों के शेयर गिर गए। अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर 2.2 प्रतिशत गिरे, जबकि अडानी पोर्ट्स में 2.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अतिरिक्त अडानी टोटल गैस, अडानी पावर, अडानी ग्रीन एनर्जी और अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस जैसी अन्य कंपनियों में भी 1 से 2 प्रतिशत के बीच गिरावट आई। इस प्रभाव से निफ्टी 50 इंडेक्स भी 0.4 प्रतिशत फिसल गया। इसके अतिरिक्त, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अडानी समूह के डॉलर में सूचीबद्ध बॉन्ड्स (विदेशी ऋणपत्र) की कीमतें भी इस रिपोर्ट के बाद तेजी से गिरीं, जिससे विदेशी निवेशकों की चिंता और बढ़ गई है। अडानी समूह ने आरोपों को खारिज करते हुए 'बेबुनियाद और शरारतपूर्ण' बताया है। समूह ने कहा कि उसके किसी बंदरगाह पर ईरानी माल की प्रोसेसिंग नहीं की जाती है। उन्हें किसी अमेरिकी जांच की जानकारी नहीं है।



'हम अपने सभी व्यापारिक लेन-देन में पूरी पारदर्शिता और कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हैं। इस तरह के आरोप बिना किसी प्रमाण के लगाए गए हैं, जिनका उद्देश्य केवल समूह की छवि को नुकसान पहुंचाना है।'
– **अडानी समूह का आधिकारिक वक्तव्य**

**सरकार ने नहीं दी प्रतिक्रिया:** भारत सरकार की ओर से इस प्रकरण पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन यह जरूर देखा जाएगा कि इस मुद्दे को विदेश नीति और व्यापार समझौतों के संदर्भ में कैसे संभाला जाता है, अमेरिका और ईरान की भिन्न-भिन्न नीतियों के बीच यह मामला राष्ट्रीय हितों से जुड़ा हुआ है।

### जहाजों की लोकेशन छिपाने का आरोप

रिपोर्ट के अनुसार, अडानी समूह से जुड़ी कुछ एलपीजी टैंकरों ने एआईएस स्पूफिंग नामक तकनीक का इस्तेमाल किया हो सकता है, जिससे उनके जहाजों की वास्तविक पहचान और गंतव्य छिपाए गए। यह समुद्री परिवहन में एक प्रकार की धोखाधड़ी मानी जाती है, जिसमें जहाज अपने ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (एआईएस) को जानबूझकर गलत जानकारी देने के लिए बदल देते हैं, ताकि निगरानी करने वाली एजेंसियां उनकी गतिविधियों को पहचान न सकें। हालांकि समूह के इन खंडनों के बावजूद निवेशकों का भरोसा डगमगा गया, और इसका सीधा असर शेयर बाजार में देखा गया। यह घटनाक्रम उस समय आया है जब समूह पहले ही कुछ अन्य आरोपों और विवादों का सामना कर रहा है। पिछले वर्ष सौर ऊर्जा परियोजनाओं में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर अडानी समूह पर पहले से ही आरोप लगते रहे हैं, और उस समय भी समूह के शेयरों में गिरावट देखी गई थी। यदि अमेरिकी जांच में कुछ गंभीर सबूत सामने आते हैं, तो यह न केवल समूह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की दिशा में जा सकता है, बल्कि वैश्विक निवेशकों के लिए एक चेतावनी संकेत भी होगा। वित्तीय विशेषज्ञों के अनुसार, अब सभी की निगाहें अमेरिकी जांच एजेंसियों की अगली कार्रवाई पर हैं। यदि जांच औपचारिक रूप से शुरू होती है या कोई सार्वजनिक बयान आता है, तो अडानी समूह की बाजार में स्थिति और कमजोर हो सकती है।





## पाकिस्तान में 17 साल की टिकटॉकर की हत्या

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में 17 वर्षीय टिकटॉकर सना यूसुफ की घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर मेहमान बनकर आया था और उसने सना को करीब से गोली मारी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के चित्राल की रहने वाली थीं और टिकटॉक पर वीडियो बनाकर मशहूर हुई थीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सना को काफी करीब से गोली मारी गई। पुलिस के अनुसार आरोपी सना के घर में घुस आया और फिर उसने सना को सामने देखकर गोली मार दी। इस दौरान सना ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सना पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के चित्राल से ताल्लुक रखती हैं। उन्होंने टिकटॉक पर वीडियो बनाकर फेम हासिल किया था। सना इस्लामाद के सेक्टर जी-13 में रहती थीं। ऐसे में एक शख्स गेस्ट के रूप में उनके घर में आया और सना को गोली मार दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फौरन मौके से फरार हो गया। सना के शव को पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि इस केस में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

## इजरायली पीएम के 'वांटेड' पोस्टर विवाद

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चाणक्यपुरी स्थित हाई-सिक्योरिटी डिप्लोमैटिक एन्क्लेव में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के 'वांटेड' पोस्टर लगाए जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। यह पोस्टर कथित तौर पर बेल्जियम दूतावास के एक कर्मचारी ने लगाए थे। अब भारत सरकार इस मुद्दे को आधिकारिक रूप से बेल्जियम सरकार के सामने उठाने जा रही है। पिछले सप्ताह इस इलाके में कम से कम दो बिजली के खंभों पर नेतन्याहू की तस्वीर वाले पोस्टर लगे देखे गए, जिन पर 'वांटेड' शब्द उभरा हुआ था। दिल्ली पुलिस ने इलाके के करीब 50 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद उस व्यक्ति की पहचान की जो नीली शर्ट और काली पैंट पहने सुबह 5.30 बजे साइकिल से पहुंचा था और पोस्टर लगा रहा था। इसके बाद पुलिस ने जिस फ्लैट से उसकी गतिविधियां शुरू हुई थीं, उसकी पहचान की और पाया कि वह व्यक्ति बेल्जियम दूतावास का कर्मचारी है। दूतावास के कर्मचारी को राजनयिक छूट प्राप्त है, इस कारण दिल्ली पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं कर सकती।




### विदेशी जमीन पर कूटनीतिक जंग

# अमेरिका पहुंचे भारतीय-पाक प्रतिनिधिमंडल आमने-सामने

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** वॉशिंगटन में वैश्विक कूटनीति के मोर्चे पर भारत और पाकिस्तान आमने-सामने आ गए हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की अमेरिका यात्रा उसी समय हो रही है जब एक पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल भी वहां मौजूद है। थरूर ने बताया कि यह यात्रा आतंकवाद के खिलाफ भारत की वैश्विक मुहिम का हिस्सा है, जिसमें विभिन्न देशों को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से अवगत कराया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी सांसदों, थिंक टैंकों और प्रवासी भारतीय समुदाय से मुलाकात करेगा। दूसरी ओर, पाकिस्तान भी अमेरिका में अपनी स्थिति स्पष्ट करने और गाजा व कश्मीर मुद्दों पर समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहा है।



## भारत में आतंकी हमले प्रायोजितः कनिमोझी

डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने कहा है कि भारत में होने वाले आतंकी हमले अन्य देशों की घटनाओं से भिन्न हैं क्योंकि ये 'प्रायोजित' होते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन हमलों के पीछे संगठित समर्थन और सीमापार नेटवर्क होता है, जो इन्हें अलग बनाता है। वॉशिंगटन में कनिमोझी ने कहा कि भारत के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य, भले ही अलग-अलग राजनीतिक विचारधारा से हों, लेकिन आतंकवाद के मुद्दे पर एकजुट हैं और विश्व मंच पर भारत की ओर से साझा संदेश दे रहे हैं। आतंकवाद पर वैश्विक सहयोग और भारत की स्थिति को स्पष्ट करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है।



## लाइबेरियाई संसद ने पहलगाम पीड़ितों को किया याद

**मोनरोविया, जेएनएन।** भारत के साथ एकजुटता दर्शातें हुए लाइबेरियाई संसद ने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों की याद में एक मिनट का मौन रखा। शिवसेना सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल, 'आतंकवाद के विरुद्ध शून्य सहनशीलता' अभियान के एक भाग के रूप में लाइबेरिया में है। शिंदे ने लाइबेरिया की सीनेट को संबोधित करते हुए सीमापार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई पर प्रकाश डाला तथा इस वैश्विक खतरे से निपटने में अंतरराष्ट्रीय एकजुटता की आवश्यकता पर बल दिया।

### बेनतीजा वार्ता के बीच पुतिन को दी चेतावनी

# जंग में रूस को दिखा देंगे उसकी हैसियतः जेलेंस्की

**कीव, जेएनएन।** रूस और यूक्रेन के बीच तुर्की के शहर इस्तांबुल में दूसरे दौर की बातचीत हुई। यूक्रेन के रूस पर भयानक हमले के 24 घंटे के भीतर हुई इस वार्ता में तनाव साफ झलका। दोनों देशों के बीच युद्ध में मारे गए 12000 सैनिकों के शवों की अदलाबदली को लेकर रजामंदी बनी, लेकिन स्थायी या अस्थायी संघर्षविराम पर रूस राजी नहीं हुआ। उधर, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमिर जेलेंस्की ने कहा कि अगर यूरोप और अमेरिका उसका साथ दें तो वो रूस को उसकी हैसियत दिखा देंगे, उसका गुरूर चकनाचूर कर देंगे। जेलेंस्की ने पुतिन को सीधे ललकारा और कहा कि हिम्मत है तो सीधे आंखों में आंखें डालकर आमने सामने बातचीत करो।



बैठक में यूक्रेन ने रूस के समक्ष युद्धविराम का प्रस्ताव रखा, लेकिन रूस ने इसे यह कहकर खारिज कर दिया कि इससे दुश्मन को और हथियार जुटाने का मौका मिलेगा। रूस का कहना है कि वो 2-3 दिन के संघर्षविराम के लिए विचार कर सकता है। यूक्रेन ने जून के आखिरी में दोबारा वार्ता का प्रस्ताव भी रखा। इसके बाद बातचीत घंटे भर में ही खत्म हो गई। बातचीत में यूक्रेन के रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव ने अगुवाई की तो रूस से राष्ट्रपति पुतिन के करीबी व्लादीमीर मेदेंस्की ने मोर्चा संभाला। यूक्रेन के रक्षा मंत्री पूरी आर्मी की वेशभूषा में थे। रूस ने संकेत दिया कि वो सीजफायर पर राजी हो सकता है, अगर यूक्रेन उन जगहों से सेना को पीछे हटाएगा, जिन पर रूस का कब्जा है। यूक्रेन ने इसे खारिज करते हुए कहा कि वो अपनी जमीन के इंच इंच टुकड़े से भी दावा नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि रूस युद्धविराम नहीं करेगा, जब तक उसे इसके लिए मजबूर नहीं किया जाए।

### क्या पुतिन-जेलेंस्की संग बैठक करेंगेः ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदीमिर जेलेंस्की के साथ सीधी बातचीत की संभावनाओं से इनकार नहीं किया है। अमेरिका ने संकेत दिया है कि अगर रूस ने रुख नरम नहीं किया तो उस पर कड़े प्रतिबंध लगाए जा सकेंगे।

## इजरायली हमले में 27 फिलिस्तीनियों की मौत

**तेल अवीव, जेएनएन।** गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पाने की कोशिश कर रहे भूखे फिलिस्तीनियों पर इजरायल ने एक बार फिर हमला किया है। मंगलवार को दक्षिण गाजा के रफा में अमेरिका समर्थित गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) के सहायता स्थल पर किए गए इस हमले में कम से कम 27 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई, जिनमें तीन बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं। इस हमले में दर्जनों अन्य लोग घायल हुए हैं। फिलिस्तीनी मेडिकल रिलीफ सोसाइटी ने हमले को युद्ध अपराध कहा है। रफा में हुए हमले के साथ-साथ इजरायली हमलों ने पूरे गाजा में तबाही मचाई। खान यूनुस में तीन अलग-अलग हमलों में छह लोगों की जान गई, जिनमें दो बच्चे शामिल हैं।

**दक्षिण कोरिया में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान नतीजा आज**

# मार्शल लॉ विवाद के बाद यून के निष्कासन पर जनता का फैसला

**सियोल, जेएनएन।** दक्षिण कोरिया में मंगलवार को जनता ने नए राष्ट्रपति के चुनाव के लिए मतदान किया। यह चुनाव अचानक उस समय घोषित किया गया जब पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को दिसंबर 2024 में मार्शल लॉ थोपने के प्रयास के चलते विद्रोह के आरोपों में पद से हटा दिया गया। यून का यह कदम देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला माना गया, जिससे देशभर में भारी जन आक्रोश फैला और अंततः उन्हें महाभियोग का सामना करना पड़ा।

चुनाव में करीब 65.5 फीसदी मतदान हुआ, जिसमें 1.3 करोड़ से अधिक लोगों ने मंगलवार को मतदान किया और 1.5 करोड़ लोगों ने पिछले सप्ताह पहले ही वोट डाल दिया था। देश में कुल 4.44 करोड़ मतदाता हैं। चुनाव का परिणाम मंगलवार रात तक आने की संभावना है और विजयी उम्मीदवार बुधवार को ही पद की शपथ लेंगे। नए राष्ट्रपति के सामने आर्थिक मंदी, उत्तर कोरिया के परमाणु खतरे और अमेरिका की 'अमेरिका-प्रथम' नीति जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दे होंगे।



मुख्य मुकाबला यून के विरोधी और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता ली जे-म्यूंग तथा पीपीपी के किम मून सू के बीच है। सर्वेक्षणों में ली को बढ़त दिख रही है। यून के कार्यकाल के अंतिम दिनों में हुए विवाद और पीपल पावर पार्टी के आंतरिक मतभेदों ने किम की स्थिति को कमजोर कर दिया है। किम मून सू, जो यून सरकार में श्रम मंत्री रह चुके हैं, मध्यमार्गी और झूलते मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में नाकाम रहे हैं।

# एलजीबीटी फंड में कटौती के विरोध में हॉलीवुड एकजुट

## पेड्रो पास्कल, अरियाना ग्रांडे, डुआ लिपा समेत 100 से अधिक हस्तियों ने किए पत्र पर हस्ताक्षर

**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एलजीबीटीक्यू युवाओं के आत्महत्या रोकथाम कार्यक्रमों के लिए प्रस्तावित बजटीय कटौती के खिलाफ हॉलीवुड के 100 से अधिक कलाकारों ने एकजुटता दिखाई है। अभिनेता पेड्रो पास्कल, गायक अरियाना ग्रांडे, डुआ लिपा, सबरीना कारपेंटर, सारा पॉलसन, कारा डेलवीन, ट्रॉय सिवान, और डेविड आर्चुलेटा सहित कई चर्चित हस्तियों ने खुले पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें वर्ष 2026 के बजट में 988 सुसाइड एंड क्राइसिस लाइफलाइन की एलजीबीटीक्यू युवा विशेष सेवाओं के लिए वित्त पोषण की रक्षा करने की मांग की गई है। अमेरिकी स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग के बजट का एक मसौदा लीक हुआ, जिसमें इन सेवाओं में कटौती की बात कही गई थी। पत्र की शुरुआत में कहा गया- 'हम कलाकार, रचनाकार और सार्वजनिक हस्तियां हैं, और हमारा मंच जिम्मेदारी के साथ आता है। आज हमारी जिम्मेदारी स्पष्ट है- एलजीबीटी युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की रक्षा के लिए बोलना। हम चुप नहीं रहेंगे।' 2022 में शुरू हुए 988 कार्यक्रम ने अब तक लगभग 13 लाख संकट-संपर्कों को जीवन-रक्षक और सहायक देखभाल से जोड़ा है। पत्र में कहा गया कि एलजीबीटीक्यू युवाओं में आत्महत्या एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है और इसे उसी तरह गंभीरता से लिया जाना चाहिए।






# 'यह बहुत जरूरी है'

**मुंबई, जेएनएन।** फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण द्वारा एक दिन में केवल आठ घंटे काम करने की मांग ने फिल्म उद्योग में नई बहस छेड़ दी है। इस मांग को अब प्रसिद्ध निर्देशक मणिरत्नम का समर्थन भी मिल गया है। दीपिका, जो हाल ही में मां बनी हैं, ने शूटिंग शेड्यूल में लचीलापन मांगा है ताकि वे मातृत्व और काम के बीच संतुलन बना सकें। रिपोर्ट्स के अनुसार, दीपिका ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट (जिसमें प्रभास मुख्य भूमिका में हैं) से इसीलिए बाहर होने का निर्णय लिया, क्योंकि निर्देशक ने न केवल उनकी आठ घंटे की वर्कडे की मांग को अस्वीकार कर दिया, बल्कि 100 दिनों से अधिक शूटिंग होने पर अतिरिक्त भुगतान की उनकी मांग को भी नकार दिया। इसके बाद फिल्म में उनकी जगह तृप्ति डिमरी को लिया गया। मणिरत्नम ने दीपिका की इस मांग को 'पूर्णतः उचित' बताया। उन्होंने कहा, 'मुझे खुशी है कि दीपिका इस स्थिति में हैं कि वे यह मांग कर सकती हैं, और इससे अन्य कलाकारों के लिए भी यह दरवाजा खुलेगा। यह कोई अनुचित मांग नहीं है। यह एक बुनियादी जरूरत है। हमें इसे प्राथमिकता के रूप में देखना चाहिए।' इस विषय पर अभिनेता अजय देवगन ने भी हाल ही में दीपिका का समर्थन किया।



**दीपिका की 8 घंटे वर्कडे की मांग को मणिरत्नम का समर्थन**

# कराची की जेल में कैदियों ने ढूंढ़ा आपदा में अवसर, कई फरार

## भूकंप से कमजोर हुई जेल की दीवारें

**कराची, जेएनएन।** पाकिस्तान से अजीबोगरीब घटना सामने आई है। पाकिस्तान के कराची में भूकंप लोगों के लिए अवसर बनकर आया है, कराची में भूकंप के दौरान जेल की दीवारों में दरारें आ गईं, जिसका फायदा कैदियों ने उठाया। बताया जा रहा है कि 216 कैदी जेल की दीवार तोड़कर फरार हो गए। प्रांतीय कानून मंत्री ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने मालिर जेल के बाहर संवाददाताओं को बताया कि जेल से भागने की घटना तब हुई जब भूकंपों के कारण कैदियों में दहशत फैल गई। पाकिस्तान में आए तेज भूकंप के कारण जेल की दीवार कमजोर हो गई।

**46 कैदी फिर अरेस्टः** समाचार चैनलों पर मंत्री के बयान को दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि भागने वाले कैदियों में से 46 को पकड़ लिया गया है। उन्होंने कहा कि जेल से भागने की यह घटना पाकिस्तान में अब तक की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के सिंध प्रांत के कराची शहर में देर रात हल्की तीव्रता वाले भूकंप के तीन झटके महसूस किए गए। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि पहला भूकंप 3.2 तीव्रता का था। दूसरा झटका उस इलाके में देर रात महसूस किया गया, तीसरा झटका कराची के कायदाबाद इलाके में आया। कैदियों ने भूकंप के इन्हीं झटकों का फायदा उठाकर भागने में सफलता पाई।



# व्यापार नहीं, जीवन का अधिकार है जरूरी : मद्रास हाईकोर्ट

**चेन्नई, जेएनएन।** मद्रास हाईकोर्ट ने मंगलवार को ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग प्लेटफार्मों द्वारा दायर उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें तमिलनाडु सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को चुनौती दी गई थी। इन प्लेटफार्मों के लिए तमिलनाडु सरकार ने आधार आधारित केवाईसी अनिवार्य कर दिया है। साथ ही रात में गेम खिलवाने पर भी रोक लगा दी है। 18 साल से कम उम्र के बच्चे गेम नहीं खेल सकेंगे। अदालत ने कहा कि ऐसे खेलों पर सख्त नियंत्रण होना चाहिए, क्योंकि इसके गंभीर दुष्परिणाम होते हैं। न्यायमूर्ति एसएम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति राजशेखर की खंडपीठ ने कहा कि कोई भी ऑनलाइन गेम या ऑनलाइन मनोरंजन तभी तक चल सकता है, जब तक वह बड़े पैमाने पर लोगों के सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करता। इस तरह का कोई भी ऑनलाइन मनोरंजन, खेल, व्यापार विनियमन के अधीन होना चाहिए, जो मानव स्वास्थ्य के लिए बाधा बन रहा हो।

## शर्मिष्ठा को कलकत्ता हाई कोर्ट से झटका

**कोलकाता, जेएनएन।** हरियाणा के गुरुग्राम से अरेस्ट हुई पुणे की लॉ स्टूडेंट शर्मिष्ठा पनोली को कलकत्ता हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। पैगंबर मुहम्मद के अपमान पर जज भी अपना गुस्सा नहीं रोक पाए। जस्टिस पार्थ सारथी चटर्जी ने कहा कि ऐसा हमने सुना है कि वीडियो सोशल मीडिया पर बनाया गया था। हमारे पास बोलने की स्वतंत्रता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुंचाएं। कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार को शर्मिष्ठा को सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला एक वीडियो लोड करने पर गुरुग्राम से अरेस्ट किया था।

**डीपफेक की दहशत** | इंटरनेट पर तेज हुई डिजिटल नीति विमर्श की बहस

# न्यूजीलैंड की सांसद ने दिखाई अपनी फर्जी न्यूड फोटो, दुनियाभर में उठी सख्त कानून की मांग

**वेलिंगटन, जेएनएन।** न्यूजीलैंड संसद की एक घटना ने मंगलवार को डिजिटल नीति विमर्श को एक नई दिशा दे दी। न्यूजीलैंड की सांसद लॉरा मैक्लर ने संसद में खुद की एक एआई से बनी न्यूड तस्वीर दिखाकर गहरी चिंता जताई कि कैसे डीपफेक अब महिलाओं के लिए अस्तित्व का संकट बन गई है। उन्होंने यह तस्वीर एक वेबसाइट के जरिए बनाई, महज पांच मिनट में। लेकिन उनका मकसद था- चेताना और चुनौती देना। लॉरा का बयान न केवल न्यूजीलैंड, बल्कि दुनिया भर में सोशल मीडिया और नीति-निर्माताओं के बीच बहस का विषय बन गया है। एक्स, रैडिट और टिकटॉक पर #DeepfakeLawNow ट्रेंड करने लगा है। लोगों ने लॉरा के साहस की तारीफ की और सरकारों से तत्काल कार्रवाई की मांग की। भारत में भी डीपफेक का शिकार होने वालों की संख्या बढ़ी है। महिलाओं, पत्रकारों और नेताओं के बीच। हाल में ही कई प्रसिद्ध अभिनेत्रियों और महिला नेताओं की फर्जी अश्लील क्लिप्स वायरल हुई थीं, जिनमें से अधिकांश एआई से बनी थीं। साइबर पुलिस और आईटी कानून अभी भी इस नई तकनीक के दायरे को पूरी तरह समझने और काबू में लाने में असमर्थ हैं। भारत का आईटी अधिनियम 2000 और आईटी नियम 2021 डिजिटल उत्पीड़न, पोर्नोग्राफी और निजता के उल्लंघन को रोकने के कुछ प्रयास करते हैं, लेकिन एआई-जेनरेटेड डीपफेक कंटेंट पर कोई स्पष्ट, सख्त और दंडात्मक प्रावधान नहीं है।



### 'अब वक्त है कानून बनाने का'

'यह मेरी असली तस्वीर नहीं है, लेकिन कोई भी इसे सच मान सकता है। क्या हमें इस खतरे का इंतजार करना चाहिए जब ये फर्जी तस्वीरें हमारे जीवन, करियर और गरिमा को तबाह कर दें? यह सिर्फ मेरे लिए नहीं, हम सभी के लिए एक चेतावनी है। जो आज मेरे साथ हुआ, वो कल किसी भी आम महिला के साथ हो सकता है।'
- **लॉरा मैक्लर**, सांसद, न्यूजीलैंड

### ट्रंप की नीतियों का असर, अमेरिका में मंदी की आहट

# यूएस की ग्रोथ रहेगी 2%से नीचे

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका इस साल भारी मंदी की ओर बढ़ रही है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक को-ऑपरेशन एंड डेवलपमेंट (ओईसीडी) ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा कि 2025 में अमेरिका की जीडीपी ग्रोथ 2.8 फीसदी से घटकर 1.6 फीसदी रह जाएगी और 2026 में यह और गिरकर 1.5 फीसदी पर आ जाएगी। इस रिपोर्ट के मुताबिक, इसका सबसे बड़ा कारण राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प की ट्रेड पॉलिसी और उनके द्वारा लगाए गए भारी-भरकम टैरिफ को बताया गया है। ओईसीडी के मुताबिक, ट्रम्प ने इंपोर्ट पर औसत टैरिफ दर को 2.5 फीसदी से बढ़ाकर 15.4 फीसदी कर दिया है, जो 1938 के बाद सबसे ज्यादा है। इससे न सिर्फ अमेरिकी लोगों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है, बल्कि आयातित कच्चे माल पर निर्भर कंपनियों के लिए भी लागत बढ़ गई है। ट्रम्प ने लगभग हर देश से आने वाले सामान पर 10 फीसदी टैरिफ लगा दिया है और स्टील, एल्यूमिनियम और ऑटोमोबाइल जैसे सेक्टर्स पर खास टैरिफ भी थोपे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने स्टील और एल्यूमिनियम पर टैरिफ को 50त्न तक बढ़ाने की धमकी भी दी है। इस अनिश्चितता ने कारोबारियों और उपभोक्ताओं का आत्मविश्वास डगमगा दिया है। ओईसीडी के चीफ इकोनॉमिस्ट अल्वारो परेरा ने कहा कि ट्रेड बैरियर्स और नीतिगत अनिश्चितता ने वैश्विक व्यापार और निवेश को नुकसान पहुंचाया है। पिछले हफ्ते न्यूयॉर्क की अदालत ने ट्रम्प के टैरिफ को अवैध बताकर रोक दिया था, लेकिन अपील कोर्ट ने इन टैरिफ को लागू रखने की इजाजत दी है, जिससे अनिश्चितता और बढ़ गई है। दुनिया की

**अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा असर :** वैश्विक अर्थव्यवस्था भी ट्रम्प की ट्रेड वॉर की मार झेल रही है। ओईसीडी का अनुमान है कि 2024 में 3.3 फीसदी रही वैश्विक ग्रोथ 2025 में घटकर 2.9 फीसदी हो जाएगी और 2026 में भी इतनी ही रहेगी। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन 2025 में 4.7 फीसदी और 2026 में 4.3 फीसदी की ग्रोथ दर्ज करेगा, जो पिछले साल के 5 फीसदी से कम है। ट्रम्प के टैरिफ से चीनी निर्यातकों को नुकसान होगा, हालांकि बीजिंग ने ब्याज दरें घटाने और फैक्ट्री अपग्रेड जैसे कदमों से कुछ राहत देने की कोशिश की है। दूसरी ओर, यूरो करेंसी का इस्तेमाल करने वाले यूरोप के 20 देशों में 2025 में 1 फीसदी और 2026 में 1.2 फीसदी की ग्रोथ रह सकती है, जिसमें यूरोपियन सेंट्रल बैंक की ब्याज दरों में कटौती मदद करेगी।

## बाजार पर नजर




शेयर बाजार में आज

-636 **80,737**

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Grasim | 2,563.00 | 1.12% |
| Shriram Finance | 658.75 | 0.89% |
| M&M | 3,064.80 | 0.68% |
| Bajaj Auto | 8,600.00 | 0.58% |
| Cipla | 1,479.40 | 0.20% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Adani Ports | 1,468.00 | -2.43% |
| Adani Enterpris | 2,518.80 | -1.90% |
| Bajaj Finserv | 2,029.00 | -1.83% |
| Coal India | 399.70 | -1.71% |
| Power Grid Corp | 293.05 | -1.64% |

**फॉरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 85.58 |
| € यूरो | 97.67 |
| ¥ येन | 05.99 |
| £ पौंड | 115.68 |

### अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट दर्ज की गई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 20 पैसे टूटकर 85.59 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इसका असर सोने और चांदी के भाव पर देखने को मिला। आपको बता दें कि रुपये में कमजोरी का फायदा सोना और चांदी को हुआ। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 70 रुपये बढ़कर 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। इस बीच, वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना 25.22 डॉलर प्रति औंस या 0.75 प्रतिशत गिरकर 3,356.41 डॉलर प्रति औंस रह गया।

# लुटनिक ने दिए संकेत, भारत शर्तें माने तो जल्द हो सकता है व्यापार समझौता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने भारत के साथ कुछ मुद्दों पर असहमति जताई है। उन्होंने रूस से सैन्य उपकरण खरीदने और ब्रिक्स के साथ खड़े होने जैसी बातों का जिक्र किया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत की बहुत प्रशंसा करते हैं। लुटनिक ने विश्वास जताया कि दोनों देशों के संबंध बहुत अच्छे होने वाले हैं।

उन्होंने यह बात वाशिंगटन में 'अमेरिका-भारत सामरिक साझेदारी मंच' के एक कार्यक्रम में कही। लुटनिक ने भारत की अर्थव्यवस्था और विकास की तारीफ की। लेकिन, कुछ मुद्दों पर अमेरिका की असहजता भी व्यक्त की। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी है। भारत के लोगों में क्षमता है और विकास दर भी शानदार है।

### कुछ कदमों से बढ़ी अमेरिका की परेशानी

लुटनिक ने कहा कि कुछ ऐसे काम हैं जो भारत सरकार ने किए हैं, जिनसे अमेरिका को परेशानी हुई है। उन्होंने कहा कि भारत आमतौर पर रूस से सैन्य उपकरण खरीदता है। अगर भारत रूस से हथियार खरीदता है तो इससे अमेरिका को दुख होता है। लुटनिक के मुताबिक, उन्हें लगता है कि भारत अमेरिका से सैन्य उपकरण खरीदने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। लेकिन, अभी इसमें काफी समय लगेगा।



### क्या भारत डॉलर का समर्थक नहीं

लुटनिक ने भारत के ब्रिक्स समूह का सदस्य होने पर भी बात की। ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स का हिस्सा होने का मतलब है कि भारत डॉलर का समर्थन नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा, इसका मतलब डॉलर और डॉलर के आधिपत्य का समर्थन नहीं करने से हैं।

यह असल में अमेरिका में दोस्त बनाने और लोगों को प्रभावित करने का तरीका नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इस मुद्दे को उठाया है और भारत सरकार इस दिशा में काम कर रही है। मुद्दों को खुलकर बात करके और हल निकालकर ही आगे बढ़ा जा सकता है।

### मामला विचाराधीन कोई तनाव नहीं

लुटनिक ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द ही हो सकता है। उन्होंने कहा,..मुझे लगता है कि हम एक ऐसी जगह पहुंच चुके हैं जो वास्तव में दोनों देशों के लिए काम करती है। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री ने भारत के ऊंचे टैरिफ लगाने पर भी बात की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का मानना है कि भारत शुल्क के मामले में बहुत संरक्षणवादी है। उन्होंने कहा कि इन चीजों पर ध्यान देने और उन्हें सही स्तर पर लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह मामला विचाराधीन है और इसमें कोई तनाव नहीं है।

### ट्रंप भारत के प्रति सकारात्मक

लुटनिक ने भारत की तारीफ करते हुए कहा कि भारत की मानव पूंजी क्षमता अद्भुत है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप भारत की बहुत प्रशंसा करते हैं और दोनों देशों के बीच अच्छे संबंध बनने जा रहे हैं। कुल मिलाकर, लुटनिक ने भारत और अमेरिका के संबंधों पर सकारात्मक रुख दिखाया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कुछ मुद्दे हैं, लेकिन उन्हें हल किया जा सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता जल्द ही हो सकता है और दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे। लुटनिक ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप भारत को लेकर बहुत सकारात्मक हैं और वह भारत के साथ अच्छे संबंध बनाना चाहते हैं।

## भारत की जीडीपी वृद्धि 2025-26 में घटकर 6.2 प्रतिशत रह जाएगी:नोमुरा

**मुंबई, जेएनएन।** भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 2025-26 में घटकर 6.2 प्रतिशत रह जाएगी, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत थी। नोमुरा ने यह बात कही है। जापानी ब्रोकरेज फर्म ने एक शोध रिपोर्ट में कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में वृद्धि और वाहन बिक्री तथा बैंक ऋण वृद्धि जैसे अन्य उच्च आवृत्ति वृद्धि संकेतकों के बीच 'विचलन' है।




पिछले सप्ताह जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वास्तविक जीडीपी वृद्धि 2023-24 के 9.2 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रह गई। आरबीआई को वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत पर बनी रहने की उम्मीद है। नोमुरा ने अपनी रिपोर्ट में कहा, हमारा मानना है कि जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 के 6.5 प्रतिशत से घटकर 2025-26 में 6.2 प्रतिशत रह जाएगी। ब्रोकरेज फर्म ने मार्च, 2026 के लिए निफ्टी के लक्ष्य को संशोधित कर 26,140 अंक कर दिया, पहले इसके 24,970 अंक पर रहने का अनुमान जताया गया था। नोमुरा ने कहा कि ऐसा व्यापक आर्थिक रुझानों के आधार पर किया गया है। दूसरी ओर अमेरिकी ब्रोकरेज बोफा सिक्योरिटीज ने शेयर बाजार के मूल्यांकन के बारे में सतर्क टिप्पणी की और कहा ऐसा लगता है कि यह निकट अवधि के लिए अपने ऊपरी स्तर पर है।

### ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली है। इंट्राडे ट्रेडिंग के दौरान कंपनी के शेयरों में करीब 7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। शेयर की कीमत गिरकर 49.90 रुपये तक पहुंच गई, जो पिछले बंद भाव 53.69 रुपये से काफी नीचे है। इस गिरावट के बाद ओला इलेक्ट्रिक का शेयर फिर 50 रूपये से नीचे आ गया। गिरावट कई समस्याओं के कारण आई है। कमजोर कमाई और लगातार बढ़ता घाटा ओला ने मार्च तिमाही में 870 करोड़ रुपये का घाटा दिखाया।




## स्कोडा-फॉक्सवैगन और मर्सिडीज देश में बनाएंगी ईवी, बड़े निवेश की तैयारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** स्कोडा-फॉक्सवैगन और मर्सिडीज जैसी दिग्गज कार निर्माता कंपनियों ने भारत में इलेक्ट्रिक कारों की मैन्युफैक्चरिंग शुरू करने की योजना बनाई है। अपने मेक-इन-इंडिया प्लान के तहत ये तीनों कंपनियां एक बड़ा निवेश करने की तैयारी में हैं। भारत में इलेक्ट्रिक यात्री कारों की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की योजना के तहत भारी उद्योग मंत्रालय इन कंपनियों को छूट देगा। ये ख़बर ऐसे समय में सामने आई है जब सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों पर विशेष ध्यान देते हुए पैसेंजर कारों के डोमेस्टिक मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है। इसके लिए सरकार ने बीते सोमवार को नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) भारत में इलेक्ट्रिक पैसेंजर कारों के मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की योजना के तहत रियायतें देगा। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि, औपचारिक घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है। इस योजना को 15 मार्च को अधिसूचित किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के तहत आवेदन करने की विंडो कुछ सप्ताह में खुलेगी।

### 15 प्रतिशत के कम शुल्क पर आयात की जा सकेगी ईवी

ग्लोबल कार निर्माताओं को निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, स्वीकृत आवेदकों को आवेदन की तारीख से 5 साल के लिए 15 प्रतिशत की कम सीमा शुल्क पर न्यूनतम 35,000 डॉलर के सीआईएफ कीमत वाले इलेक्ट्रिक वाहनों को कम्पलीट बिल्टू यूनिट रूट से आयात करने की अनुमति दी जाएगी। इस स्कीम के नियम के अनुसार आवेदकों को न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा।

### टेस्ला भारत में नहीं लगाएगा प्लांट

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने टेस्ला की इंडिया एंट्री के एक सवाल के जवाब में कहा कहा कि, टेस्ला...वे केवल शोरूम शुरू करने जा रहे हैं। वे भारत में कारों के निर्माण में रुचि नहीं रखते हैं।

**मिस यूनिवर्स मध्य प्रदेश 2025 बनीं भोपाल की जान्हवी मल्होत्रा**

## महिलाओं के लिए बदलाव की प्रतीक बनना चाहती हूं: जान्हवी






**जागरण, भोपाल।** हाल ही में हुए मिस यूनिवर्स मध्यप्रदेश 2025 प्रतियोगिता में भोपाल की जान्हवी मल्होत्रा ने खिताब जीतकर पूरे राज्य का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया। वह केमिस्ट्री में फूड साइंस ऑनर्स से स्नातक और इंग्लिश लिटरेचर में स्नातकोत्तर हैं। पिछले साल की मिस यूनिवर्स मध्यप्रदेश विजेता कोपल मंडोली से ताज ग्रहण करके जान्हवी मल्होत्रा ने साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है। दैनिक जागरण से बातचीत में उन्होंने अपने सफर और उद्देश्य पर बात की।

**मिस यूनिवर्स एमपी का खिताब जीतने के बाद कैसा महसूस कर रही हैं?**

जान्हवी- यह मेरी सालों की मेहनत का परिणाम है। इस बार मैंने खुद से वादा किया था कि ताज मैं ही पहनूंगी। मैंने पूरे समर्पण से तैयारी की और खुद पर पूरा विश्वास रखा।

**प्रतियोगिता की यात्रा कैसी रही?**

जान्हवी- हर दिन नई चुनौतियां थीं-कभी 30 मिनट में तैयार होकर फोटोशूट, तो कभी घोड़ों के साथ एक मिनट में फोटो लेने का टास्क था। यह सब हमारी सहनशक्ति और आत्मनियंत्रण की परीक्षा थी।

**ब्यूटी क्वीन क्यों बनना चाहती हैं?**

जान्हवी- मैं हमेशा से दूसरों को प्रेरित करना चाहती थी। यह मंच मुझे अपनी बात कहने और बदलाव लाने का मौका देता है।

**सबसे महत्वपूर्ण मूल्य क्या हैं?**

जान्हवी- आत्म-सम्मान और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता। यही वो मूल्य हैं जो मुझे एक संतुलित और संवेदनशील इंसान बनाते हैं।

**खुद को भविष्य में कहाँ देखती हैं?**

जान्हवी- मैं चाहती हूं कि मेरी पहचान केवल एक ताज तक सीमित न रहे।

## भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात मई में 10 महीने के उच्च स्तर पर

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात मई में बढ़कर 10 महीने के उच्चस्तर 19.6 लाख बैरल प्रति दिन पर पहुंच गया है। वैश्विक बेंचमार्क कीमतों की तुलना में रूसी तेल पर लगातार मिलने वाली महत्वपूर्ण छूट इसकी मुख्य वजह रही। केप्लर के पोत परिवहन गतिविधियों से जुड़े आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक और उपभोक्ता है। यह विदेशों से करीब 51 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदता है जिससे रिफाइनरियों में पेट्रोल एवं डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है। भारत का तेल आपूर्तिकर्ताओं में रूस की सबसे बड़ी 38 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी है। वहीं इराक से भारत को प्रतिदिन 12 लाख बैरल कच्चा तेल मिलता है। इराक देश के लिए दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। सऊदी अरब ने 6,15,000 बैरल प्रति दिन का निर्यात किया, जबकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने 4,90,000 बैरल प्रति दिन की आपूर्ति की। अमेरिका ने 2,80,000 बैरल प्रति दिन की आपूर्ति की। केप्लर में रिफाइनिंग एवं मॉडलिंग के प्रमुख शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, कुल मिलाकर, मई 2025 के लिए भारत का कच्चा तेल आयात खाका इसकी मूल्य-संवेदनशील, विविध 'सोर्सिंग' रणनीति को उजागर करता है। बाहरी दबाव के बावजूद रूसी तेल की मात्रा उच्च बनी हुई है जो भारत की ऊर्जा नीति में आर्थिक व्यावहारिकता की के



दृष्टिकोण को मजबूत करता है। भारत परंपरागत रूप से पश्चिम एशिया से अपना तेल प्राप्त करता रहा है। हालांकि, इसने फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर रूसी हमले के तुरंत बाद रूस से बड़ी मात्रा में तेल आयात करना शुरू कर दिया था। इसका मुख्य कारण यह है कि पश्चिमी प्रतिबंधों और कुछ यूरोपीय देशों द्वारा खरीद से परहेज के कारण रूसी तेल अन्य अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क की तुलना में काफी छूट पर उपलब्ध था। इसके परिणामस्वरूप भारत के रूसी तेल आयात में काफी वृद्धि देखी गई। भारत के कच्चे तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी अल्पावधि में एक प्रतिशत से बढ़कर अल्पावधि में 40-44 प्रतिशत तक पहुंच गई। रितोलिया ने बताया कि ब्रेंट एवं दुबई जैसे बेंचमार्क या लागत के आधार पर पश्चिम एशिया 'ग्रेड' की तुलना में रूस से उल्लेखनीय छूट पर कच्चे तेल की पेशकश जारी है। उन्होंने कहा, "भारत में रूसी बैरल का मजबूत प्रवाह आर्थिक, परिचालन और भू-राजनीतिक कारकों के संयोजन से प्रेरित है।" रूस से यूराल क्रूड की कीमत में एक प्रमुख लाभ निहित है, जो कि हमेशा बहुत अधिक छूट पर नहीं होता है लेकिन पश्चिमी अफ्रीकी और पश्चिम एशिया 'ग्रेड' की तुलना में काफी सस्ता रहता है।

## इंदौर दंपति मामले में हत्या का केस दर्ज, एसआईटी करेगी केस की जांच



**जागरण, इंदौर।** इंदौर के नवविवाहित दंपति सोहरा (मेघालय) से लापता हो गए थे। पुलिस को 11 दिन के सर्च ऑपरेशन के बाद राजा का शव वीसावडोंग के पास गहरी खाई में मिला था। अब उनकी पत्नी सोनम की तलाश जारी है। इस मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है और जांच के लिए एसआईटी गठित की है। हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद कर लिया गया है। यह एक खेती में इस्तेमाल होने वाला औजार है।

लापता पत्नी की तलाश में सर्चिंग जारी है। शव को सबसे पहले ड्रोन ने गहरी खाई में सुबह 11.48 बजे देखा। दुर्गम इलाके से पुलिस शव पार्किंग लॉट तक लाई। जहां 3.30 से 4 बजे के बीच मजिस्ट्रेटी जांच की गई। घटनास्थल से एक महिला की सफेद शर्ट, पेंट्रा 40 की स्ट्रिप, वीवो मोबाइल की टूटी एलसीडी स्क्रीन और मृतक की कलाई से स्मार्ट वॉच जब्त की गई है।

### हत्या की जांच में जुटी एसआईटी

पुलिस ने अब तक किसी भी संभावना को खारिज नहीं किया है, यहां तक कि हत्या की आशंका बरकरार है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाई गई है। मृतक की पत्नी सोनम रघुवंशी अब भी लापता है और उसका कोई सुराग नहीं मिला है। कठिन मौसम और चुनौतीपूर्ण इलाके के बावजूद पुलिस, एसडीआरएफ, एसओटी और वेस्ट जयंतिया हिल्स डिस्ट्रिक्ट एडवेंचर माउंटेनियरिंग क्लब की टीमें सर्च अभियान चला रही हैं।

### हम प्रोफेशनल फोर्सेस, नुकसान और झटकों से प्रभावित नहीं होते

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने पुणे विश्वविद्यालय में भविष्य के युद्ध और युद्धकला विषय पर अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। उन्होंने बताया कि यह ऑपरेशन दर्शाता है कि युद्ध केवल स्ट्राइक नहीं, बल्कि राजनीति का भी हिस्सा होता है। ऑपरेशन सिंदूर में युद्ध और राजनीति एक साथ चल रहे थे। जनरल चौहान ने कहा, हम प्रोफेशनल फोर्सेस के रूप में नुकसान और झटकों से प्रभावित नहीं होते। हमें अपनी गलतियों को समझकर सुधारना चाहिए। युद्ध में नुकसान से ज्यादा नतीजा मायने रखता है। ऑपरेशन सिंदूर एक ऐसी युद्ध नीति का उदाहरण था जिसमें काइनेटिक और नॉन-काइनेटिक दोनों तरह के युद्ध कौशल इस्तेमाल हुए।

## माइक्रोसॉफ्ट करने जा रही छंटनी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दुनिया की जानी-मानी टेक कंपनियों में एक है अमेरिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट। यहां पर काम करने का आईटी से जुड़े प्रोफेशनल्स का एक बड़ा सपना होता है। लेकिन अब माइक्रोसॉफ्ट ने एआई के इस बदलते युग में लोगों को नौकरी देने की बजाय अब उनसे उल्टा नौकरी छीनने में लगा हुआ है। पिछले महीने 6000 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाने के बाद फिर से माइक्रोसॉफ्ट ने 300 से भी ज्यादा लोगों को नौकरी से बाहर करने के दूसरे राउंड की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी के काम को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट ये कदम उठाने जा रहा है। हालांकि, हाल में अब तक की सबसे बड़ी छंटनी के बाद किस डिपार्टमेंट से स्टाफ को निकाला जाएगा। इस बारे में अभी स्थिति साफ नहीं है। माइक्रोसॉफ्ट के प्रवक्ता ने कहा कि बाजार के अनुरुप कंपनी अपने आपमें सुधार लाने के संस्थागत आवश्यक बदलाव करती रहती है।

**एआई से ली जाएगी मदद :** गौरतलब है कि माइक्रोसॉफ्ट ने एक तरफ जहां अपने वर्क फोर्स में कटौती का ऐलान किया है तो वहीं दूसरी तरफ तो एआई में निवेश कर उससे कोडिंग और अन्य टेक्निकल कामों में मदद ली जा रही है। जून 2024 के डेटा के मुताबिक, इस अमेरिकी टेक कंपनी में 2,28,800 फुल टाइम कर्मचारी थे।

**शोध** | एम्स भोपाल और पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन के बीच हुआ समझौता

# पतंजलि के दावे को परखेगा एम्स, लिवर-सांस की दवाइयों पर होगा शोध

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** प्राचीन उपचार पद्धति आयुर्वेद के प्रति लोगों का रुझान अब तेजी से बढ़ रहा है। कोरोना के बाद से लोगों में आयुर्वेद इलाज के प्रति आकर्षण बढ़ा है। लोगों की डिमांड को देखते हुए बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि ने दो दवाईयां ईजाद की हैं। पतंजलि का दावा है कि यह दवाइयां फैटी लिवर और श्वांस रोग को ठीक करने में कारगर हैं। कंपनी के इस दावे को एम्स भोपाल अपनी कसौटी पर परखेगा। इसीलिए मंगलवार को एम्स भोपाल और पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन के बीच एक समझौता हुआ है। जिसमें एम्स की प्रयोगशाला और एक्सपर्ट मिलकर पतंजलि की दोनों दवाओं का मरीजों के ऊपर प्रभाव टेस्ट करेंगे। यह शोध करीब तीन से छह महीने तक चलेगा। इसके बाद पता चलेगा कि दवाईयां कितनी असरकारी हैं। इसके लिए एम्स भोपाल और पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन (हरिद्वार) के बीच एमओयू (समझौता ज्ञापन) किया गया है। इस पर एम्स के डीन (अनुसंधान) डॉ. रेहान उल हक और पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने हस्ताक्षर किए।



**फैटी लिवर के लिए बनाई टेबलेट:** नॉन एल्कोहोलिक फैटी लिवर डिसीज के लिए पतंजलि द्वारा लिवोग्रिट नाम की टेबलेट निर्मित की गई है। यह कई औषधियों से मिलकर बनी है। कंपनी की ओर से बताया गया कि एलोपैथी पद्धति में लिवर के इलाज के लिए कोई कारगर औषधि नहीं है। हमारी यह दवा मरीजों को बहुत फायदा पहुंचाएगी।

**एलर्जिक राइनाइटिस के लिए ब्रोंकोम दवा :** पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने बताया कि फैटी लिवर के अलावा दूसरी दवा हमने एलर्जिक राइनाइटिस के लिए तैयार की है। जिसका नाम ब्रोंकोम है। इस दवा का भी परीक्षण किया जाएगा।

### नतीजे होंगे सार्वजनिक गंभीर मरीजों पर नहीं होगा ट्रायल

कंपनी की ओर से यह भी कहा गया है कि शोध पूरा होने के बाद जो भी रिजल्ट आएगा, उसे सार्वजनिक किया जाएगा। वहीं एम्स के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अंजन कुमार साहू ने बताया कि यह रिसर्च 90 दिन तक चलेगी। इसके बाद हर ग्रुप के मरीजों के रिजल्ट का असेसमेंट किया जाएगा। रिसर्च के पहले चरण में गंभीर मरीजों को शामिल नहीं किया जाएगा। यदि इसके रिजल्ट अच्छे आते हैं तब आगे की योजना तैयार की जाएगी। फिलहाल एलेर्जिक राइनाइटिस और फैटी लिवर की एलोपैथ में कोई विशेष दवा मौजूद नहीं है।

### ऐसे होगा शोध

जानकारी के मुताबिक पहले चरण में एलर्जिक राइनाइटिस और फैटी लिवर के मरीजों पर शोध किया जाएगा। इसके लिए मरीजों के तीन ग्रुप तैयार किए जाएंगे। एक ग्रुप को सिर्फ एलोपैथी दवाएं दी जाएंगी, दूसरे ग्रुप को एलोपैथी के साथ पतंजलि की दवाएं भी दी जाएंगी और तीसरे ग्रुप के मरीजों को सिर्फ पतंजलि की दवाएं ही दी जाएंगी। इस पूरी रिसर्च के लिए एम्स को पतंजलि द्वारा मुफ्त में दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। करीब 90 दिन के शोध के बाद आंकलन किया जाएगा। इसमें मरीजों पर इसका असर, लैब में सेल्स पर इसका असर और अन्य कैमिकल्स के साथ इनके रिएक्शन की जांच होगी। ऐसा शोध आठ बीमारियों पर किया जाएगा।

## कोरोना के 65 नए मामले आए, पांच मरीजों की मौत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। मंगलवार शाम को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी नए आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटों में 65 नए मामले सामने आए हैं, साथ पांच लोगों की मौत हो गई है।

यही नहीं, मंगलवार को एक्टिव मामलों की संख्या बढ़कर 4026 हो गई, जबकि बीते दिन 3961 एक्टिव मामले थे। इस समय देश में कोरोना से सबसे अधिक केरल प्रभावित है। उसके बाद महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली का स्थान है। हालांकि, पिछले 24 घंटों में जिन मरीजों की मौत हुई है, उनमें से चार बुजुर्ग हैं, जिन्हें मधुमेह, उच्च रक्तचाप और निमोनिया जैसी बीमारियां पहले से थीं। पांच मृतकों में एक केरल, दो महाराष्ट्र, एक पश्चिम बंगाल और एक तमिलनाडु का है। साथ ही इस साल जनवरी से लेकर अब तक कोरोना से 37 लोगों की मौत हो चुकी है। उधर, केरल सरकार ने कारोना के लिए नई गाइडलाइन जारी कर दी है, जिसमें लोगों से सोशल डिस्टेंस बनाने का अनुरोध किया गया है।

### संभल में बकरीद पर खुले में कुर्बानी पर लगी पाबंदी

**संभल, जेएनएन।** बकरीद के त्योहार को लेकर संभल जिला प्रशासन ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों या खुले स्थानों पर जानवरों की कुर्बानी की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति निर्देश नहीं मानता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने बताया कि शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें उन क्षेत्रों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए जहां ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज अदा की जाएगी।

### जनपद पंचायत मऊगंज में 43 लाख के फर्जी भुगतान का मामला

# जनपद सदस्यों ने ज्ञापन सौंपकर कलेक्टर से की कड़ी कार्रवाई की मांग

## कलेक्टर ने दिया निष्पक्ष जांच का आश्वासन



**मऊगंज ब्यूरो।** जनपद पंचायत मऊगंज में हुए 43 लाख रुपए के फर्जी भुगतान का मामला अब कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन के संज्ञान में आया है। मामले को लेकर जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष राजेश पटेल, जनपद सदस्य शेख मुख्तार सिद्दीकी, नरेंद्र तिवारी कवि, समय लाल कोल, राकेश विश्वकर्मा, गिरिजा प्रसाद साकेत समेत कई जनपद सदस्यों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। शिकायती आवेदन में जनपद सदस्यों ने आरोप लगाया है कि जनपद पंचायत मऊगंज में पदस्थ पीसीओ प्रभारी, बीपीओ प्रभारी, सीईओ (प्रशासनिक) राम कुशल मिश्रा एवं ए.बी. खरे (प्रभारी सीईओ) की मिलीभगत से लगभग 43 लाख रुपए का फर्जी भुगतान किया गया है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में लंच पैकेट वितरण के लिए जारी किए गए टेंडर में जिस एजेंसी को भुगतान होना था, उसकी जगह एमकेएस नामक संस्था के खाते में रु 20,21,915 का फर्जी भुगतान किया गया। यह भुगतान सीधे प्रशासनिक सीईओ राम कुशल मिश्रा द्वारा कराया गया। इसके अलावा प्रदीप इंटरप्राइजेज को रु 9,43,580 तथा अन्य कई एजेंसियों को भी अनियमित और फर्जी तरीके से भुगतान करने का आरोप लगाया गया है। जनपद सदस्यों ने कलेक्टर संजय कुमार जैन को सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा, जिसमें न सिर्फ दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई, बल्कि राशि की वसूली और भविष्य में ऐसी अनियमितताओं को रोकने की ठोस व्यवस्था करने की बात भी शामिल है। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जनपद सदस्यों को आश्वस्त किया कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस पूरे मामले की जांच जिला पंचायत रीवा के सीईओ से कराने के निर्देश जारी कर दिए हैं। मऊगंज क्षेत्र में यह मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है और आम जनता भी प्रशासनिक पारदर्शिता और दोषियों पर त्वरित कार्रवाई की मांग कर रही है।

# त्योंथर विधायक ने जनसुनवाई में सुनी समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश



**त्योंथर ब्यूरो।** रिमझिम बारिश के बीच विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने विश्राम गृह त्योंथर में जनसुनवाई कर आम जन की समस्याओं को सुना और उनके तत्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर उन्होंने कहा कि सरकार का काम केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। जब हम जनसुनवाई में जन-जन की समस्याओं का समाधान करते हैं, तो यह हमारी जवाबदेही का प्रमाण है। यह कार्य वही सरकार कर सकती है, जो ईमानदारी से जनता के लिए काम करती हो। और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार यह कार्य कर रही है। इस पूरी पहल का सबसे बड़ा संदेश उन्होंने कहा कि जन सुनवाई उनके लिए सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता से जुड़े रहने का जीवंत माध्यम है। विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि जनता की सेवा करना और उनकी समस्याओं का निराकरण करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निपटारा सुनिश्चित करें, ताकि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी न हो। विधायक ने कहा कि हमारी सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के प्रति प्रतिबद्ध है। मैं खुद व्यक्तिगत रूप से त्योंथर की सेवा के लिए कृतसंकल्पित हूं और जनता की भलाई के लिए हर संभव प्रयास करता रहूंगा। सरकार की योजनाओं का लाभ जनता तक सीधे पहुंचे, यह हमारा उद्देश्य है। इस अवसर विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी समेत बड़ी संख्या क्षेत्रीय जनमानस की मौजूदगी रही।

# दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा रेलिंग विहीन सितलहा पुल



**जवा ब्यूरो ।** लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग रीवा अंतर्गत टमस नदी के जवा सितलहा मार्ग में बना पुल विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के चलते पुल में जगह-जगह गड्ढे हैं। वही रेलिंग के अभाव में आये दिन पुल से गिरकर एक ओर जहां दुर्घटनाओ का शिकार हो रहे हैं। एक वर्ष में आधा दर्जन पुरूष एवं महिलाओं ने पुल से कूद कर अपनी जान दे चुके हैं। जबकि पुल में माह अक्टूबर में रेलिंग लग जानी चाहिए थी, लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते अभी तक उक्त पुल में रेलिंग नहीं लगाई गई हैं, जबकि उक्त पुल से स्कूली बच्चों का आना-जाना रहता है और हजारों की संख्या में बड़े वाहनों की आवा-जाही बनी रहती, लेकिन इस और किसी भी जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है, विगत वर्ष रेलिंग विहीन पुल की समस्या को दैनिक जागरण समाचार पत्र ने प्रमुखता के साथ उठाया था, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने गंभीरता से नहीं लिया था और एक बडे हादसे का शिकार वृद्ध महिला को होना पड़ा था, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धानेन्द्र द्विवेदी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शिवबालक पाण्डेय ने संयुक्त विज्ञाप्ति जारी करते हुए जिला कलेक्टर से जल्द से जल्द सितलहा पुल में रेलिग, एवं त्योंथर पुल की भांति जाली लगाएं जाने की मांग की है।

# 42 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क वितरित की गई दवाइयां



**गुढ़(नि.प्र) ।** इंजी.स्वर्गीय संजय गुप्ता की याद में गठित समिति श्री संजय गुप्ता स्मृति सेवा संस्थान गुढ़ द्वारा माह की प्रत्येक 3मई को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व उपलब्ध दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया जाता है। जिसके क्रियान्वयन में नववर्ष जनवरी 2024 से प्रथम स्वास्थ्य शिविर के रूप में शुरूआत करते हुए 03 जून 2025 दिन मंगलवार को अठारहवां निःशुल्क शिविर का आयोजन समय सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक स्वामी विवेकानंद क्लिनिक गुढ़ में किया गया जिसमें 42 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण डॉ.बृजेश कुमार गुप्ता एवं डॉ.आरती गुप्ता, डॉ.आकांक्षा गुप्ता एवं डॉ.साक्षी गुप्ता द्वारा किया गया। शिविर में निःशुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेसर की जांचे भी निःशुल्क की गई। ज्ञात हो कि उक्त स्वास्थ्य शिविर प्रत्येक माह की 3 मई को नियमित रूप से आयोजित किया जाता व निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। अगला शिविर 3 जुलाई 25 को आयोजित किया जाएगा।

# अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच का राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न



### गुढ़ के कई अधिवक्ताओं ने लिया हिस्सा

**गुढ़ (नि.प्र) ।** विगत दिनों अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच का स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं ग्रंथालय कन्वेंशन सेंटर दिल्ली में मंच का राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया गया अधिवेशन के मुख्य अतिथि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड.चंद्र कुमार बलेजा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से मंच के पदाधिकारी व अधिवक्ता गणों ने हिस्सा लिया। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में अधिवक्ताओं के हित-सम्मान व सुरक्षा व एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय विधि मंत्री का ध्यान आकर्षित कराया गया। राष्ट्रीय अधिवेशन में मुख्य रूप से राष्ट्रीय प्रशासनिक मंत्री एड.मनोज संनपाल, एड.कैलाश नारायण गौतम, एड.वैभव जैन, एड. करण सिंह शाक्य, एड.माधव मालवीय व महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी गण व मंच के अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। अधिवेशन के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति का अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के राष्ट्रीय सचिव संजय सोनी एडवोकेट ने आभार ज्ञापित किया है।

# स्वास्थ्य जागरुकता एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**गढ, नि.प्र.।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ में स्वास्थ्य जागरुकता एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन 31 मई को शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय (एच. डब्लू. सी.) गढ द्वारा किया गया । शिविर मे औषधालय प्रभारी अपर्णा सिंह द्वारा दिनचर्या, ऋतुचर्या, योगाभ्यास एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय बताये गये एवं आयुर्वेद की औषधियां वितरित की गई। इस दौरान आयुर्वेद औषधालय गढ के स्टाफ फूलकुमारी सिंह, ममता शर्मा, अमित पाण्डेय एवं रामनरेश रावत का सराहनीय योगदान रहा। शिविर को सफल बनाने में विद्यालय परिवार के प्राचार्य देवेश साकेत एवं समस्त स्टाफ परिवार का सराहनीय योगदान रहा ।

# बारात के लिए निकली 4 गुमशुदा बालिकाएं दस्तयाब

## गाडरवाड़ा में ट्रेन रुकवाकर किया सुरक्षित दस्तयाब



**सेमरिया, नि.प्र.।** पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल सिंह एवं एसडीओपी सिरमौर उमेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरी. श्रृंगेश सिंह राजपूत की अगुवाई मे 04 गुमशुदा बालिकाओं को दस्तयाब किया गया। थाना सेमरिया पुलिस को 02 मार्च 2025 को सूचना मिली की ग्राम बम्हौरी के परिजनों द्वारा थाना उपस्थित आकर सूचना दी गई कि 04 लडकियां एक साथ बारात के लिये गांव में निकली थी लेकिन चारों लडकियां घर वापस नहीं आई । उक्त घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुये मामले को गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुये 02 लड़कियां नाबालिग एवं 02 लड़कियां बालिग होने से अपहृता बालिकाओं के अपहरण से संबंधित धारा 137(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया एवं अन्य लड़कियों के संबंध में गुम इंसान पंजीबद्ध कर आसपास के स्थानों में एवं जिला सतना में पतासाजी की गई एवं सायबर सेल की मदद से जानकारी प्राप्त हुई कि गुमशुदा मुम्बई की ओर जा रही हैं । गुमशुदा की जानकारी जीआरपी गाड़रवाड़ा एवं पुलिस थाना गाड़रवाड़ा को दी जाकर चिन्हित कर थाना सेमरिया के पुलिस बल को तत्काल गाड़रवाड़ा रवाना किया गया। ट्रेन के गाड़रवाड़ा में रूकने पर चारों गुमशुदा लड़कियों को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में निरी. श्रृंगेश सिंह राजपूत, उनि. लंकेश वर्मा, सउनि रामकृष्ण गौतम, आर.824 सुजीत शर्मा, आर.217 शैलेन्द्र सूर्यवंशी, महिला आर. 712 मेघा पटेल एवं गाड़रवाड़ा जीआरपी एवं थाना पुलिस शामिल रहे।

# तराई आंचल के पुलिस थानों में आधे से ज्यादा पद खाली

## पुलिस बल की कमी के चलते चौकी बीरपुर में लटक रहा ताला




**जवा ब्यूरो।** संवाददाता के अनुसार रीवा जिले के तरायी आंचल यूपी सीमा से लगा पुलिस अनुभाग डभौरा पुलिस बल की भारी कमी से जूझ रहा है। पुलिस अनुभाग डभौरा अंतर्गत आने वाले पुलिस थाना जवा, पुलिस थाना पनवार, पुलिस थाना अतरैला, पुलिस थाना डभौरा मे पुलिस बल की भारी कमी है। शासन द्वारा स्वीकृति आरक्षक प्रधान आरक्षक सहायक उपनिरीक्षक वाहन चालक कंम्पयूटर आपरेटर के आधा से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं। संवाददाता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक ओर थानों में पुलिस बल की कमी के चलते एक ओर जहां विभागीय कार्य प्रभावित होता है। वहीं बढ़ते अपराध नशाखोरी चोरी लूट सहित अन्य अपराधिक घटनाओं का खुलासा तक नहीं हो पाता है जिसका खामियाजा आम जनमानस को भुगतना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि पुलिस अनुभाग डभौरा अंतर्गत आने वाले पुलिस थाना जवा में स्वीकृत 20 पदों में सहायक उपनिरीक्षक के 2पद, प्रधान आरक्षक के 3पद,आरक्षक के 6पद, खाली पड़े हुए हैं, पुलिस थाना अतरैला में सहायक उपनिरीक्षक के 1, प्रधान आरक्षक के 3पद, आरक्षक के 5पद खाली पड़े हुए हैं, पुलिस थाना पनवार में सहायक उपनिरीक्षक के 2पद, प्रधान आरक्षक 3पद, आरक्षक के 7 पद खाली पड़े हुए हैं, पुलिस थाना डभौरा में सहायक उपनिरीक्षक 1, प्रधान आरक्षक 3,आरक्षक 5पद खाली पड़े हैं, पनवार थाना अंतर्गत पुलिस चौकी बीरपुर में सहायक उपनिरीक्षक 1पद, प्रधान आरक्षक 1पद, आरक्षक के 6पद खाली होने से पुलिस चौकी बीरपुर में ताला लटका हुआ है जिसके चलते चौकी बीरपुर का संचालन बंद पड़ा हुआ है। इसी तरह अतरैला थाना अंतर्गत पटेहरा एवं डभौरा थाना अंतर्गत हड़हाई चौकी में भी पुलिस बल की भारी कमी के चलते पुलिस गश्त सहित समस्त विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

# आगजनी से गृहस्थी का सामान जलकर खाक



**मनगवां नि.प्र.।** आगजनी की घटना ग्राम आलमगंज, तहसील मनगवां, में गीता पाण्डेय, पुत्री राजकुमार पाण्डेय (राजू) के निवास स्थान पर सोमवार की रात्रि शाम लगभग 7 बजे हुई, आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही समय में पूरा घर जलकर खाक हो गया। इस हादसे में घर का सारा सामान, अनाज, फर्नीचर, कपड़े, लकड़ी आदि पूरी तरह से नष्ट हो गया है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन गांव के लोगों की तत्परता एवं मनगवां से पहुँची फायर ब्रिगेड की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। संवाददाता के अनुसार इस घटना से पीड़ित परिवार पूरी तरह से बेघर हो गया है और अब दाने-दाने को मोहताज है। वर्तमान में उनके पास रहने, खाने या जीवन यापन का कोई साधन नहीं बचा है। यह परिवार बेहद आर्थिक संकट में है। ग्राम पंचायत आलमगंज एवं ग्रामीणों ने शासन एवं प्रशासन से निवेदन किया है कि इस पीड़ित परिवार को शीघ्र अति शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, जिससे वे पुनः सामान्य जीवन शुरू कर सकें।

# मुख्यालय से नदारद रहते हैं अधिकारी सहित कर्मचारी

## रीवा में रहकर कर रहे हैं नौकरी आग्रह पर आते हैं कार्यालय




**आंचलिक डेस्क।** मऊगंज जिले का गठन हुए दो साल पूरे होने को आए हैं लेकिन जिले की प्रशासनिक व्यवस्था अभी भी बेपटरी है जिसका प्रमुख कारण अधिकारियों एवं कर्मचारियों का कार्यालय से नदारद रहना है। जिले के अधिकांश आला अधिकारी अभी भी रीवा शहर में जमें हुए हैं तथा विशेष आग्रह में ही कार्यालय उपस्थित होते हैं तथा रीवा में रहकर ही कार्यालय के कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी विभागों के लगभग 60 फीसदी अधिकारी आज भी रीवा में ही रहकर नौकरी कर रहे हैं। इन अधिकारियों ने कागजों में किराए के मकानों में अपना निवास दिखा रखा है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है ये अधिकारी 70 से 80 किमी की दूरी तय करके नौकरी कर रहे हैं। ऐसे अधिकारियों की संख्या इन विभागों जैसे खाद्य सुरक्षा विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, राजस्व, जनपद, आबकारी, पीडब्ल्यूडी, पीएचई, महिला एवं बाल विकास, नगर परिसद् प्रमुख हैं। इन विभागों के अधिकारी पदस्थ तो मऊगंज जिले में है लेकिन रीवा अभी भी इनका पसंदीदा जगह बना हुआ है। अधिकारियों के साथ पटवारी भी इनसे पीछे नहीं है, पदस्थ तो मऊगंज में है लेकिन शाम होते ही ये मऊगंज जिला को छोड़कर रीवा पहुंच जाते हैं जहां से वह नियमित रहकर नौकरी कर रहे हैं। शासन की कल्याणकारी योजनाएं इन नदारद अधिकारी-कर्मचारी की अनुपस्थिति के कारण उदासीनता की भेंट चढ़ रही हैं तथा आमजन मानस अपने कार्यों को पूरा कराने के लिए केवल इंतजार ही करते रह जाते हैं तथा इन अधिकारियों की खाली कुर्सी देखकर मायूस होकर अपने घर लौट जाते हैं।

# ग्राम आंबी मुरली में वित्तीय साक्षरता से जागरूक हुए ग्रामवासी




**मऊगंज ब्यूरो।** ग्राम पंचायत बहेरा नानकार अंतर्गत ग्राम आमी मुरली में वित्तीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनिता शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र रहे । वही कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के वरिष्ठ नागरिक कामता प्रसाद शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मिश्र ने भारत सरकार की विभिन्न योजनाएं जैसे जन सुरक्षा अभियान के तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना, एजुकेशन लोन, किसान क्रेडिट कार्ड, सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी और कहा कि आप सभी बैंक से जुड़कर इन सभी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं ।

सरकार की योजनाएं बहुत होती हैं परंतु जानकारी के अभाव में लोगों को लाभ नहीं मिल पाता है इसलिए सरकार ने आप लोगों के लिए इतने अच्छे आयोजन कर रही है ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न हो तथा वर्तमान में साइबर फ्रॉड बहुत अधिक हो रहा है। फोन के माध्यम लोगों की गोपनीय जानकारी मांगी जाती है। कृपया आप लोग सावधान रहें, फोन के माध्यम से कोई भी अपनी गोपनीय जानकारी या ओटीपी न बताएं। आपकी सावधानी ही प्रमुख सुरक्षा है । यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, मऊगंज में खुला हुआ है वहां पर गरीबी रेखा के अंतर्गत जीवन यापन करने वाले परिवारों को जिनकी उम्र 18 साल से 45 साल के बीच है उनको निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है और प्रशिक्षण लेने के पश्चात बैंक से लोन लेकर अपना स्वयं का व्यापार शुरू कर सकते हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री शुक्ल ने कहा कि यह हमारे गांव का सौभाग्य है कितना सुंदर आयोजन किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनीता शर्मा मीणा साकेत सविता शुक्ला सावित्री मिश्रा सहायिका गीता कुशवाहा आशा कार्यकर्ता मिथिलेश तिवारी अनीता मिश्रा सावित्री साकेत राम छबीला कुशवाहा ओम शर्मा सीता गोस्वामी सुष्मिता सेन कामिनी शर्मा सहित सैकड़ों महिला एवं पुरुष हितग्राही उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आशा कार्यकर्ता मिथिलेश तिवारी द्वारा आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान : खरीफ की पूर्व तैयारी को लेकर केंद्र व राज्य सरकारें सक्रिय

## गंगेव जनपद में चल रहा जागरुकता अभियान



**गढ़, नि.प्र.।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत चौरी, सिसवा और लालगांव ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में कृषि वैज्ञानिकों व अधिकारियों ने किसानों को तकनीकी जानकारी दी । खरीफ फसलों के उत्पादन को लक्ष्य बनाकर भारत सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत की गई है, जिसे राज्य सरकार ने प्राथमिकता देते हुए जमीनी स्तर पर प्रभावशाली रूप में लागू किया है। इस अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत गंगेव के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, विभागीय योजनाओं और वैज्ञानिक तरीकों से खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

**चौरी ग्राम पंचायत में उमड़ा किसानों का उत्साह :** ग्राम पंचायत चौरी में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में भारी संख्या में किसान उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच लल्ला कोल ने की। प्रमुख रूप से उपस्थित रहे कृषि वैज्ञानिक डॉ. ए.के. पटेल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सरल, आत्मा परियोजना से बीटीएम दीपक श्रीवास्तव, क्षेत्रीय कृषि अधिकारी राजकुमार शर्मा, युगल किशोर प्रधान, आदर्श पांडे, एवं पशुपालन विभाग से वैशाली। कार्यक्रम में किसानों को मृदा परीक्षण की अनिवार्यता, उन्नत बीजों का चयन, फसल चक्र का महत्व, जल-संरक्षण विधियाँ, जैविक और प्राकृतिक खेती की दिशा में उठाए जा रहे , तथा फसल बीमा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि कैसे सरकार की योजनाएँ सीधे किसानों के हित में बनाई गई हैं और उनका लाभ लेने के लिए तकनीकी जागरूकता आवश्यक है।

**सिसवा पंचायत में बागवानी व पशुपालन पर विशेष फोकस :** ग्राम पंचायत सिसवा में भी अभियान के तहत व्यापक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरपंच उपेंद्र पांडे की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में वही कृषि विशेषज्ञ एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इस शिविर में किसानों को एकीकृत कृषि प्रणाली, पोषण वाटिका योजना, ड्रिप व स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली, फल-फूल उत्पादन हेतु नवीन किस्में, और पशुपालन को आय का स्रोत बनाने जैसे विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। उद्यान विस्तार अधिकारी राहुल पाटीदार ने उद्यानिकी विभाग की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की, जबकि वैशाली ने पशुपालन विभाग की योजनाओं जैसे राष्ट्रीय गोकुल मिशन, डेयरी योजनाएं और पशु चिकित्सा सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

### लालगांव में महिला नेतृत्व में हुआ सफल आयोजन

ग्राम पंचायत लालगांव में सरपंच ज्योत्सना कोल की अध्यक्षता में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में भी किसानों का उत्साह देखने लायक था। उपस्थित अधिकारियों और विशेषज्ञों ने यहां भी किसानों को खरीफ मौसम के लिए तैयार होने, उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। डॉ. ए.के. पटेल ने कहा कि आने वाला मौसम चुनौतीपूर्ण हो सकता है ।



# आईपीएल ट्रॉफी जीतने वाली आरसीबी आठवीं टीम

## पंजाब को छह रन से हराकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जीती पहली ट्रॉफी

जेएनएन, अहमदाबाद

विराट कोहली और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 17 साल की नाकामियों और निराशाओं को आखिरकार भुलाते हुए पंजाब किंग्स को मंगलवार को छह रन से हराकर पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब अपने नाम किया। जीत तय होते ही अपने आंसू पर काबू नहीं पा सके विराट मैदान पर घुटने के बल बैठकर रो पड़े। उनके साथ ही 17 साल से 'ई साला कप नामडे' का मंत्र जप रहे आरसीबी के प्रशंसकों की आंखें भी नम हो गईं। अब तक तीन बार फाइनल में मिली नाकामी की यादें भी खुशी के इन आंसुओं में धुंधली हो गई। इसी के साथ आईपीएल को भी अपना एक नया चैंपियन मिल गया। आरसीबी की टीम आईपीएल की आठवीं चैंपियन टीम है। बल्लेबाजी की मददगार पिच पर खेले गए फाइनल में आरसीबी ने दबाव का बखूबी सामना करते हुए जुझारूपन नहीं छोड़ा और जीतकर ही दम लिया। मैदान पर 'कोहली कोहली' और 'आरसीबी आरसीबी' के शोर के बीच आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 190 रन बनाए, जिसमें कोहली ने 35 गेंद में 43 रन का योगदान दिया। 190 रन का स्कोर उतना बड़ा नहीं था, लेकिन क्रुणाल पंड्या की अगुआई में गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। प्लेयर ऑफ द मैच पंड्या ने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिए। वैसे मैच का निर्णायक पल रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर का विकेट था।

आखिरी ओवर में पंजाब को 29 रन चाहिए थे और जोश हेजलवुड ने दूसरी डॉट गेंद डालकर जीत तय कर दी। पंजाब के लिए शशांक सिंह (30 गेंद में 61 रन) के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चल सका। दूसरे क्वालिफायर में शानदार पारी खेलकर आए अय्यर एक रन बनाकर आउट हो गए। जोश इंगलिस ने 23 गेंद में 39 रन बनाए, लेकिन पंड्या ने 13वें ओवर में उन्हें लांग आन पर लपकवाया।



### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)




| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 759 |
| सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 717 |
| विराट कोहली (बेंगलुरु) | 657 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 650 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 25 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 24 |
| जोस हेजलवुड (आरसीबी) | 22 |
| ट्रेंट वोल्ट (मुंबई) | 22 |



### बाउंड्री मीटर



1290 छक्के
2243 चौके
142 अर्धशतक

771 चौके 259 आईपीएल पारियों में विराट कोहली के हो गए हैं। वे आईपीएल में सर्वाधिक चौके लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने शिखर धवन को पीछे छोड़ा।

### 2008 से 2024 तक आईपीएल विजेता

| वर्ष | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| 2008 | राजस्थान | चेन्नई |
| 2009 | डेक्कन | बेंगलुरु |
| 2010 | चेन्नई | मुंबई |
| 2011 | चेन्नई | बेंगलुरु |
| 2012 | कोलकाता | चेन्नई |
| 2013 | मुंबई | चेन्नई |
| 2014 | कोलकाता | पंजाब |
| 2015 | मुंबई | चेन्नई |
| 2016 | हैदराबाद | बेंगलुरु |
| 2017 | मुंबई | पुणे |
| 2018 | चेन्नई | हैदराबाद |
| 2019 | मुंबई | चेन्नई |
| 2020 | मुंबई | दिल्ली |
| 2021 | चेन्नई | कोलकाता |
| 2022 | गुजरात | राजस्थान |
| 2023 | चेन्नई | गुजरात |
| 2024 | कोलकाता | हैदराबाद |
| 2025 | बेंगलुरु | पंजाब |



### रजत के हाथ लगा स्वर्ण

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु हमेशा से बड़े नामों वाले खिलाड़ियों की फ्रेंचाइजी रही है। विराट कोहली के अलावा एबी डिविलियर्स, क्रिस गेल, अनिल कुंबले और राहुल द्रविड़ जैसे खिलाड़ियों ने प्रतिनिधित्व किया, लेकिन सफलता रजत पाटीदार की कप्तानी में मिली। आरसीबी ने आईपीएल 2025 से पहले मेगा ऑक्शन में रणनीति में बदलाव किया। फ्रेंचाइजी बड़े नामों के पीछे नहीं भागी। उसने युवा खिलाड़ियों पर भरोसा जताया।

### स्कोर बोर्ड

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : 190/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का. श्रेयस बो. जेमीसन | 16 | 9 | 2 | 1 |
| कोहली का. एंड बो. ओमरजाई | 43 | 35 | 3 | 0 |
| मयंक का. अर्शदीप बो. चहल | 24 | 18 | 2 | 1 |
| पाटीदार पगबाधा बो. जेमीसन | 26 | 16 | 1 | 2 |
| लिविंगस्टन पगबाधा बो. जेमीसन | 25 | 15 | 0 | 2 |
| जितेश शर्मा बो. विजयकुमार | 24 | 10 | 2 | 2 |
| शेफर्ड पगबाधा बो. अर्शदीप | 17 | 9 | 1 | 1 |
| क्रुणाल का. श्रेयस बो. अर्शदीप | 4 | 5 | 0 | 0 |
| भुवनेश्वर का. आर्य बो. अर्शदीप | 1 | 2 | 0 | 0 |
| यश दयाल नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** : 9, **कुल** : 20 ओवर में 9 विकेट पर 190 रन, **विकेट पतन** : 1-18, 2-56, 3-96, 4-131, 5-167, 6-171, 7-188, 8-189, 9-190, **गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-40-3, जेमीसन 4-0-48-3, ओमरजाई 4-0-35-1, विजयकुमार 4-0-30-1, चहल 4-0-37-1.

**पंजाब किंग्स : 184/7 (20)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश का. सॉल्ट बो. हेजलवुड | 24 | 19 | 4 | 0 |
| प्रभसिमरन का. भुवनेश्वर बो. क्रुणाल | 26 | 22 | 0 | 2 |
| इंग्लिस का. लिविंगस्टन बो. क्रुणाल | 39 | 23 | 1 | 4 |
| श्रेयस का. जितेश बो. शेफर्ड | 1 | 2 | 0 | 0 |
| वढेरा का. क्रुणाल बो. भुवनेश्वर | 15 | 18 | 0 | 1 |
| शशांक सिंह नाबाद | 61 | 30 | 3 | 6 |
| स्टॉयनिस का. यश बो. भुवनेश्वर | 6 | 2 | 0 | 1 |
| ओमरजाई का. भंडागे बो. यश | 1 | 2 | 0 | 0 |
| काइल जेमीसन नाबाद | 0 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** : 11, **कुल** : 20 ओवर में सात विकेट पर 184 रन, **विकेट पतन** : 1-43, 2-72, 3-79, 4-98, 5-136, 6-142, 7-145, **गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 4-0-38-2, यश दयाल 3-0-18-1, हेजलवुड 4-0-54-1, क्रुणाल 4-0-17-2, सुयश शर्मा 2-0-19-0, शेफर्ड 3-0-30-1.

सबके साथ आगे बढ़ता
जनजातीय समाज



राज्य स्तरीय
पेसा महासम्मेलन

मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

4 जून 2025 । अपराह्न 1:00 बजे
पाली ब्लॉक, जिला उमरिया



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

पेसा अधिनियम के माध्यम से पूर्ण हो रहा है पंचायती राज संस्थाओं एवं आदिवासी क्षेत्रों की ग्राम सभाओं के सशक्तिकरण का उद्देश्य

- गांव की जमीन और वन क्षेत्र के दस्तावेज बिना तहसील कार्यालय जाये सीधे पटवारी और बीटगार्ड से हो रहे हैं प्राप्त
- भू-अर्जन, खनिज सर्वे, पट्टा और नीलामी हेतु अनिवार्य है ग्राम सभा की सहमति और अनुशंसा
- लघु वनोपज एवं तेंदूपत्ता के संग्रहण और विपणन का अधिकार मिलने से अब जनजातीय समुदाय स्वयं तय करता है अपनी लघु वनोपज का मूल्य
- जलाशयों में मछली पालन एवं सिंघाड़ा उत्पादन का अधिकार मिलने से आमदनी में हो रही है वृद्धि
- सार्वजनिक स्थानों पर शराब को प्रतिबंधित करने एवं अवैध बिक्री रोकने का अधिकार अब ग्राम सभा के पास
- गलत तरीके से आदिवासियों की जमीन खरीदने या कब्जा करने पर ग्राम सभा का हस्तक्षेप । नहीं हो सकता अब उनके साथ छल-कपट



आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025 D-11037/25 सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

## कृषि उत्पादन आयुक्त 18 जून को करेंगे समीक्षा

**रीवा।** कृषि उत्पादन आयुक्त कलेक्ट्रेट सभागार रीवा में 18 जून को आयोजित बैठक में कृषि विकास की समीक्षा करेंगे। बैठक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगी। बैठक में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, सहकारिता विभाग एवं उनसे जुड़ी विभिन्न संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

## ज्ञानोदय स्कूल में 11वीं में प्रवेश प्रक्रिया जारी

**रीवा।** आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय रीवा में कक्षा 11वीं में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए गणित संकाय, जीव विज्ञान संकाय तथा वाणिज्य संकाय में प्रवेश दिया जा रहा है। इनमें अनुसूचित जाति बालक और अनुसूचित जाति बालिकाओं के लिए प्रवेश का अवसर है।

## गैरेज से हीरो होण्डा बाइक चोरी

**जागरण, रीवा।** मैदानी क्षेत्र स्थित एक गैरेज से सोमवार शाम करीब 7 बजे एक हीरों होण्डा बाइक चोरी हो गई। चोर गैरेज संचालक की ही बाइक चुराकर ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैदानी क्षेत्र में निवासरत राहुल पिता रामजी सोनी मैदानी क्षेत्र में ही सहकारी उचित मूल्य दुकान के समीप ऑटो गैरेज संचालित करते हैं। सोमवार को उन्होंने अपनी हीरो होण्डा बाइक क्रमांक एमपी-17-एमडी-0605 गैरेज के सामने ही खड़ी की थी, शाम करीब सात बजे देखे तो बाइक वहां से नदारद थी। आसपास तलाश करने पर जब बाइक दिखाई नहीं दी तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौका मुआयना कर विभिन्न थानों सहित चौराहे पर तैनात पुलिस कर्मियों को बाइक चोरी की सूचना पहुंचाई। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर लिया है।




## महिला ने लगाया गैंगरेप का आरोप

### सगरा थाना क्षेत्र से आई महिला ने एसपी से की शिकायत

**जागरण, रीवा।** सगरा थाना क्षेत्र से आई एक महिला ने घर में घुसकर गैंगरेप की शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर की है। महिला ने गांव के ही एक आरोपी सहित दूसरे अज्ञात व्यक्ति के बारे में अपने साथ हुई घटना पर आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक वह सगरा थाना भी गई थी लेकिन वहां उसकी सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित महिला के मुताबिक घटना 10 दिन पुरानी है। आरोपियों ने उसके घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया था। महिला ने बताया कि पति नशे का आदी है, जिसके कारण कुछ लोग उसके पति को गांजा और शराब पिलाकर उसे अचेत कर दिया, जिसके बाद घटना को अंजाम दिया गया। महिला ने कहा कि उसे न्याय चाहिए जिसके लिए वह भटक रही है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची महिला ने मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग की है। महिला की शिकायत पर अब पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा ने बताया कि महिला द्वारा कल शिकायत की गई थी, जिसके बाद उसे बयान के लिए भी बुलाया गया था लेकिन महिला नहीं आई। पूरे मामले की जांच की जा रही है।




## बच्चों के विवाद में मारपीट, दोनों पक्षों ने दर्ज कराई शिकायत

**जागरण, रीवा।** बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छोटी सौर में बीती रात्रि दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। जिसमें कुछ लोगों को चोटें आई हैं। दोनों पक्ष द्वारा घटना की शिकायत बैकुंठपुर थाने में दर्ज कराई गई है। घायल धर्मराज शुक्ला निवासी ग्राम बड़ी सौर थाना बैकुंठपुर में जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि वह शौच क्रिया के लिए घर से बाहर निकाला था, इसी दौरान कुछ लोग बच्चों को पीट रहे थे जिसके बाद उन्होंने रोका तो उनसे भी मारपीट शुरू कर दी। घायल ने बताया कि मारपीट करने वालों में रोहिणी, संजू, महेश, सुभाष प्रजापति शामिल हैं। घटना की रिपोर्ट बैकुंठपुर थाने में दर्ज कराई है। थाना प्रभारी आरएस बागरी ने बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों से शिकायत मिली है, जिसके बाद मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। जो भी साक्ष्य सामने आएंगे उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## युवती ने शराब पीकर मचाया हंगामा

**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक युवती ने प्यार में धोखा मिलने के बाद शराब पीकर सड़क पर हंगामा मचा दिया। सुबह से लेकर शाम तक वह शराब के नशे में सड़क किनारे लेटी रही। इस दौरान उसे देखकर राहगीरों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक युवती एक युवक के साथ वहां आई थी और पास की शराब दुकान से शराब लेकर आई। उसने बोतल से सीधे शराब पी और फिर सड़क किनारे गिर पड़ी। नशे में वह प्रेमी को गालियां देती सुनाई दी। महिला की हालत को देखकर लोगों ने समझा कि वह बीमार या घायल है। सूचना मिलते ही मामला एसपी विवेक सिंह तक पहुंचा। उन्होंने तत्काल बिछिया थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवती को एक ऑटो में बैठाकर उसके घर छोड़ आई।








## भूमि अर्जन और पुनर्वासन संबंधी जनसुनवाई 5 जून को

**रीवा।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग हुजूर कार्यालय में 5 जून को सुबह 10 बजे से सार्वजनिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया है। यह जनसुनवाई तहसील हुजूर में ढेकहा तिराहे पर जंक्शन इम्प्रूवमेंट एवं सड़क निर्माण के लिए भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का 30) की धारा-5 के तहत की जा रही है। एसडीएम हुजूर वैशाली जैन ने क्षेत्र के हितबद्ध व्यक्तियों से सार्वजनिक जनसुनवाई में निर्धारित स्थान व समय में उपस्थित होने की अपेक्षा की है।




















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com